दैनिक
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | अभिव्यक्ति 3 | राजधानी 8 | राजनीतिक सरगर्मी 9 | खेल/बिजनेस

RNI NO.CHHHIN/2015/62431 रायपुर, गुरुवार 7 सितंबर 2023, शुक्ल पक्ष षष्ठी, विक्रम संवत-2080 वर्ष-12 अंक- 198 पृष्ठ-10 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

आज बेबाक

दुनिया में शायद ही कोई ऐसा देश होगा जिसके दो नाम हो। अमेरिका, चीन, रूस, जापान, फ्रांस, इटली से लेकर पाकिस्तान तक सभी का एक ही नाम है। सिर्फ भारत इसका अपवाद है। जिसे हिन्दी में भारत और अंग्रेजी में इंडिया कहा जाता है। आदिकाल से हमारे देश का नाम भारत रहा है लेकिन अंग्रेजों ने इसे इंडिया नाम दिया था। जी-20 के निमंत्रण पत्र में प्रेसिडेंट ऑफ भारत लिख दिया गया है तो इसे लेकर अब राजनीतिक महाभारत शुरू हो गया है। जो समझ से परे है। कायदे से एक देश का एक ही नाम होना चाहिए।

कृष्ण जन्माष्टमी आज

धैर्य कुमार

18 सितंबर को शुरू होने वाले संसद के विशेष सत्र से 12 दिन पहले

सोनिया की पीएम को चिट्ठी 9 मुद्दों पर चर्चा करें सरकार

नई दिल्ली (वार्ता)। 18 सितंबर को शुरू होने वाले संसद के विशेष सत्र से 12 दिन पहले सोनिया गांधी ने पीएम को एक चिट्ठी लिखी है। जिसमें उन्होंने 9 मुद्दे उठाए हैं। कांग्रेस चाहती है सरकार महंगाई, भारत-चीन बॉर्डर विवाद और मणिपुर जैसे गंभीर मामलों पर चर्चा करे। कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने 24 पार्टियों की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को यह लेटर भेजा है। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने पिछले हफ्ते 18 से 22 सितंबर तक संसद के पांच दिन के विशेष सत्र के बारे में जानकारी दी थी। सोनिया गांधी ने पत्र में इस पांच दिवसीय विशेष सत्र के लिए सरकार से एजेंडा उपलब्ध कराने की मांग की है। श्रीमती गांधी ने कहा कि संसद का विशेष सत्र 18 से 22 सितंबर तक बुलाया गया है लेकिन सरकार की तरफ से विपक्षी दलों को स्पष्ट तौर पर नहीं बताया गया है कि आखिर किस वजह से सत्र को बुलाने की जरूरत पड़ी। इस सत्र में कौन से एजेंडे होंगे और कौन से विधेयक पारित किए जाने हैं। विशेष सत्र के पांचों दिन सरकारी बिजनेस के लिए आवंटित किए गये हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण **शेष पृष्ठ 6 पर**

बिना एजेंडा बैठक बुलाई जा रही

सोनिया गांधी ने कहा, आम तौर पर विशेष सत्र से पहले विपक्षी दलों के नेताओं के साथ के एजेंडे की जरूरत को लेकर बातचीत होती है और आम सहमति बनाई जाती है। विशेष सत्र का एजेंडा भी पहले से तय होता है और सहमति बनाने की कोशिश होती है। पहली बार है कि कोई बैठक बुलाई जा रही है और एजेंडा तय नहीं है, न ही सहमति बनाने का प्रयास किया गया है। कांग्रेस संसदीय दल की नेता ने कहा कि इसके बावजूद उनकी पार्टी संसद सत्र में हिस्सा लेगी और जनता से जुड़े मुद्दे उठाएगी। उन्होंने कहा कि इस पांच दिवसीय सत्र के दौरान महंगाई, मणिपुर हिंसा, हरियाणा में हिंसा जैसे मुद्दों पर चर्चा होनी चाहिए।

विपक्षी गठबंधन के घटक नहीं करेंगे बहिष्कार

कांग्रेस तथा विपक्षी दलों का इंडिया गठबंधन केंद्र सरकार द्वारा 18 सितम्बर से बुलाए गये संसद के पांच दिवसीय विशेष सत्र में हिस्सा लेगा और जनता से जुड़े मुद्दों पर सरकार से संसद में चर्चा कराने की मांग करेगा। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने बुधवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि कांग्रेस संसदीय दल की बैठक तथा इंडिया गठबंधन के नेताओं की बैठक में इस मुद्दे को लेकर चर्चा हुई है और कहा कि भले ही सरकार मनमानी कर रही है और उसने विशेष सत्र के एजेंडे की जानकारी विपक्षी दलों को नहीं दी है, लेकिन कांग्रेस तथा गठबंधन के सभी घटक जनहित में संसद सत्र में हिस्सा लेंगे और जनता से जुड़े मुद्दे सदन में उठाकर उन पर चर्चा की मांग करेंगे।

14 सितंबर को रायगढ़ में जनसभा को संबोधित करेंगे पीएम मोदी

रायपुर/रायगढ़/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में मिशन 2023 में जुटी भाजपा की परिवर्तन यात्रा 12 सितंबर को दंतेवाड़ा और 16 सितंबर को जशपुर नगर से शुरू होगी। दंतेवाड़ा से शुरू होने वाली इस पहली परिवर्तन यात्रा को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह हरी झंडी दिखाएंगे। वहीं जशपुरनगर में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा शामिल होंगे। बिलासपुर में परिवर्तन यात्राओं के समापन के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शिरकत करेंगे। इसके पहले प्रधानमंत्री मोदी 14 को रायगढ़ आ आएंगे। पीएम मोदी रायगढ़ जिला मुख्यालय से करीब 8 किमी कोड़ातराई में 14 सितंबर की दोपहर डेढ़ बजे जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके पहले प्रधानमंत्री का अगस्त महीने में छत्तीसगढ़ दौरा तय था लेकिन मोदी का प्रवास टल गया था। इससे पहले पीएम मोदी 5 जुलाई को रायपुर आए थे। पीएम मोदी के दौरे को लेकर प्रदेश व जिला भाजपा रायगढ़ जुट गई है। बुधवार को बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष अरूण साव, नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल रायगढ़ पहुंचे। उन्होंने रायगढ़ जिला भाजपा की बैठक ली। बैठक में सभी मंडल अध्यक्षों से कार्यक्रम की तैयारी को लेकर चर्चा की गई। बैठक में रायगढ़ सांसद गोमती साय, बीजेपी प्रदेश महामंत्री ओपी चौधरी, जिला भाजपाध्यक्ष उमेश अग्रवाल समेत अन्य नेता मौजूद रहे।

दो रेल लाईनों का लोकार्पण कर सकते हैं पीएम

14 सितंबर को पीएम मोदी पहले मध्यप्रदेश के दौरे पर जाएंगे। वहां से सीधे रायगढ़ के कोंडातराई सभा स्थल पहुंचेंगे। जनसभा लेने के अलावा प्रधानमंत्री केंद्रीय परियोजनाओं से जुड़े कुछ लोकार्पण भी कर सकते हैं। खरसिया से धरमजयगढ़ रेल लाइन और एनटीपीसी लारा से तलाईपाली रेल लाइन प्रोजेक्ट की लोकार्पण करने की संभावना दिख रही है। कहा जा रहा है कि दोनों प्रोजेक्ट का विधिवत लोकार्पण पीएम के हाथों कराया जा सकता है। एनटीपीसी लारा के दूसरे चरण में दो नए यूनिटों की स्थापना के लिए हाल ही में भेल के साथ एग्रीमेंट किया गया है। इसका शिलान्यास कराने की भी कोशिश की जा रही है लेकिन यह अभी तय नहीं है। वहीं रायगढ़ सीट पर भाजपा पूर्व आईएएस ओमप्रकाश चौधरी को उतार सकती है। इस हिसाब से छग विधानसभा चुनाव में पीएम मोदी की पहली सभा ओपी के लिए होगी। यह भाजपा में उनके कद को दिखाता है। पिछले विस चुनाव में खरसिया सीट पर ओपी के समर्थन में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सभा की थी। इस बार पीएम खुद उनके लिए जमीन तैयार करेंगे।

सीएम सलाहकार विनोद वर्मा बहनोई और दोनों बेटों को लेकर पहुंचे ईडी दफ्तर

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर में ईडी ने सीएम भूपेश बघेल के राजनीतिक सलाहकार विनोद वर्मा के बाद उनके दोनों बेटों और बहनोई को पूछताछ के लिए दफ्तर बुलाया। विनोद वर्मा बुधवार को खुद अपने बेटे पुनर्वसु, तथागत और बहनोई तुकेंद्र वर्मा को साथ लेकर राजधानी के पुजारी पार्क इलाके में स्थित ईडी के दफ्तर पहुंचे। उन्होंने बताया कि गुरुवार को उनकी पत्नी को भी बुलाया गया है और वे उन्हें लेकर जाएंगे। विनोद वर्मा ने कहा कि बच्चों को जिस तरह स्कूल छोड़ने जाता था, वैसे ही आज बच्चों को ईडी दफ्तर छोड़ने आया हूं। उन्होंने कहा कि पूछताछ में हम पूरा सहयोग कर रहे हैं। बस जांच निष्पक्ष होनी चाहिए। बता दें कि ईडी ने मुख्यमंत्री के सलाहकार वर्मा और सीएम के दो ओएसडी के यहां 23 अगस्त को छापा मारा था। इसके बाद 28 अगस्त को उन्हें पूछताछ के लिए ईडी कार्यालय बुलाया गया था ***शेष पृष्ठ 6 पर***

मणिपुर के पांच जिलों में कर्फ्यू

इंफाल (वार्ता)। इंफाल स्थित कई नागरिक संगठनों की एक प्रमुख संस्था मणिपुर इंटीग्रिटी पर समन्वय समिति के विस्थापितों के अपने घरों को लौटने के आह्वान के मद्देनजर मणिपुर सरकार ने बुधवार को राज्य के पांच जिलों पूरी तरह कर्फ्यू लगा दिया है। चुराचांदपुर जिले में तीन मई को हिंसा शुरु होने के बाद 60 हजार से अधिक लोग विस्थापित हो गये थे।

शिवनाथ नदी में पिकअप गिरने से 5 की मौत

मरने वाली महिला और 3 बच्चे चालक का परिवार नहीं, पिता ने पहचानने से किया इंकार

दुर्ग/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में शिवनाथ नदी में मंगलवार देर रात पिकअप गिरने से महिला और तीन बच्चियों सहित पांच लोगों की मौत हो गई है। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस और एसडीआरएफ की टीम ने महिला सहित चार लोगों के शव बरामद कर लिए हैं, लेकिन एक बच्ची का अभी पता नहीं चल सका है। खास बात यह है कि चालक के पिता ने महिला और बच्चों को पहचानने से इनकार कर दिया है।

बताया जा रहा है कि पिकअप सवार सभी लोग देर रात राजनांदगांव स्थित केजीएन ढाबा से खाना खाकर लौट रहे थे। तभी पुलगांव बाइपास पर पुराने पुल के पास बैलेंस बिगड़ने से हादसा हो गया। चालक की पहचान दुर्ग बोरसी निवासी ललित साहू (40) के रूप में हुई है। वो मूलतः सकरौद गुंडरदेही का रहने वाला था। गाड़ी में ललित के साथ एक महिला और दो बच्चों के शव भी मिले हैं।

एक बच्ची गरिमा (11 साल) का शव नहीं मिला है, उसकी तलाश की जा रही है। पुलिस ने चारों शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पहले माना जा रहा था कि मृतक एक ही परिवार के हैं, लेकिन ललित के पिता ने इससे इनकार कर दिया। बताया कि उसकी बहू और उसके बच्चे घर में ही हैं। इसके **शेष पृष्ठ 6 पर**

क्रेन से खींचकर निकाला वाहन

कुछ देर बाद महिला और तीनों बच्चियों की पहचान तामेश्वरी देशमुख (33) पत्नी गिरीश देशमुख, यश लक्ष्मी (13), कुमुद (7) और गरिमा (11) के रूम में हुई। सभी सकरौद गुंडरदेही के रहने वाले थे। एसडीआरएफ की टीम ने सुबह करीब 8 बजे ही पिकअप को खोज निकाला था। ट्रैक्टर के जरिए खींचने से बार-बार रस्सी टूट जा रही थी। इससे पिकअप फिर पानी में चली जाती थी।

जेपी पाठक दुर्ग कमिश्नर, कावरे आबकारी आयुक्त

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य शासन द्वारा बुधवार को भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के नवीन पदस्थापना आदेश जारी किया है। सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह द्वारा जारी आदेशानुसार 2007 बैच के आईएएस जनक प्रसाद पाठक को दुर्ग संभाग कमिश्नर बनाया गया है। अभी तक वे आबकारी आयुक्त, आवास एवं पर्यावरण विभाग के विशेष सचिव का अतिरिक्त प्रभार और छग स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन लिमिटेड के प्रबंध संचालक की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। वहीं 2008 बैच के आईएएस महादेव कावरे को आबकारी सचिव बनाया गया है। इसके अलावा जेपी पाठक के सभी प्रभार भी कावरे के पास अस्थायी तौर पर रहेगा।

गणेश चतुर्थी से नए संसद भवन में बैठेंगे सांसद

नई दिल्ली (ए.)। केंद्र सरकार ने 18-22 सितंबर को संसद का विशेष सत्र बुलाया है। पहला दिन यानी 18 सितंबर पुराने संसद भवन में कामकाज का आखिरी दिन होगा। 19 सितंबर को गणेश चतुर्थी के दिन संसद को नई बिल्डिंग में शिफ्ट किया जाएगा। पीएम मोदी ने 28 मई को नए संसद भवन का इनॉगरेशन किया था। पुरानी इमारत को 'म्यूजियम ऑफ डेमोक्रेसी' में बदल दिया जाएगा। प्रधानमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट सेंट्रल विस्टा के तहत नया संसद भवन बनाया गया है। 973 करोड़ रुपए की लागत से बनी इस बिल्डिंग को 29 महीने में तैयार किया गया है।

ईजीआई की याचिका पर सुको सुनवाई को सहमत

नई दिल्ली (वार्ता)। उच्चतम न्यायालय मणिपुर हिंसा की स्थिति और बिगड़ने के आरोप में दर्ज दो प्राथमिकियों के खिलाफ एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया (ईजीआई) की याचिका पर सुनवाई करने को बुधवार को सहमत हो गया। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने दो प्राथमिकियों को रद्द करने की मांग वाली ईजीआई की याचिका पर शीघ्र सुनवाई की गुहार स्वीकार की। पीठ के समक्ष विशेष उल्लेख कर वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम दीवान ने मामले को अतिमहत्वपूर्ण बताते हुए शीघ्र सुनवाई की गुहार लगाई थी।

इस पर पीठ ने सहमति व्यक्त करते हुए कहा कि वह (दीवान) संबंधित कागजात तैयार रखें। इस पर वह सुनवाई करेगी। ईजीआई ने मणिपुर के हिंसा ग्रस्त क्षेत्रों की सच्चाई का पता लगाने के लिए एक दल वहां भेजा था।

प्रदेश में भारी बारिश की चेतावनी

रायपुर । मौसम विभाग में प्रदेश के दक्षिण और पश्चिमी हिस्से में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक राजनांदगांव, कांकेर, बीजापुर और नारायणपुर जिले के लिए अलर्ट जारी किया गया है। इसके अलावा इन जिलों से लगे दूसरे अन्य जिलों में भी हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। प्रदेश के कई जिलों में बीते तीन दिनों से बारिश हो रही है। ऐसे में आज भी कई जगह में बारिश के संकेत है। मंगलवार को राजधानी रायपुर में सुबह बादल छाए रहे लेकिन दोपहर में तेज धूप निकल गई जिससे लोगों को उमस का सामना करना पड़ा। देर शाम फिर से बादल छाए रहे लेकिन तेज बारिश नहीं हुई। मानसून द्रोणिका माध्य समुद्र तल पर पश्चिमी छोर हिमालय की तराई में है और उसका पूर्वी छोर निजामाबाद, लखनऊ, सतना, रायपुर और उसके बाद दक्षिण-पूर्व की ओर उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी में स्थित निम्न दाब के केंद्र तक है। एक निम्न दाब का क्षेत्र उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी और उससे लगे पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी-तटीय दक्षिण उड़ीसा-तटीय उत्तर आंध्र प्रदेश के ऊपर है और यह 7.6 किलोमीटर ऊंचाई तक फैला हुआ है।

राजनांदगांव, कांकेर, बीजापुर और नारायणपुर में गिरेगा पानी, रायपुर में छाए रहेंगे बादल

उदयनिधि स्टालिन अपने बयान पर कायम, दिल्ली-यूपी में केस

चेन्नई (ए.)। तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन के बेटे उदयनिधि स्टालिन ने 2 सितंबर को चेन्नई में एक कार्यक्रम में सनातन धर्म को खत्म करने की बात कही थी। चार दिन बाद भी वह अपने बयान पर कायम हैं। चेन्नई में मीडिया से बातचीत में उदयनिधि ने कहा- वे हिंदू धर्म के खिलाफ नहीं हैं, बल्कि जातिगत भेदभाव जैसी सनातन प्रथाओं के खिलाफ हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को संसद के इनॉगरेशन पर इनवाइट नहीं करना इसका ताजा उदाहरण है। उधर स्टालिन के बयान पर दिल्ली के बाद अब यूपी में भी एफआईआर दर्ज हो गई है। वहीं बुधवार को कर्नाटक बीजेपी नेता नागराज नायक ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। वहीं अब कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने मंगलवार को हिंदू धर्म की उत्पत्ति पर सवाल खड़े कर दिए। परमेश्वर ने कहा, 'हिंदू धर्म का जन्म कब हुआ, इसे किसने बनाया?

गरमा-गरम

विचारधारा

कन्याकुमारी से शुरुआत की थी और इसी साल 30 जनवरी को श्रीनगर में 145 दिन बाद समाप्त हुई

भारत जोड़ो यात्रा का एक साल, आज हर जिले में यात्रा निकालेगी कांग्रेस

रायपुर/नवप्रदेश। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा को आज एक साल पूरा हो गया है। इस मौके पर पार्टी ने देश के हर जिले में भारत जोड़ो यात्रा निकालने का ऐलान किया है। बता दें कि राहुल गांधी ने पिछले साल 7 सितंबर को भारत जोड़ो यात्रा शुरू की थी। जिसमें राहुल गांधी, पार्टी के कई नेताओं के साथ 4,000 किलोमीटर से अधिक लंबी यात्रा की थी। राहुल ने कन्याकुमारी से यात्रा की शुरुआत की थी और इसी साल 30 जनवरी को श्रीनगर में 145 दिन बाद समाप्त हुई थी। राहुल गांधी ने कहा था कि मैंने यह यात्रा अपने लिए या कांग्रेस के लिए नहीं, बल्कि देश के लोगों के लिए की है। हमारा उद्देश्य उस विचारधारा के खिलाफ खड़ा होना है, जो इस देश की नींव को नष्ट करना चाहती है। यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने 12 सार्वजनिक बैठकें, 100 से अधिक नुक्कड़ बैठकें और 13 प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया था। कई विशेषज्ञों ने कहा था कि कांग्रेस के लिए इस यात्रा का एक बड़ा परिणाम राहुल गांधी की छवि में परिवर्तन आया है। इस यात्रा के तहत 4,000 किलोमीटर से अधिक की यात्रा के दौरान राहुल गांधी अपने समर्थकों के साथ-साथ विरोधियों का भी ध्यान आकर्षित करने में कामयाब रहे थे। इस मार्च में कमल हासन, पूजा भट्ट, रिया सेन, स्वरा भास्कर, रश्मि देसाई, आकांक्षा पुरी और अमोल पालेकर जैसी फिल्म और टीवी हस्तियों सहित समाज के विभिन्न वर्गों की भागीदारी देखी गई थी। इसके **शेष पृष्ठ 6 पर**

शाम को हर जिले में निकालेगी पदयात्रा

कांग्रेस द्वारा प्रदेश के समस्त जिला एवं ब्लॉक मुख्यालयों में 7 सितम्बर 2023 को ऐतिहासिक भारत जोड़ो यात्रा के पहली वर्षगांठ मनाने के लिए राष्ट्रव्यापी जिला स्तरीय भारतीय जोड़ो पदयात्रा और भारत जोड़ो सम्मेलन आयोजित किया जायेगा। भारत जोड़ो यात्रा के वर्षगांठ पर आज 7 सितम्बर को सायं 5 से 6 बजे तक भारत-जोड़ो पदयात्रा किया जायेगा। इस यात्रा का समापन भारत जोड़ो सम्मेलन (सार्वजनिक सभा) के रूप में होगी।

राहुल की यात्रा छाप छोड़ने में हुई थी कामयाब

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने ऐतिहासिक भारत जोड़ो यात्रा का शुभारंभ 7 सितंबर 2022 किया था, जो भारत के किसी भी राजनेता द्वारा अब तक की सबसे लंबी पदयात्रा है। भारत जोड़ो यात्रा 4081 किलोमीटर, 12 राज्यों, 2 केन्द्र शासित प्रदेश, 75 जिला और 76 लोकसभा क्षेत्रों की 136 दिनों की यात्रा में लोगों के मन में एक अमिट छाप छोड़ने में कामयाब रही। देश भर के लाखों लोग प्रेम और एकता के प्रति राहुल गांधी की भक्ति, धर्म-समुदाय, जाति आदि की परवाह किये बिना हर भारतीय को एकजुट करने की उनकी अटूट भावना से मंत्रमुग्ध थे।

संपादकीय

हेट स्पीच,... कड़ी कार्रवाई जरूरी

हेट स्पीच के बढ़ते मामले गहन चिंता का विषय बन गए है। भारत जैसे धर्म निरपेक्ष राष्ट्र में जहां सभी धर्मों का सम्मान करने की प्राचीन परंपरा रही है वहां किसी भी धर्म के खिलाफ विवादास्पद और आपत्तिजनक बयानबाजी होना आश्चर्य का विषय है। खास तौर पर राजनीतिज्ञ हेट स्पीच देते रहते हैं क्योंकि उनके खिलाफ कार्रवाई करना मुशिकल होता है। हालाहि में सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य ने हिन्दू धर्म पर निशाना साधते हुए बेहद आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। लेकिन अभी तक उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई है। अब तमिलानाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन के बेटे उदयनिधि स्टालिन ने भी सनातन धर्म पर आपत्तिजनक टिप्पणी की है। उदयनिधि स्टालिन खुद भी मंत्री है ऐसे में उनके खिलाफ अभी तक यदि कोई कार्रवाई नहीं हुई तो इसमें ताज्जुब वाली कोई बात नहीं है। उदयनिधि स्टालिन के बयान की चौतरफा निंदा हो रही है और उनके खिलाफ देश के कई राज्यों में एफआईआर भी दर्ज कराई गई है लेकिन अभी भी वे अपने विवादास्पद बयान पर कायम है। उनकी यह हट धर्मिता बताती है कि उनके भीतर कानून का कोई खौफ नहीं है। हालंहि में मेवात में हुई हिंसा के बाद सुप्रीम कोर्ट ने हेट स्पीच के मामलों को गंभीरता से लेते हुए यह तल्ख टिप्पणी की थी कि हेट स्पीच देने वाला व्यक्ति चाहे कोई भी हो उसके खिलाफ कानून कड़ी कार्रवाई करेगा। अब लोगों की उम्मीदें सुप्रीम कोर्ट पर ही टिकी हुई है। देश के 262 हस्तीयों ने उदयनिधि स्टालिन के मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट को एक चिट्ठी भेजी है जिसमें सुप्रीम कोर्ट से खुद होकर इस मामले में दखल देने का अनुरोध किया गया है। इस चिट्ठी के लिखने वालों में 14 पूर्व जज 130 ब्यूरोकेट और सेना के 118 रिटायर्ड अफसर शामिल है। उनका कहना है कि उदयनिधि स्टालिन के खिलाफ शिकायत के बावजूद अभी तक तमिलनाडु सरकार ने कोई कार्रवाई नहीं की है। इसलिए अब इस मामले में सुप्रीम कोर्ट को दखल देना चाहिए। गौरतलब है कि उदयनिधि स्टालिन ने सनातन धर्म की तुलना डेंगू मलेरिया और कोरोना जैसी संक्रमाक बिमारियों से की थी और यह कहा था कि इसका केवल विरोध नहीं किया जा सकता बल्कि इसे खत्म करना जरूरी है। उनके इस बयान की देशभर के साधु संतों ने भी कड़ी निंदा की थी और उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाई थी। भाजपा नेताओं ने भी इस बयान का विरोध किया था। आईएनडीआईए गठबंधन में शामिल कई दलों के नेताओं ने भी उदयनिधि के स्टालिन के बयान को गलत बताया था। इतने विरोध के बावजूद उनके खिलाफ कार्रवाई ना हो पाना दुर्भाग्य जनक है। हेट स्पीच देने वाले स्वनाम धन्य नेताओं के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने का ही यह दुष्परिणाम है कि बड़बोले नेता हेट स्पीच देने का दुषशाहस दिखाते है। अब समय आ गया है कि हेट स्पीच के मामलों को सरकार भी गंभीरता से ले किसी भी धर्म के खिलाफ जहर उगलने वालों के विरूद्ध तत्काल कड़ी कानूनी कार्रवाई का प्रावधान सुनिश्चित किया जाए। भले ही इसके लिए यदि संविधान में संसोधन की आवश्यकता पड़े तो संविधान में संशोधन भी किया जाए। जब तक हेट स्पीच देने वाले लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई नहीं की जाएगी तब तक वे हेट स्पीच देने से बाज नहीं आंऐगें। उम्मीद की जानी चाहिए कि सरकार इस बारे में जल्द ही कारगर कदम उठाएगी।

नरेन्द्र मोदी

मानव-केंद्रित वैश्वीकरण: हमें जी20 को दुनिया के अंतिम छोर तक ले जाना है, किसी को भी पीछे नहीं छोड़ना है

भारत के लिए, जी-20 की अध्यक्षता केवल एक उच्च स्तरीय कूटनीतिक प्रयास नहीं है। मदर ऑफ डेमोक्रेसी और मॉडल ऑफडाइवर्सिटी के रूप में हमने इस अनुभव के दरवाजे दुनिया के लिए खोल दिये हैं। आज किसी काम को बड़े स्तर पर करने की बात आती है तो सहज ही भारत का नाम आ जाता है। जी-20 की अध्यक्षता भी इसका अपवाद नहीं है। यह भारत में एक जन आंदोलन बन गया है। जी-20 प्रेसीडेंसी का हमारा कार्यकाल खत्म होने तक भारत के 60 शहरों में 200 से अधिक बैठकें आयोजित की जा चुकी होंगी। इस दौरान हम 125 देशों के लगभग 100,000 प्रतिनिधियों की मेजबानी कर चुके होंगे। किसी भी प्रेसीडेंसी ने कभी भी इतने विशाल और विविध भौगोलिक विस्तार को इस तरह से शामिल नहीं किया है। भारत की डेमोग्राफी, डेमोक्रेसी, डाइवर्सिटी और डेवलपमेंट के बारे में किसी और से सुनना एक बात है और उसे प्रत्यक्ष रूप से अनुभव करना बिल्कुल अलग है। मुझे विश्वास है कि हमारे जी-20 प्रतिनिधि इसे स्वयं महसूस करेंगे। हमारी जी-20 अध्यक्षता विभाजन को पाटने, बाधाओं को दूर करने और सहयोग को गहरा करने का प्रयास करती है। हमारी भावना एक ऐसी दुनिया के निर्माण की है, जहां एकता हर मतभेद से ऊपर हो, जहां साझा लक्ष्य अलगाव की सोच को खत्म कर दे। जी-20 अध्यक्ष के रूप में, हमने वैश्विक पटल को बड़ा बनाने का संकल्प लिया था, जिसमें यह सुनिश्चित किया गया कि हर आवाज सुनी जाए और हर देश अपना योगदान दे। मुझे विश्वास है कि हमने कार्यों और स्पष्ट परिणामों के साथ अपने संकल्प पूरे किये

'वसुधैव कुटुम्बकम' हमारी भारतीय संस्कृति के इन दो शब्दों में एक गहरा दार्शनिक विचार समाहित है। इसका अर्थ है, 'पूरी दुनिया एक परिवार है'। यह एक ऐसा सर्वव्यापी दृष्टिकोण है जो हमें एक सार्वभौमिक परिवार के रूप में प्रगति करने के लिए प्रोत्साहित करता है। एक ऐसा परिवार जिसमें सीमा, भाषा और विचारधारा का कोई बंधन ना हो। जी-20 की भारत की अध्यक्षता के दौरान, यह विचार मानव-केंद्रित प्रगति के आह्वान के रूप में प्रकट हुआ है। हम One Earth के रूप में, मानव जीवन को बेहतर बनाने के लिए एक साथ आ रहे हैं। हम One Family के रूप में विकास के लिए एक-दूसरे के सहयोगी बन रहे हैं। और One Future के लिए हम एक साझा उज्जवल भविष्य की ओर एक साथ आगे बढ़ रहे हैं। कोरोना वैश्विक महामारी के बाद की विश्व व्यवस्था इससे पहले की दुनिया से बहुत अलग है। कई अन्य बातों के अलावा, तीन महत्वपूर्ण परिवर्तन हुए हैं।

पहला, इस बात का एहसास बढ़ रहा है कि दुनिया के जीडीपी-केंद्रित दृष्टिकोण से हटकर मानव-केंद्रित दृष्टिकोण की ओर बढ़ने की आवश्यकता है। दूसरा, दुनिया ग्लोबल सप्लाई चेन में सुदृढ़ता और विश्वसनीयता के महत्व को पहचान रही है। तीसरा, वैश्विक संस्थानों में सुधार के माध्यम से बहुपक्षवाद को बढ़ावा देने का सामूहिक आह्वान सामने है। जी-20 की हमारी अध्यक्षता ने इन बदलावों में उत्प्रेरक की भूमिका निभाई है। दिसंबर 2022 में जब हमने इंडोनेशिया से अध्यक्षता का भार संभाला था, तब मैंने यह लिखा था कि जी-20 को मानसिकता में आमूल-चूल परिवर्तन का वाहक बनना चाहिए। विकासशील देशों, ग्लोबल साउथ के देशों और अफ्रीकी देशों की हाशिए पर पड़ी आकांक्षाओं को मुख्यधारा में लाने के लिए इसकी विशेष आवश्यकता है। इसी सोच के साथ भारत ने 'वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ समिट' का भी आयोजन किया था। इस समिट में 125 देश भागीदार बने। यह भारत की अध्यक्षता के तहत की गई सबसे महत्वपूर्ण पहलों में से एक रही। यह ग्लोबल साउथ के देशों से उनके विचार, उनके अनुभव जानने का एक महत्वपूर्ण प्रयास था। इसके अलावा, हमारी अध्यक्षता के तहत न केवल अफ्रीकी देशों की अबतक की सबसे बड़ी भागीदारी देखी गई है, बल्कि जी-20 के एक स्थायी सदस्य के रूप में अफ्रीकन यूनियन को शामिल करने पर भी जोर दिया गया है। हमारी दुनिया परस्पर जुड़ी हुई है, इसका मतलब यह है कि विभिन्न क्षेत्रों में हमारी चुनौतियां भी आपस में जुड़ी हुई हैं। यह 2030 एजेंडा के मध्य काल का वर्ष है और कई लोग चिंता जता रहे हैं कि सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) के मुद्दे पर प्रगति पटरी से उतर गई है। एसडीजी के मोर्चे पर तेजी लाने से संबंधित जी-20 2023 का एक्शन प्लान भविष्य की दिशा निर्धारित करेगा। इससे एसडीजी को हासिल करने का रास्ता तैयार होगा। भारत में, प्राचीन काल से प्रकृति के साथ सामंजस्य बिठाकर आगे बढ़ना हमारा एक आदर्श रहा है और हम आधुनिक समय में भी क्लाइमेट एक्शन

में अपना योगदान दे रहे हैं। ग्लोबल साउथ के कई देश विकास के विभिन्न चरणों में हैं और इस दौरान क्लाइमेट एक्शन का ध्यान रखा जाना चाहिए। क्लाइमेट एक्शन की आकांक्षा के साथ हमें ये भी देखना होगा कि क्लाइमेट फाइनेंस और ट्रांसफर ऑफ टेक्नॉलजी का भी ख्याल रखा जाए।

हमारा मानना है कि जलवायु परिवर्तन की समस्या से निपटने के लिए पाबंदियों वाले रवैये को बदलना चाहिए। 'क्या नहीं किया जाना चाहिए' से हटकर 'क्या किया जा सकता है' वाली सोच के साथ आगे बढ़ना होगा। हमें एक रचनात्मक कार्यसंस्कृति पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है। एक टिकाऊ और सुदृढ़ ब्लू इकॉनमी के लिए चेन्नई एचएलपी हमारे महासागरों को स्वस्थ रखने में जुटी है। ग्रीन हाइड्रोजन इनोवेशन सेंटर के साथ, हमारी अध्यक्षता में स्वच्छ एवं ग्रीन हाइड्रोजन से संबंधित एक ग्लोबल इकोसिस्टम तैयार होगा। वर्ष 2015 में, हमने इंटरनेशनल सोलर अलायंस का शुभारंभ किया था। अब, ग्लोबल बायोफ्यूल्स अलायंस के माध्यम से हम दुनिया को एनर्जी ट्रांजिशन के योग्य बनाने में सहयोग करेंगे। इससे सर्कुलर इकॉनमी का फायदा ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचेगा। क्लाइमेट एक्शन को लोकतांत्रिक स्वरूप देना, इस आंदोलन को गति प्रदान करने का सबसे अच्छा तरीका है। जिस प्रकार लोग अपने स्वास्थ्य को ध्यान में रखकर रोजमर्रा के निर्णय लेते हैं, उसी प्रकार वे इस धरती की सेहत पर होने वाले असर को ध्यान में रखकर अपनी जीवनशैली तय कर सकते हैं। जैसे योग वैश्विक जन आंदोलन बन गया है, उसी तरह हम 'लाइफस्टाइल फॉर सस्टेनेबल इनवायरमेंट' (LiFE) को भी प्रोत्साहित कर रहे हैं। जलवायु परिवर्तन के कारण, खाद्य और पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करना एक बड़ी चुनौती होगी। इससे निपटने में मोटा अनाज या श्रीअन्न से बड़ी मदद मिल सकती है। श्रीअन्न क्लाइमेट स्मार्ट एग्रीकल्चर को भी बढ़ावा दे रहा है। इंटरनेशनल इयर ऑफ मिलेट्स के दौरान हमने श्रीअन्न को वैश्विक स्तर पर पहुंचाया है। द डेक्कन हाई लेवल प्रिंसिपल्स ऑन फूड सिक्योरिटी एंड न्यूट्रिशन से भी इस दिशा में सहायता मिल सकती है। टेक्नॉलजी परिवर्तनकारी है लेकिन इसे समावेशी भी बनाने की जरूरत है। अतीत में, तकनीकी प्रगति का लाभ समाज के सभी वर्गों को समान रूप से नहीं मिला। पिछले कुछ वर्षों में भारत ने दिखाया है कि कैसे टेक्नॉलजी का लाभ उठाकर असमानताओं को कम किया जा सकता है। उदाहरण के लिए, दुनिया भर में अरबों लोग जिनके पास बैंकिंग सुविधा नहीं है, या जिनके पास डिजिटल पहचान नहीं है, उन्हें डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (डीपीआई) के माध्यम से साथ लिया जा सकता है।

डीपीआई का उपयोग करके हमने जो परिणाम प्राप्त किए हैं, उन्हें पूरी दुनिया देख रही है, उसके महत्व को स्वीकार कर रही है। अब, जी-20 के माध्यम से हम विकासशील देशों को डीपीआई अपनाने, तैयार करने और उसका विस्तार करने में मदद करेंगे, ताकि वो समावेशी विकास की ताकत हासिल कर सकें। भारत का सबसे तेज गति से बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाना कोई आकस्मिक घटना नहीं है। हमारे सरल, व्यावहारिक और सस्टेनेबल तरीकों ने कमजोर और वंचित लोगों को हमारी विकास यात्रा का नेतृत्व करने के लिए सशक्त बनाया है। अंतरिक्ष से लेकर खेल, अर्थव्यवस्था से लेकर उद्यमिता तक, भारतीय महिलाएं विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ रही हैं। आज महिलाओं के विकास से आगे बढ़कर महिलाओं के नेतृत्व में विकास के मंत्र पर भारत आगे बढ़ रहा है। हमारी जी-20 प्रेसीडेंसी जेंडर डिजिटल डिवाइड को पाटने, लेबर फोर्स में भागीदारी के अंतर को कम करने और निर्णय लेने में महिलाओं की एक बड़ी भूमिका को सक्षम बनाने पर काम कर रही है।

भगवान श्रीकृष्ण के अवतरण पर विशेष

त्रेतायुग में कान्हा की हो गई थी बांसुरी

प्रो. श्याम सुंदर भाटिया

भगवान श्रीकृष्ण के धारण किए गए प्रतीकों में बांसुरी हमेशा से जिज्ञासा का केंद्र रही है। हालांकि सर्वाधिक लोग भगवन की बांसुरी से जुड़े हुए रहस्यों और तथ्यों को नहीं जानते हैं। सच्चाई यह है, भगवान श्रीकृष्ण की बांसुरी में जीवन का सार जुड़ा है। बांसुरी में कोई गांठ नहीं होती है। वह खोखली होती है। इसका अर्थ यह है, आप अपने अन्दर किसी प्रकार की गांठ मत रखिए। चाहे कोई आपके साथ कैसा ही बिहेव करे, लेकिन आप बदले की भावना मत रखिए। बांसुरी का दूसरा गुण यह है, बांसुरी बिना बजाए बजती नहीं है यानी जब तक ना कहा जाए, तब तक मत बोलिए। आपके बोल अनमोल हैं। बुरा बोलने से अच्छा है, बांसुरी की मानिंद शान्त रहिए। बांसुरी की एक और ख़ासियत है, बांसुरी जब भी बजती है तो मधुर ही बजती है। इसका अभिप्राय: यह है, जब भी बोलिए मीठा बोलिए। श्रीकृष्ण की बांसुरी में पूर्वजन्म की कहानी का रहस्य भी छिपा है। एक बार कान्हा यमुना किनारे बांसुरी बजा रहे थे। मुरली की मधुर तान सुनकर उनके आसपास गोपियां आ गई और उन्हें बातों में लगाकर श्रीकृष्ण की प्रियतम बांसुरी को अपने पास रख लिया। गोपियों ने बांसुरी से पूछा, आखिर पिछले जन्म में आपने कौन-सा पुण्य कार्य किया था कि आप केशव के गुलाब पंखुरी सरीखे होठों पर स्पर्श करती रहती हो? बांसुरी ने मुस्कराकर जवाब दिया, श्रीकृष्ण के समीप आने लिए मैंने जन्मों इंतजार किया है। बात त्रेतायुग की है, भगवान श्रीराम वनवास कर रहे थे। उसी दौरान मेरी उनसे भेंट हुई थी। श्रीराम के आसपास बहुत से मनमोहक पुष्प और फल थे, लेकिन उनकी तुलना में मुझमें कोई गुण नहीं था। बावजूद इसके भगवन ने मुझे दीगर पौधों की मानिंद महत्व दिया। कोमल चरणों का स्पर्श पाकर मुझे प्रेम का अनुभव होता। उन्होंने मेरी कठोरता की कोई परवाह नहीं की। सच बताऊं, उनके हृदय में मेरे प्रति अथाह प्रेम था, क्योंकि जीवन में पहली बार किसी ने मुझे इतने प्रेम से स्वीकारा था। इसी के चलते मैंने आजीवन उनके साथ रहने की कामना की, परन्तु उस काल में श्रीराम मर्यादा में बंधे थे, इसीलिए उन्होंने द्वापरयुग में अपने साथ रहने का वचन दिया। नतीजतन श्रीकृष्ण ने अपना वचन निभाते हुए मुझे अपने समीप ही रखा। बांसुरी की पुनर्जन्म की कहानी सुनकर सभी गोपियां भाव विभोर हो गईं। भागवत पुराण में श्रीकृष्ण के प्रतीकों और बांसुरी से जुड़ी ऐसी ही कहानियाँ सुनने और पढ़ने को मिलती हैं। ढोल, मर्दन, झांझ, मंजीरा, नगाड़ा, पखावच और एक तारा में सबसे प्रिय बांस निर्मित बांसुरी श्रीकृष्ण को अतिप्रिय है। इसे वंसी, वेणु, वंशिका और मुरली भी कहते हैं। बांसुरी से निकलने वाला स्वर मन-मस्तिष्क को सुकून देता है। मान्यता है, जिस घर में बांसुरी रहती है, वहां के लोगों में परस्पर प्रेम तो बना ही रहता है, साथ ही सुख-समृद्धि भी बनी रहती है। बांसुरी के संबंध में एक और मान्यता है, जब बांसुरी को हाथ में लेकर हिलाया जाता है तो बुरी आत्माएं दूर भाग जाती है।

नीरज मनजीत

जी20 समिट नई दिल्ली में बड़ी ताकतों का जमावड़ा

इस हफ़्ते शनिवार और इतवार को वैश्विक समुदाय के सर्वाधिक शक्तिशाली लोग नई दिल्ली में इकट्ठा हो रहे हैं। इनमें प्रमुख हैं-- अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों, जापान के प्रधानमंत्री फुमिओ किशिदा , कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो, जर्मनी के चांसलर ओलफ़ स्कोल्ज़ , ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथोनी अल्बानीज़ , ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक, सऊदी अरब के राष्ट्रप्रमुख सलमान बिन अब्दुल अज़ीज अल सऊद, ब्राजील के राष्ट्रपति लुईज इनासियो लुला द सिल्वा, यूरोपीय यूनियन की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन।

ये सभी महानुभाव 9-10 सितंबर को जी-20 देशों के 18 वें शिखर सम्मेलन में शामिल होंगे। इनके अलावा अर्जेंटीना, इंडोनेशिया, इटली, मेक्सिको, दक्षिण अफ्रीका, कोरिया गणराज्य और तुर्कीए के राष्ट्र प्रमुख भी जी-20 के इस सर्वोच्च सम्मेलन में शरीक़ होंगे। सम्मेलन की अध्यक्षता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी करेंगे।

प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले साल नवंबर में बाली इंडोनेशिया में हुए 17 वें शिखर सम्मेलन के दौरान 2022-23 के लिए अध्यक्षता संभाली थी। इंडोनेशिया के राष्ट्रपति जोको विडोडो ने विधिवत उन्हें अध्यक्षता का प्रतीक चिन्ह सौंपा था। प्रधानमंत्री मोदी का कार्यकाल 1 दिसंबर से शुरू हुआ है। जी 20 समूह की अगला मेजबान देश ब्राजील होगा और इसी रविवार को प्रधानमंत्री मोदी ब्राजील के राष्ट्रपति लुईज इनासियो लुला द सिल्वा को विधिवत अध्यक्षता सौंप देंगे।

जी 20 के शिखर सम्मेलन में सदस्य देशों के अलावा अन्य देशों के राष्ट्र प्रमुखों को भी विशेष तौर पर आमंत्रित किया जाता है। भारत ने इस बार बांग्लादेश, मिस्र, मॉरिशस, नीदरलैंड्स, नाइजीरिया, ओमान, सिंगापुर, स्पेन और यूएई को आमंत्रित किया है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग इस सम्मेलन में भाग नहीं ले रहे हैं। रूस का प्रतिनिधित्व विदेशमंत्री सर्गेई लावरोव तथा चीन की ओर से प्रधानमंत्री ली कियांग समिट में शिरकत करेंगे। इन दोनों राष्ट्रपतियों की अनुपस्थिति की वजह समझी जा सकती है। व्लादिमीर पुतिन यूक्रेन युद्ध में कुछ इस तरह से उलझ गए हैं कि उनसे न उगलते बन रहा है, न निगलते। यह युद्ध उनकी उम्मीदों से बहुत ज़्यादा लंबा खिंच गया है और धीरे-धीरे यूक्रेन के हमले भी पैने होते जा रहे है। नाटो देशों की रणनीति साफ है। वे पुतिन और रूसी आर्मी को थका देना चाहते हैं। पश्चिमी देश अच्छी तरह जानते हैं कि इस युद्ध में रूस की अर्थव्यवस्था और अंदरूनी हालात को गंभीर नुकसान पहुँचना तय है। इसीलिए वे यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेन्स्की को किसी भी कीमत पर पीछे नहीं हटने देना चाहते। दूसरी बात यह भी है कि पुतिन ऐसा नहीं चाहते कि यूक्रेन मसले को लेकर नई दिल्ली में उन्हें अप्रिय स्थिति का सामना करना पड़े।

यही बात शी जिनपिंग पर भी लागू होती है। पिछले दिनों ही चीन के विदेश मंत्रालय ने ऐसा नक्शा जारी किया है, जिसमें अरुणाचल प्रदेश और लद्दाख के बहुत से हिस्सों को चीन में शामिल दिखा दिया गया है। भारत ने इस पर तगड़ी खिलाफत जताई है, पर इससे चीनी प्रशासन के कानों में कोई जूँ रेंगी हो ऐसा नहीं लगता। यदि शी जिनपिंग नई दिल्ली आते, तो इस मुद्दे पर उन्हें वैश्विक मीडिया और दूसरे देशों के प्रतिनिधियों के तीखे सवालों का सामना करना पड़ता। ये सवाल उन्हें असहज कर सकते थे। भारत को लेकर जिनपिंग और चीनी प्रशासन अनिर्णय की हालत में हैं। पिछले दिनों ही दक्षिण अफ्रीका में ब्रिक्स देशों की समिट के दौरान प्रधानमंत्री मोदी और जिनपिंग के बीच संक्षिप्त मुलाकात हुई थी।

यह मुलाकात पहले से तय नहीं थी। इस छोटी सी भेंट में दोनों के बीच सीमा पर तनाव कम करने और आर्मी की क्रमबद्ध वापसी की सहमति बनी थी। इसके एक हफ्ते के अंदर ही चीन ने रंग बदल दिया और पुनः अपनी दबाव बनाने वाली रणनीति पर लौट गया। इसी से ज़ाहिर है कि भारत का आगे बढ़ना चीन को रास नहीं आ रहा है।

वन अर्थ, वन फैमिली, वन फ्यूचर प्रधानमंत्री मोदी ने यह थीम जी 20 समूह के लिए दी है। भारत की शाश्वत अवधारणा वसुधैव कुटुम्बकम को इस समिट में प्रमुख रूप से उभारा जा रहा है। पिछले साल बाली के समापन सत्र में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि भारत की अध्यक्षता समावेशी, महत्वाकांक्षी, निर्णायक और क्रिया-उन्मुख होगी। हमारा प्रयत्न रहेगा कि जी20 नये विचारों की परिकल्पना और सामूहिक एक्शन को गति देने के लिए एक ग्लोबल प्राइम मूवर की तरह काम करे।

श्री मोदी का यह कथन अपने आप में काफी महत्वाकांक्षी था, इसलिए कि भारत के पास अपनी तटस्थ आध्यात्मिक दृष्टि है। इस उद्बोधन से पहले श्री मोदी का इस कथन ने भी काफी प्रभावित किया था कि वैश्विक बिरादरी के मसले सुलझाने में संयुक्त राष्ट्र संघ नितांत विफल रहा है और जी20 ऐसा मंच है, जो संभवतः इस तनाव का हल निकाल सकता है। मगर श्री मोदी की सदाशयता के बावजूद उनका कार्यकाल अपेक्षित परिणाम नहीं दे पाया। दरअसल दुनिया की बड़ी ताकतों की महात्वाकांक्षाएँ जिस खूनी अंदाज़ में एक-दूसरे के मुकाबले खड़ी हो चुकी हैं, उससे मसलों का स्थायी समाधान हासिल करना बेहद मुश्किल है।

रूस यूक्रेन युद्ध इसकी सबसे बड़ी मिसाल है। यह बात भी छिपी हुई नहीं है कि ताइवान को लेकर चीन और अमेरिका के बीच जारी तनाव कम करने में भारत कोई भी रोल अदा करने की हालत में नहीं है। इसमें कोई संदेह नहीं कि जी 20 समूह संयुक्त राष्ट्र संघ के बाद दुनिया का सर्वाधिक ताकतवर संगठन है। भारत ने इस समूह के साथ छोटे देशों के मसलों को जोड़ने की पूरी कोशिश की है। वैश्विक बिरादरी के अभावग्रस्त देशों के प्रति भारत का रुख काफी सहानुभूति पूर्ण रहा है, मगर इन नतीजों को हासिल करने के लिए एक वर्ष का समय काफी नहीं है।

आज का पंचांग (गुरूवार 07 सितंबर)

सूर्योदय: 06:12 सूर्यास्त: 06:39चन्द्रोदय: चन्द्रास्त: अयन दक्षिणायणे (उत्तरगोलीय) ऋतु: ? शरद शक सम्वत: 1945 (शोभकृत) विक्रम सम्वत: 2080 (पिंगल) मास भाद्रपद पक्ष कृष्ण तिथि अष्टमी नक्षत्र रोहिणी योग हर्षण (22:26 से वज्र) प्रथम करण बव (15:37 तक) द्वितीय करण बालव (03:50 तक)

॥ गोचर ग्रहा: ॥

सूर्य सिंह, चंद्र वृष, मंगल कन्या (उदित, पश्चिम, मार्गी), बुध सिंह (अस्त, पश्चिम, वक्री) गुरु मेष (उदित, पश्चिम, वक्री), शुक्र कर्क (उदित, पश्चिम, मार्गी), शनि कुम्भ (उदित, पूर्व, वक्री) राहु मेष, केतु तुला।

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अमृत काल 06:54 से 08:31, सर्वार्थसिद्धि योग पूरे दिन, रवियोग 05:56 से 09:20, विजय मुहूर्त 14:21 से 15:12, गोधूलि मुहूर्त 18:34 से 18:57, सायाह्न सन्ध्या 18:34 से 19:42, निशिता मुहूर्त 23:53 से 00:38, ब्रह्म मुहूर्त 04:25 से 05:11,

राहुकाल 13:30 से 15:00, राहुवास दक्षिण-पश्चिम, यमगण्ड 07:31 से 09:06, होमाहुति गुरु, दिशाशूल उत्तर, नक्षत्र शूल पश्चिम (09:20 से), अग्निवास पृथ्वी, चन्दवास दक्षिण, शिवास श्मशान में (15:37 से गौरी के साथ)।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

एक घर में सब रहते पर लगता

एक घर में सब रहते पर लगता हैं परदेश हुआ, बातचीत हुई सबसे बंद पत्नी का आदेश हुआ। शुरुआत हो गई गृह रण होने लगा नित क्लेश, मां घर से बाहर हुई जब पत्नी का प्रवेश हुआ,।

संजय सिंह राजपूत

कही अनकही कुछ सुनाते सुनाते

कही अनकही कुछ सुनाते सुनाते वो भीगा हुआ है रुलाते रुलाते बदल दो ये मौसम ग़मों के ये आलम ये जलते रहेंगे बुझाते बुझाते यही सोच गुज़री कहेगा ज़माना कि हद पार कर दी निभाते निभाते है तारों में खोया मेरा एक जुगनू वो सपना सुनहरा दिखाते दिखाते तलाशो तलाशो कहाँ लापता है पता घर का सबको बताते बताते।

दिनेश भोपाली

खास पाती | जिसने कहा है करो दुनिया में

जिसने कहा है करो दुनिया में नाम ऊंचा, और सही करने सदा ही तुम्हे काम है और कहा बन के दिवाकर दिखाओ तुम पाना सदा दुनिया में ऊँचा ही मुकाम है जिसने दिया है प्यार और दिये संस्कार ऐसे गुरूवर के चरण चारो धाम है जिसने दिखाई राह और किया तम दूर ऐसे गुरूवर को नमन है प्रणाम है।

शालिनी शर्मा

जातिवादी के खेल मे यह देश

जातिवादी के खेल मे यह देश, काल, समान, राजनीतिक दल इस कदर डूब चुका है की यदि भगवान भी इस देश मे थोड़े देर के लिए साक्षात विचरण करने लगे तो रबिश कुमार जैसे पत्रकार भगवान से भी पुछ लेगा हे प्रभू कौन जात हो। **परेश स्वर्णकार**

उम्र साल दर साल बढ़ती जाती है

उम्र साल दर साल बढ़ती जाती है और हम थोड़े कम होते जाते है पर फिर भी खुद पर इतना गर्व है कि लड़की तूने जिंदगी की जद्दोजहद में झुकना और हारना नहीं सीखा। जितनी बार गिरी हो हर बार खुद से उठ खड़ी हो गई हो। मानाकि तूने कुछ ज्यादा नहीं पाया और जिसे लोग सफलता कहते है उस सफलता की मंजिल से अभी तू दूर खड़ी है पर जो तूने पाया है वो भी कम नहीं। क्योंकि तूने अपने दम पर जीने का हौसला पाया है ।अपनी मुश्किलों से लड़ने का साहस जुटाया है और रोना भी आया तो अपने आँसू आप पोंछकर मुस्कुराना सीखा है। बाकि जिंदगी तो हर कदम सीखाएगी तो तू बस सीखती रहना और चलती रहना तेरे बिन तेरे संग राधे कृष्ण। **मीना सोनी**

चुनाव के पहले प्रचार होगा

चुनाव के पहले प्रचार होगा प्रचार के पहले कुछ वीडियो आएंगे सुस्त जाग उठेंगे फिर से खुद में गर्व चेतना पाएंगे दशकों की तकलीफ पल भर में गायब शिगूफा ऐसा नायाब लाएंगे कितना सस्ता तरीका है ये नेता फिर चुन लिए जाएंगे। **संत आर थवाईत**

आजादी के ख्यालों के वहम में

आजादी के ख्यालों के वहम में न पड़ तेरी जद बस पेट भर रोटी ही रही है। न सोच कि कौन मालिक है मुल्क का देख तेरी थाली फाको से भरी है। बगावत तेरी सब खींच लेगी तुझसे सख्त बहुत यह किस्मत की घड़ी है। दूंगा तुझे बस उतना कि जिन्दा रहे तू देख तेरी चादर तेरे पैरो में पड़ी है। **दिव्या राकेश शर्मा**

शोहरत भी कुछ लोगों के लिए

शोहरत भी कुछ लोगों के लिए नशा ही है ऐसे ऐसे अटपटे विडियो और फोटो डालते हैं अश्लील हावभाव अधनंगा शरीर, कुछ अजीब और अलग करने के चक्कर में ऊटपटांग अशोभनीय हरकतें करते हैं लोग कि बस क्या ही कहें नाम न हुआ तो क्या बदनाम तो हु?। लोग सोचते हैं विडियो वायरल हुए तो नोट छापने की मशीन घर में होगी वो मशीन भले कुछ महीनों या सालों में अस्तित्व विहीन हो जाये। मिडिया पलकों पर बैठा कर आसमान से जमीन तक का सफर कराती है अर्श से फर्श तक कब आ जाते हैं पता भी नहीं चलता।

सुनीता पुष्पराज पाण्डेय

जिसके लबों पर, हरदम ही

जिसके लबों पर, हरदम ही खिलखिलाती हँसी हो नमूदार उसके सीने में भी छिपे हो सकते हैं ग़म के समंदर हज़ार...!!

नीलोफ़र नीरू

QUIZ TIME

1) किस मगध सम्राट ने पाटलिग्राम (पाटलिपुत्र) की स्थापना की थी?

2) पटकाई बूम श्रेणी भारत के किस राज्य में स्थित है?

3) संविधान सभा के सदस्यों का चुनाव कैसे होता है?

4) किस देश ने सर्वप्रथम सकल राष्ट्रीय खुशहाली की अवधारणा जारी की?

5) हाल ही में किस राज्य के भद्रवाह राजमा को जीआई टैग प्राप्त हुआ है?

उत्तरमाला- (1) उदयिन (2) अरूणाचल प्रदेश (3) प्रान्तीय सभाओं द्वारा (4) भूटान (5) जम्मू कश्मीर

रामगढ़ में श्रीराम वाटिका का लोकार्पण आज

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी राम वनगमन पर्यटन परिपथ योजना ने छत्तीसगढ़ को धार्मिक, सांस्कृतिक और पर्यटन के मानचित्र में अमिट पहचान दी है। सरगुजा का सौभाग्य है कि भगवान श्री राम ने चौदह वर्ष के वनवास काल का लगभग दो वर्ष का समय यहां के वनों एवं वनवासियों के बीच व्यतीत किया। प्रदेश में प्रभु श्रीराम के पद चिन्हों और पड़ावों की पौराणिक कथाओं को जीवंत करने 10 स्थलों का चिन्हांकन किया गया है जिसमें सरगुजा का रामगढ़ शामिल है। अब इसी कड़ी में 7 सितंबर 2023 को रामगढ़ में श्री राम वाटिका एवं अधोसंरचना विकास कार्यों का लोकार्पण किया जा रहा है, साथ ही अंबिकापुर शहर में रामायण महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव के मुख्य आतिथ्य एवं पर्यटन एवं गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू व खाद्य एवं संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत की अध्यक्षता में राम वन पर्यटन परिपथ के अंतर्गत आज 7 सितंबर को प्रातः 11 बजे रामगढ़ में श्री राम वाटिका एवं अधोसंरचना विकास कार्यों का लोकार्पण किया जाएगा तथा दोपहर 3 बजे से भव्य रामायण महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। राम वन गमन पर्यटन परिपथ अंतर्गत 6.76 करोड़ रूपये की लागत से टूरिस्ट इनफॉर्मेशन सेंटर, पब्लिक अप्रोच रोड डेव्हलपमेंट, कॉटेज या डॉरमेट्री सहित अन्य विभिन्न निर्माण कार्य किये गए हैं।

अलौकिक महोत्सव का साक्षी बनेगा सरगुजा

सांस्कृतिक कार्यक्रम में रामायण महोत्सव का भव्य आयोजन पीजी कॉलेज मैदान अम्बिकापुर में दोपहर 3 बजे से किया जाएगा। रामायण महोत्सव में सरगुजा, बलरामपुर एवं सूरजपुर जिले के राज्य स्तरीय रामायण मंडली प्रतियोगिता 2023 में प्रथम स्थान प्राप्त रामायण मंडली दलों की प्रस्तुति एवं ब्लॉक में प्रथम स्थान प्राप्त रामायण मंडली को वाद्य यंत्र हेतु डेमो चेक मुख्य अतिथि के करकमलों से प्रदान किया जाएगा। छत्तीसगढ़ के कलाकार अनुराग शर्मा द्वारा संगीतमय रामकथा प्रस्तुति तथा रीनी चन्द्रा वॉलीवुड पार्श्व गायिका द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति दी जाएगी।

बाल जीवन ज्योति में मनाई जन्माष्टमी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य बाल कल्याण परिषद द्वारा संचालित बाल जीवन ज्योति पुरानी बस्ती रायपुर में शिक्षक दिवस एवं कृष्ण जन्माष्टमी मनाई गई। छत्तीसगढ़ राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष कमल वर्मा, इंदिरा जैन संयुक्त सचिव कार्यक्रम में पहुंचे। शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में कमल वर्मा एवं इंद्रा जैन द्वारा संस्था के सभी मानसेवियों को भेंट स्वरूप उपहार देकर सम्मानित किया।

मिनीमाता महतारी जतन योजना से माताओं और बच्चों का हो रहा देखभाल

रायपुर/नवप्रदेश। मिनी माता महतारी जतन योजना छत्तीसगढ़ शासन के अंतर्गत श्रम विभाग की योजनाओं से हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा रहा है। गर्भवती माताओं के लिए संचालित महतारी जतन योजना से बच्चों और माताओं की सेहत की उचित देखभाल भी हो रही है। महासमुंद जिले में मिनी माता महतारी जतन योजना से 2087 हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया है। योजना का लाभ उठाने वाली महासमुंद जिले के सुभाष नगर निवासी प्रमिला यादव ने बताया कि योजना के तहत 20 हजार रुपए की सहायता राशि प्रदान की गई। उन्होंने बताया कि उनके पति छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल अंतर्गत रेजा प्रवर्ग में पंजीकृत श्रमिक हैं। प्रमिला ने योजना की सराहना करते हुए कहा कि श्रम विभाग के अंतर्गत मिनी माता महतारी जतन योजना से मिली राशि का उपयोग बच्चों के रहन सहन और उचित देखभाल के लिए किया जा रहा है। श्रमिक परिवार की गर्भवती महिलाओं के लिए बहुत बड़ा सहारा बन रही है। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा गर्भवती महिलाओं को सहायता देने के लिए मिनी माता महतारी जतन योजना की शुरुआत की गई है। योजना के तहत गर्भवती महिलाओं को सहायता प्रदान की जाती है। जो भवन निर्माण तथा असंगठित क्षेत्र में निर्माण के कार्य में मजदूरी करती है या जिनके पति मजदूरी करते हैं। उनकी पत्नी को योजना का लाभ दिया जाता है।

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट स्कूलों में हर वर्ग के बच्चों को मिल रही है शिक्षा

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की परिकल्पना अब साकार हो रही है। प्रदेश की स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी और हिंदी माध्यम स्कूल से राज्य के लाखों बेटे, बेटियों की जिन्दगी संवर रही है। इसका लाभ सुदूर वनांचल हो या मैदानी इलाका, प्रत्येक जगह देखने को मिल रहा है और आधुनिक शिक्षा की उजली तस्वीर देखने को मिल रही है। प्रदेश में वर्तमान सत्र 2023-24 में 377 अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय तथा 349 हिंदी माध्यम विद्यालय कुल 726 स्कूल संचालित किए जा रहे है। स्कूल में 1 लाख 70 हजार बच्चे अंग्रेजी माध्यम और 2 लाख 20 हजार बच्चे हिन्दी माध्यम में पढ़ाई कर रहे है। राज्य सरकार की पहल से आज सुदूर अंचल के बच्चों को भी अंग्रेजी माध्यम स्कूल में खेलने के लिए बढ़िया मैदान, आधुनिक प्रयोगशाला, पुस्तकालय, जैसी सुविधाओं का लाभ मिल रहा है। सीएम के निर्देशन में शुरू की गयी स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूलों ने पालकों के आर्थिक बोझ को कम कर दिया है और पालकों के मन की चिन्ताएं दूर हो गई हैं। आज अंग्रेजी माध्यम स्कूल मैं पढ़ाई करके बच्चे अपनी प्रतिभा को बेहतर रूप में निखार रहे हैं। योजना ने आर्थिक रूप से कमजोर तबकों के बच्चों का आत्मविश्वास और स्वाभिमान बढ़ाया है। अंग्रेजी विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थीयों ने बोर्ड परीक्षाओं में मेरिट में अपना स्थान बनाया है। इन विद्यालयों में स्मार्ट क्लास, सुंदर भवन मार्डन पुस्तकालय, खेल मैदान, उत्कृष्ट प्रयोगशाला लैब आदि का बेहतर संचालन किया जा रहा है। जिससे प्रदेश में शासकीय विद्यालयों के प्रति बच्चों और पालकों के मन में लोकप्रियता बढ़ी है। स्वामी आत्मानंद विद्यालयों के संचालन से निर्धन गरीब वर्ग के बच्चों को उच्च गुणवत्ता के अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा प्राप्त होने से पालकों में बहुत उत्साह है। जिसके कारण सभी जगह से और भी आत्मानंद स्कूल खोले जाने की मांग लगातार हो रही है। छत्तीसगढ़ सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में निजी और सरकारी शालाओं के बीच के अंतर को कम करने और बच्चों को बराबरी के अवसर देने के लिए यह योजना शुरू की है।

बंद पड़े नर्सिंग होम में चोरी, आरोपी गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर शहर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मगरपारा मुख्य मार्ग स्थित वैल्यू नर्सिंग होम में चोरी की वारदात सामने आया है। चोरी की घटना को अंजाम देने वाले सरकंडा बंधवा पारा निवासी धीरेंद्र झरिया है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी को धरदबोचा। आरोपी के कब्जे से एक नग टीवी, एसी, आउटर नल की टोटी, समेत अन्य समान को बरामद किया है। मालूम हो कि वैल्यू अस्पताल की संचालिका डॉक्टर शिखा मित्रा इन दिनों पंजाब में निवासरत है जिसके चलते उक्त नर्सिंग होम में लंबे समय से बंद है। जिसका फ ायदा उठाकर चोर द्वारा वारदात को अंजाम दिया गया।

यूट्यूबर विलेज तुलसी में प्रशासन के सहयोग से बना अत्याधुनिक स्टूडियो

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर जिले के अनूठे यूट्यूबर गांव तुलसी नेवरा में आज यूट्यूबर युवाओं के समूह में खुशी की लहर दौड़ उठी जब कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे उनके बीच उनके गांव पहुंचे और उनके लिए विशेष स्टूडियों ''हमर फ्लिक्स'' का उद्घाटन किया। यह स्टूडियों जिला प्रशासन और सीएसआर हाईटेक द्वारा बनाया गया है। इस अवसर पर बीइंग छत्तीसगढ़िया यूट्यूब चैनल के क्रिएटर ज्ञानेन्द्र शुक्ला सहित अन्य यूट्यूबर्स ने कलेक्टर को धन्यवाद देते हुए कहा कि जिला प्रशासन की इस सहयोग से हमारे गांव के यूट्यूबर्स को सहयोग मिलेगा और पहले से अच्छी गुणवत्ता की यूट्यूब वीडियों बना सकेंगे। पहले जिस कार्य के लिए हम महानगर जाते थे अब उसे अपने गांव में रहकर ही कर सकेंगे। साथ ही छत्तीसगढ़ परंपरा-संस्कृति का प्रचार प्रसार अधिक प्रभावी ढंग से कर सकेंगे। कलेक्टर ने यहाँ के युवाओं द्वारा बनाए गए यूट्यूब वीडियो को देखा और लाइक भी किया। इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि तुलसी गांव एक हमारे जिले ही नही प्रदेश का अनूठा यूट्यूबर विलेज है जहां 40 युवा यूट्यूबर का काम करते हैं जिनके 10 लाख से भी ज्यादा फॉलोवर्स हैं। इनके बनाये वीडियो में 3 करोड़ से ज्यादा व्यू मिले हैं। यह हमारे लिए गर्व की बात है। इस स्टूडियो के माध्यम से यहाँ के युवाओं के टैलेंट और उनके माध्यम से अन्य युवाओं को प्रोत्साहन मिलेगा। उन्होंने कहा कि हम यहां 15 लाख रूपये की लागत से डिजिटल स्किल सेंटर भी डीएमएफ के माध्यम से बनाएंगे, जहां यूट्यूब और सोशल मीडिया से जुड़े युवा डिजिटल मार्केटिंग, ग्राफिक्र डिजाइनिंग, एसईओ जैसे स्किल्स सीख पाएंगे। गौरतलब है कि तुलसी गांव का हमर फ्लिक्स स्टुडियों यूट्यूबर्स और क्रिएटर्स के लिए आवश्यक उपकरण से लैस है। अत्याधुनिक कैमरे, ड्रोन कैमरे, हाइएंड कंप्यूटर जैसे उपकरण जिला प्रशासन ने उपलब्ध कराए है। शूटिंग के साथ-साथ एडिटिंग के लिए भी सॉफ्टवेयर्स की व्यवस्था की गई है। स्टूडियो में ऑडियो लैब भी बनाया गया है जहां ऑडियो मिक्सर सॉफ्टवेयर और उपकरण से क्रिएटर्स आसानी से ऑडियो रिकॉर्डिंग और मिक्सिंग कर पाएंगे साथ ही पॉडकास्टिंग भी कर पाएंगे। 25 लाख की लागत से इस स्टूडियों को तैयार किया गया है। साथ ही यह आर्टिस्ट एसोसिएशन भी बनाया जाएगा जिसके लिए जिला प्रशासन आर्ट से संबंधित संस्थानों के साथ एमओयू कर युवाओं को डिजिटल क्षेत्र में बेसिक और प्रोफेशनल कौशल सीखा कर उन्हें भविष्य के लिए तैयार कर पाएंगे।

सड्डू में 44 वें नि:शुल्क नियमित योगाभ्यास केंद्र का शुभारंभ

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा द्वारा राजधानी रायपुर के सड्डू क्षेत्र स्थित कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड के वृंदावन गार्डन में 44वें निःशुल्क योग कक्षा का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला सहकारी बैंक रायपुर के अध्यक्ष पंकज शर्मा, वार्ड पार्षद सुशीला धीवर ने की। इस अवसर पर ज्ञानेश शर्मा ने गार्डन परिसर में पौधारोपण भी किया गया। ज्ञानेश शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ योग आयोग निःशुल्क योग कक्षाओं के माध्यम से लोगों में स्वास्थ्य के प्रति सजगता एवं जागरूकता पैदा कर रहा है। लोग योग के माध्यम से न केवल अपने रोगों को मिटा रहे हैं बल्कि रोगों से बच भी रहे हैं। छत्तीसगढ़ योग आयोग गठन से लेकर अब तक छत्तीसगढ़ में योग का लगातार प्रचार-प्रसार कर लोगों को योग से जोड़ने का कार्य कर रहा है। आगामी सप्ताह गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड का कार्यक्रम राजधानी में आयोजित है। पंकज शर्मा जी ने कहा कि योग हमारे जीवन के लिए आवश्यक है और हम इसे अपने जीवन शैली में शामिल करें। पार्षद सुशीला धीवर अपने वार्ड में योग कक्षा खोलने पर खुशी व्यक्त की। इस अवसर पर योग शिक्षक छबि राम साहू एवं ज्योति साहू ने योगाभ्यास कराया।

केंद्रीय जेल में संस्कृत श्लोक पाठन सप्ताह का समापन

रायपुर/नवप्रदेश। केंद्रीय जेल रायपुर की संस्कृत पाठशाला के बंदी शिक्षार्थियों की सहभागिता के साथ संस्कृत सप्ताह का समापन हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत संस्कृत बोर्ड के अध्यक्ष डा. सुरेश शर्मा के स्वस्ति वाचन के साथ माता सरस्वती के छाया चित्र पर माल्यापण और दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम में जेल की संस्कृत पाठशाला के शिक्षार्थियों ने स्वागत गीत और संस्कृत श्लोकों के साथ संस्कृत के रंग से सराबोर कर दिया। संस्कृत में ही मानवीय सभ्यता के सर्वांगीण विकास के रहस्य अंतर्निहित है। अब समय आ गया है, जब हम अपनी इस गौरवशाली परंपरा की समृद्ध भाषा को अपनाकर देश के सर्वांगीण विकास का मार्ग प्रशस्त करें। इस अवसर पर डा. सुरेश शर्मा अध्यक्ष छग राज्यसंस्कृत विद्यामंडलम ने अपने उद्बोधन में संस्कृत को संस्कृति की पहचान बताते हुए कहाकि अगर भारतीय संस्कृति को जानना हो तो ज्ञान जरूरी है। संस्कृत केवल एक भाषा ही नहीं है, बल्कि ज्ञान का वह अनमोल खजाना है, जिसमें विज्ञान, चिकित्सा और योग के साथ-साथ ज्योतिष और अंतरिक्ष के गूढ़ रहस्यों का भी भेद बताता है। यह भाषा हमें ज्ञान की संपूर्ण कलाओं से जोड़कर सर्वज्ञ बनाने की क्षमता रखती है। उन्होंने गीता में वर्णित कर्म की महत्ता के जीवन दर्शन की सारगर्भित व्याख्या की और कर्म के व्दारा जीवन सुधार का संदेश दिया। सभा को अल्का दानी सचिव संस्कृत विद्यामंडलम, लक्षमण प्रसाद साहू, सहायक संचालक संस्कृत विद्यामंडलम, डा. विजय कुमार खंडेलवाल, प्राचार्य जेआर दानी शा. उमा वि. एमआर सावंत प्राचार्य प्रो. जेएन पांडेय शा.उ.बहु.उमा. वि. ने संबोधित किया। इस अवसर पर मधु सिंग, उपजेल अधीक्षक, अपर अष्टकोण अधिकारी सेवकराम सोनकर, सहायक जेल अधीक्षक और शशांक दीवान, जेल शिक्षक उपस्थित थे। जेल पाठशाला के संस्कृत शिक्षार्थी बंदियों की सहभागिता के साथ आयोजित इस कार्यक्रम का संचालन अध्ययन केंद्र प्रभारी नेतराम नाकतोड ने किया।

अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 14 सितंबर

रायपुर/नवप्रदेश। भारत सरकार मंत्रालय द्वारा अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति वर्ष 2023-24 के लिए किए गए विद्यार्थियों द्वारा आवेदनों का भी रिवेरिफाई कराना है। इसकी अंतिम तिथि 14 सितंबर निर्धारित की गई है। इस संबंध में शासकीय अशासकीय महाविद्यालय इंजीनियरिंग, मेडिकल कॉलेज, आईटीआई, नर्सिंग, पॉलिटेकिनिक, बी.एड इत्यादि महाविद्यालय के प्रमुख शासकीय अशासकीय स्कूलों के प्राचार्य को पत्र लिखा गया है। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति के पूर्व वर्ष 2022-23 के ऐसे विद्यार्थियों जिन्होंने अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति हेतु आवेदन किया यह है, एवं संस्था स्तर से उक्त विद्यार्थियों के आवेदनों को स्वीकृत किया गया है, ऐसे सभी हितधारकों का निर्धारित तिथि तक बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन करते हुए आवेदनों को रिवेरिफाई कराए जाना है। इस संबंध में सभी संबंधित संस्था अपने अध्ययनरत कक्षा 9वीं से उच्चतर एवं महाविद्यालय स्तर के ऐसे विद्यार्थी जिनके द्वारा वर्ष 2022-23 में अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति के लिए आवेदन किया गया है।

झारखंड में बंधक बनाए गए दो लोग शासन से लगाई मदद की गुहार

रायपुर/नवप्रदेश। आयरन कंपनी चंडिल जमशेदपुर-झारखंड में पिता-पुत्र को बंधक बनाकर रखने की जानकारी सामने आई है। शहर में रहने वाले गौतम साहू ने एक विज्ञप्ति जारी कर मुख्यमंत्री के साथ ही डीजीपी, गृहमंत्री आदि से बंधकों को छुड़ाने की गुहार लगाई है। जारी विज्ञप्ति में आवेदक गौतम साहू ने बताया कि उसके जीजा दुलार राम साहू एवं भांजा देवा साहू को चंडिल जमशेदपुर (झारखंड) के एक कंपनी प्रबंधन द्वारा बंधक बनाकर रख लिया है । उनके साथ मारपीट कर प्रताड़ित किया जा रहा है। नाम गुप्त रखने की शर्त पर कंपनी के ही उनके सहयोगियों ने फोन करके उक्त जानकारी दी है। दोनों का मोबाइल ऑन है परंतु मोबाइल रिसीव नहीं किया जा रहा है। वहीं उनके एकाउंट से 10 से 15 लाख रूपए भी निकाल लिया गया है। पीड़ितों की कोई सूचना नहीं मिलने से परिवार के लोग काफी चिंतित हैं। अतः मुख्यमंत्री, गृहमंत्री, डीजीपी, आईजी, एसएसपी को आवेदन देकर गौतम साहू ने मदद की गुहार लगाई है।

भूपेश पर भरोसा, राजिम को जिला जरूर बनाएंगे

■ संकल्प शिविर में भाग लेने पहुंच रहे राजिम और नवापारा शहर

राजिम/नवप्रदेश। बुधवार 6 सितंबर को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल संकल्प शिविर में भाग लेने के लिए कृषि उपज मंडी प्रांगण राजिम और नवापारा दोनों शहरों में पहुंच रहे हैं। त्रिवेणी संगम के दोनों पाट पर राजिम और नवापारा दो शहर व्यापारिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं। दोनों शहर अलग-अलग जिला में आते हैं राजिम गरियाबंद जिला तथा नवापारा आज भी रायपुर जिला में ही है। दोनों जिला मुख्यालय की दूरी दोनों शहर से 45 किलोमीटर से अधिक है।जिला बनने की स्थिति में दोनों शहरों में पंख लग जाएंगे और विकास की नई गाथा लिखेंगी। पिछले 32 सालों से सिर्फ मांग ही चल रही है। अभिभाजित मध्यप्रदेश के समय से लेकर नए छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद भी संत कवि पवन दीवान राजिम जिला की मांग उठाते रहे। उनके ब्रह्मलीन होने के बाद यहां के करीब 3 लाख से भी अधिक जनता लगातार जिला बनाने की मांग करते आ रहे हैं। परंतु किसी भी मुख्यमंत्री ने जनता के इस ऐतिहासिक मांग को पूरा नहीं किया है। भूपेश बघेल को मुख्यमंत्री बनाने के लिए राजिम विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं ने क्षेत्रीय विधायक अमितेश शुक्ला को 58000 से भी अधिक मतों से विजयी बनाया। यहां की जनता का कहना है कि राजिम विधानसभा को अभी तक जो सौगात मिलनी चाहिए वह नहीं नहीं मिला है। इन 5 साल के कार्यकाल में एक ही मांग शुरू से अंत तक रही है और अभी भी भूपेश पर भरोसा जाता रहे हैं कि राजिम जिला यदि कोई बनाएगा तो वह भूपेश बघेल ही है। भगवान राजीवलोचन एवं कुलेश्वरनाथ महादेव की नगरी को जिला बनाएं बिना वह अगला विधानसभा चुनाव में कैसे लीड ले सकता है। राजिम विधानसभा से अधिकतर कांग्रेस के प्रत्याशी जीतने के कारण इसे कांग्रेस का गढ़ भी कहा जाता है। वर्तमान में भी कांग्रेस के ही विधायक है। इसी तरह से अभनपुर विधानसभा क्षेत्र से वरिष्ठ विधायक धनेंद्र साहू लगातार चुनाव जीतते आ रहे हैं। कहना होगा कि

इस विधानसभा के लोगों का भी पक्का विश्वास है कि जिला यदि कोई बनाएगा तो वह भूपेश बघेल ही है। युवा से लेकर उम्र दराज लोग बिना सोचे समझे सीधे कांग्रेस को वोट देते हैं कारण एक ही है कि राजिम नवापारा जिला बने। लगता है जनता की आवाज अभी तक जीतने वाले विधायक समझ नहीं पाए हैं न ही मुख्यमंत्री ने गंभीरता से लिया है नतीजा दोनों विधानसभा के लोग कई वर्षों से छले जा रहे हैं। नई जनरेशन में पढ़े-लिखे युवाओं की सोच अब अलग होती जा रही है। कब स्थिति और परिस्थितियां दोनों बदल जाए कुछ कहा नहीं जा सकता है। राजनीतिक सलाहकारों की मानें तो कि यदि भूपेश सरकार इस बार राजिम - नवापारा को जिला नहीं बनाएगा तो उन्हें दोनों विधानसभा गंवाना पड़ सकता है। जागरूक जनता को निर्णय बदलने में देर नहीं लगेगी। चुनाव जीतने में एक वोट तथा सत्ता में आने के लिए एक सीट का उतना ही महत्व है जितना सरकार बनाने में लगता है। एक सीट भी कम पड़ जाए तो 5 साल के लिए कांग्रेस को विपक्ष में बैठना पड़ सकता है। वैसे भी छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद अमितेश शुक्ल के कैबिनेट मंत्री होने के बाद भी राजिम विधानसभा से सन् 2003 में कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा था और भाजपा के नए उम्मीदवार चंदूलाल साहू ने चुनाव जीतकर रिकॉर्ड बना दिया था जो पूरे प्रदेश में चर्चा था। सन् 2013 में भी कांग्रेस छोड़कर भाजपा में प्रवेश लिए प्रत्याशी संतोष उपाध्याय चुनाव जीते और विधायक बन गए। इसी तरह अभनपुर विधानसभा क्षेत्र से सन् 2008 में यहां की जनता का मूड बदल गया और सीधे भाजपा के चंद्रशेखर साहू को चुनाव जीता कर विधायक बना दिए। उस समय भाजपा की सरकार बनी और इन्हें कैबिनेट में स्थान देते हुए कृषि मंत्री भी बना दिया गया। उल्लेखनीय है कि आम जनता से लेकर जनप्रतिनिधि तक राजिम जिला के पक्ष में है। हर हाल में राजिम को जिला के रूप में देखना चाहते हैं। कार्यकाल समाप्त होने से पहले भी यदि राजिम नवापारा को जिला घोषित कर दिया जाता है तो मुख्यमंत्री भूपेश को राजिम और अभनपुर दोनों सीट सरलता से मिल सकते हैं। जनता को भरोसा है भूपेश आखरी समय में ही राजिम को जिला बनाएगी। इधर 6 सितंबर को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल संकल्प शिविर में भाग लेने के लिए राजिम और नवापारा दोनों शहरों में आ रहे हैं इससे यहां की जनता की उम्मीदें बढ़ गई है कि भगवान राजीवलोचन की नगरी को जिला जरूर बनाएगी।

मुख्यमंत्री का राजिम प्रेम किसी से छिपी नहीं

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का धर्म नगरी राजिम से प्रेम किसी से छिपी नहीं है मांघी पुन्नी मेला के समय कई बार राजिम आते हैं। पिछले वर्ष तो मेला की शुभारंभ और समापन दोनों समय राजिम पहुंचे। इसके बाद भी समय-समय पर भगवान राजीवलोचन एवं त्रिवेणी संगम के मध्य में स्थित विश्व प्रसिद्ध कुलेश्वरनाथ महादेव का दर्शन करने अपनी हाजिरी लगाते रहते हैं। पूरे प्रदेश में अपने भाषण के दौरान राजिम की महिमा का गुणगान करते हुए नहीं थकते हैं। कुछ दिन पहले राष्ट्रीय संत प्रदीप मिश्रा का प्रवचन राजधानी रायपुर में हुआ। समापन समारोह में पहुंचे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल छत्तीसगढ़ के प्रयागराज राजिम की गाथा का बखान करने लगे। इनके महत्व एवं हरि और हर के जयकारा लगाया। अप्रैल में भेंट मुलाकात के दौरान राजिम पहुंचे तो वह एक रात्रि विश्रामगृह में रुका। वह राजीवलोचन मंदिर सुबह पहुंचने वाले थे लेकिन शाम को ही दर्शन के लिए अचानक से पहुंच गए। उन्होंने दूसरे दिन अल सुबह कुलेश्वरनाथ महादेव का दर्शन भी किया।

गुरुकुल में कृष्ण जन्माष्टमी की धूम

कवर्धा/नवप्रदेश। नगर की प्रतिष्ठित संस्था गुरूकुल पब्लिक स्कूल में कृष्ण जन्माष्टमी के पूर्व दिवस की पावन बेला में कृष्ण जन्माष्टमी व मटकी फोड़ कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस शुभ अवसर पर संस्था के अध्यक्ष व समस्त पदाधिकारीगण, शाला के प्रभारी प्राचार्य समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएँ व छात्र-छात्राएँ उपस्थित थे। इस मनमोहक भव्य कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान कृष्ण व विद्या की देवी माँ सरस्वती के तैल चित्र पर माल्यार्पण व पूजन वंदना के साथ हुआ। शाला के उ.मा. व प्राथमिक विभाग के छात्र-छात्राओं द्वारा श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व की महत्ता व पूजन पर सारगर्भित भाषण प्रस्तुत किया गया। शाला की छात्राओं ने कृष्ण से संबंधी मधुर संगीत व भजन की प्रस्तुति देकर दर्शक दीर्घा की वाहवाही लूटी। छात्र-छात्राओं ने नयनाभिराम नृत्य की प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिए। मटकी फोड़ में जूनियर व सीनियर दो टीम बनाई गई। मटकी फोड़ प्रतियोगिता में शाला के सीनियर लड़कों ने मटकी फोड़कर विजयी हुए। नन्हे मुन्ने बच्चों ने हिन्दी अंग्रजी में कृष्ण जन्माष्टमी पर भाषण दिए तथा नाटक व नृत्य की मनमोहक व नयनाभिराम प्रस्तुति देकर कार्यक्रम में चार चाँद लगा दिए। दही हांडी कार्यक्रम में भी नन्हें मुन्ने बच्चों ने सहभागिता निभाकर कार्यक्रम को रोचक बना दिए। पूरा विद्यालय प्रांगण श्री कृष्ण भक्ति के मधुर ध्वनि से गुंजित व जय कन्हैया लाल के जयकारे से ध्वनित हो उठा।

ग्रामीणों से इंडेन गैस वितरक ले रहा 200 रु.अतिरिक्त चार्ज

■ केंद्र सरकार के आदेश की औव्हेलना, गैस पर 200 कम इधर ले रहे हैं 1191

■ 29 अगस्त से 200 कम कर दिए हैं गैस सिलेंडरों पर

बलौदा बाजार/नवप्रदेश। लवन नगर पंचायत में स्थित इंडियन ग्रामीण वितरक गैस एजेंसी संचालक द्वारा लिया जा रहा 200रु. अतिरिक्त चार्ज मामले का खुलासा तब हुआ जब ग्रामीणों द्वारा पत्रकारों को सूचना देकर बताया गया जहां पत्रकारों द्वारा गैस एजेंसी व गोदाम में पहुंचकर इसकी पड़ताल की जहां प्रत्येक हितग्राहियों को बगैर पर्ची/ स्लीप दिए गोदाम से ही नगदी रकम लेकर गैस सिलेंडर हितग्राहियों को इंडियन गैस सिलेंडर दिया जा रहा

था। इंडेन ग्रामीण वितरक एजेंसी संचालक धनेश टंडन को जानकारी होते हुए भी केंद्र सरकार घोषणा के बाद से ही अब तक सैकड़ो हितग्राहियों को 200रु. अतिरिक्त लेकर वितरण किया जा चुका है मामले का खुलासा तब हुआ जब पत्रकार पहुंचे जहां हितग्राहियों के हितग्राही कार्ड को देख जिसमें बाकायदा हितग्राहियों से 1191 रुपए लिया जा रहा था और कार्ड में साइन कर दिनांक भी लिखा जा रहा था जबकि ऑनलाइन चेक करने पर वह बलौदा बाजार के इंडेन गैस एजेंसी में पता करने पर 983 रुपए लिया जा रहा है। नगर पंचायत में इस प्रकार का धांधली एक सामान्य बात है यह अधिकारियों के मिलीभगत होने की ओर इंगित करता है क्योंकि अधिकारियों के जानकारी में होने के बावजूद भी किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं होना सवाल उठता है नगर पंचायत प्रशासन या स्थानी जनप्रतिनिधियों को इस विषय में क्यों जानकारी नहीं हुई साथ ही इस पर अतिरिक्त चार्ज को लेकर कोई नेता या जनप्रतिनिधि द्वारा आवाज क्यों नहीं उठाया गया कहीं ना कहीं सब मिली भगत की ओर इशारा करता है। वहीं सूत्रों की माने तो इंडियन ग्रामीण वितरक एजेंसी संचालक के अंदर लगभग 16 हजार से अधिक हितग्राही है।

क्या 200 अतिरिक्त वसूली की होगी जांच

इंडियन ग्रामीण वितरक एजेंसी संचालक के लगभग 16000 से अधिक हितग्राही होने की जानकारी सूत्रों से मिली है 29 अगस्त से केंद्र सरकार के गैस सिलेंडर पर 200रु. काम करने के फरमान से 30 अगस्त से सभी गैस सिलेंडरों पर ?200 काम लिया जा रहा है किंतु यहां लवन नगर पंचायत के इंडेन ग्रामीण वितरक द्वारा केंद्र सरकार सिलेंडर काम किए हुए राशि को ना लेकर 1193 लिया जा रहा है जो जांच का विषय है ।आगर जिले में बैठे उच्च अधिकारियों द्वारा सही-सही अगर जांच किया जाता है तो निश्चित ही सैकड़ो के तादाद में गैस एजेंसी संचालक द्वारा अतिरिक्त राशि वसूली की गई है जो जांच में सामने आ जाएगा।

> मैं अभी बाहर हूं आपके द्वारा जानकारी मेरे संज्ञान में लाई गई है जांच किया जाएगा ।
>
> **- अमित शुक्ला , ब्लॉक खाद्य अधिकारी बलौदा बाजार**
>
> मेरे को जानकारी दिए ठीक है एक बार ब्लॉक खाद्य अधिकारी को भी जानकारी दे दीजिए क्योंकि यह मामला खाद्य अधिकारी का है।
>
> **- निवेश कोरेटी , तहसीलदार लवन।**

कलेक्टर ने 8 शिक्षकों को किया सम्मानित

खैरागढ़/नवप्रदेश। शिक्षक दिवस के अवसर पर कलेक्टर गोपाल वर्मा ने जिला के सेवानिवृत शिक्षको एवं कर्मचारियों को कलेक्ट्रेट सभागार में आमंत्रित कर सम्मानित किया। इस दौरान सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पेंशन आदेश, पुष्प गुच्छ, साल और श्रीफल भेंट किया गया।

गुरु का स्थान कोई नहीं ले सकता- कलेक्टर

केसीजी कलेक्टर गोपाल वर्मा ने शिक्षक दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में गुरु महिमा का बखान करते हुए कहा कि जीवन मे गुरु सबसे बड़ा होता है, उसका स्थान कोई नही ले सकता। आगे कहा कि मैं जब भी मिलता हूँ, अपने गुरुओं का सम्मान कर आशीर्वाद जरूर लेता हूँ। इस अवसर जिले के सेवानिवृत 8 शिक्षकों एवं स्वास्थ्य विभाग के एक कर्मचारी को कलेक्ट्रेट सभागार में आमंत्रित कर सम्मानित किया गया। कलेक्टर ने अपने हाथों से सम्मान में कर्मचारियों को पीपीओ/जीपीओ पेंशन आदेश, पुष्प गुच्छ, साल और श्रीफल सौंपकर सम्मानित किया। इस दौरान कलेक्टर ने जिला कार्यालय सभाकक्ष में निष्पक्ष मतदान हेतु स्लोगन और शपथ दिलाकर लोगो को जागरूक किया गया।

शिक्षक दिवस पर इनका हुआ सम्मान

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने 5 सितम्बर को शिक्षक दिवस में जिले के सेवानिवृत्त प्रधान पाठकों और कर्मचारियों को सम्मानित किया- इनमें सर्वश्री दिलीप कुमार वर्मा, धनऊ राम साहू, अंजोर दास सायतोड़े, ठाकुर राम वर्मा, मदन मोहन कौशिक, नारायण दास वैष्णव, चन्द्रकिशोर कामड़े, शिवरेखा साह और दिव्यप्रभा मंडावी, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक आदि सम्मीलित हुए। कार्यक्रम में अपर कलेक्टर डी एस राजपूत, जिला शिक्षा अधिकारी डॉ के व्ही राव, जिला कोषालय अधिकारी गिरीश देवांगन, नीलम राजपूत, रमेंद्र डडसेना, डॉ मकसूद, सुजीत चौहान एवं शिक्षा विभाग और जिला कोषालय के अन्य अधिकारी और सम्मानित होने वाले कर्मचारियों के परिवार के लोग उपस्थित हुए।

लमती विद्यालय में मनाया गया शिक्षक दिवस

भाटापारा/नवप्रदेश। भारत के द्वितीय राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया गया। इस

अवसर विद्यालय के विद्यार्थियों ने विद्यालय में पदस्थ अपने शिक्षकों का सम्मान कर कृतज्ञता प्रगट किए। इस वर्ष आगामी विधानसभा निर्वाचन कार्य हेतु मतदाता जागरूकता लाने मतदान दीपदान का थीम शिक्षक दिवस के साथ जोड़ा गया था। शिक्षक दिवस के इस गौरवपूर्ण कार्यक्रम में पालक भी उपस्थित थे जिन्हें मतदाता के रूप में आमंत्रित किया गया था। इस कार्यक्रम में संस्था प्रमुख प्रधान पाठक मुकेश वर्मा, सहायक शिक्षक कन्हैया साहू, तिरीथ बाँधे उपस्थित रहे। शिक्षक दिवस का महत्व एवं सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी के जीवन पर प्रकाश शिक्षक सह साहित्यकार कन्हैया साहू ने डाला। उपस्थित पालकों में दुलौरिन निषाद, सुंदर लाल, रामकली ध्रुव,अशोक, अनिता ध्रुव, चंदर लाल, कांति निषाद, इंद्राणी यादव, विमला निषाद, पतिराम ध्रुव, पुरसोत्तम ध्रुव, सुखऊ निषाद प्रमुख थे।

भाजपा की बैठक में शामिल हुए केके देवांगन

भाटापारा/नवप्रदेश। भाजपा जिला कार्यालय में जिले की आवश्यक

बैठक संपन्न हुई,जिसमें इंजीनियर के के देवांगन सदस्य भाजपा प्रदेश ओबीसी मोर्चा भी शामिल हुए। बैठक को संबोधित करने प्रभारी रायपुर संभाग, एवम बिहार के प्रदेश भाजपा कोषाध्यक्ष दिलीप जयसवाल पहुंचे थे, सभी का परिचयात्मक बैठक हुआ। जयसवाल ने आने वाले विधान सभा चुनाव में बुथ स्तर तक कार्य करने की बात कहीं साथ ही सभी को प्रभारी का मार्गदर्शन मिला। इस बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष डॉक्टर सनम जांगड़े, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मी वर्मा सहित सभी विधान सभा के प्रभारी, जिला के सभी मण्डल के पदाधिकारी, एवम कार्यकर्ता गण शामिल हुए।

अनुविभागीय दंडाधिकारी ने राजनीतिक दलों की ली बैठक

बेमेतरा/नवप्रदेश। अनुविभागीय दंडाधिकारी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी साजा विश्वास राव मस्के ने आज अपने कार्यालय कक्ष में राजनीतिक दलों की प्रतिनिधियों को बैठक में द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण में प्राप्त आवेदनों की जानकारी के साथ मतदान केंद्रों के संबंध अवगत कराया। श्री मस्के ने बताया कि विधानसभा आम निर्वाचन 2023 हेतु अंतिम मतदाता सूची तैयार की जा रही हैं। राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य का विशेष अभियान चल रहा हैं। जिसकी अंतिम तिथि 11 सितंबर2023 हैं। ज़िले के सभी मतदान केंद्रों पर पूर्व की भांति 2 सितंबर 2023(शनिवार) एवं 3 सितंबर (रविवार) 2023 को विशेष शिविर आयोजित किए गए थे। जिसमें आम नागरिक अपने मतदाता सूची में नाम जुड़वाकर आगामी निर्वाचन में मतदान कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि ऐसे सभी युवा जिनकी आयु 01 अक्टूबर 2023 को 18 वर्ष पूरे हो रहे,तो वह युवा मतदाता बनने हेतु, जिस निर्वाचन क्षेत्र के सामान्य निवासी है वहा के बीएलओ से संपर्क कर फार्म 6 प्राप्त कर सकते है।

प्रदेश में शिक्षा और सुविधा का अच्छा वातावरण : चौबे

■ स्कूल शिक्षा मंत्री ने 67 सेवानिवृत शिक्षिकों व 43 छात्रों को किया सम्मानित

बेमेतरा/नवप्रदेश। स्कूल शिक्षा मंत्री रविंद्र चौबे, कुलपति हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग डॉ. अरुणा पल्टा व संपादक विवेक ज्योति रामकृष्ण मिशन रायपुर स्वामी प्रत्यानन्द ने आज शिक्षक दिवस के मौके जिलें के 67 स्कूल कॉलेज के सेवानिवृत्त शिक्षक-शिक्षिकाओं को साल श्रीफल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। वहीं 43 स्कूल-कॉलेज के मेधावी छात्र-छात्राओं प्रशस्ति पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम जिला मुख्यालय बेमेतरा के कृषि उपज मंडी प्रांगण में आयोजित हुआ। छत्तीसगढ़ बोर्ड की 10 वीं की परीक्षा में टॉप टेन मेधावी छात्र दिव्यांशु को श्रम विभाग की मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना के तहत दो पहिया वाहन स्कूटी की चाबी सौपीं। वही स्कूल की और एक लाख रुपये का चेक दिया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री चौबे ने शिक्षक दिवस पत्रिका का विमोचन किया एवं शाल श्रीफल देकर सम्मानित किया।

स्कूल शिक्षा मंत्री रविंद्र चौबे ने सभी सम्मानित शिक्षकों व विद्यार्थियों को बधाई व शुभकामनाएं दी। शिक्षक ही समाज को सही दिशा व बच्चों को अच्छे संस्कार देने का काम करते है। उन्होंने भारत के राष्ट्रपति रहे, डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को नमन किया। उन्होंने कहा छत्तीसगढ़ में शिक्षा और सुविधा में विस्तार हुआ है। छत्तीसगढ़ में स्वामी आत्मानंद अंग्रेज़ी विद्यालय खोले गये हैं। आज बच्चे अंग्रेज़ी में शिक्षा ले रहे हैं।

मंत्री रविन्द्र चौबे ने शिक्षक दिवस पर अपने गुरुजनों का स्मरण कर यादें साझा की। उन्होंने कहा कि भारत की धरती पर समाज अगर सही शब्दों में किसी का सम्मान करता है, तो वह गुरु-शिक्षक का करता हैं। समाज और व्यक्तियों को अच्छे संस्कार देने का काम शिक्षक करते है।

महिलाओं ने की सामूहिक हलषष्ठी पूजा लेकर

पिथौरा/नवप्रदेश। पिथौरा सहित अंचल में हलषष्ठी पर्व को लेकर महिलाओं में काफी उत्साह देखा गया । महिलाएं अपने संतान की लंबी उम्र की कामना करते हुए हल षष्ठी व्रत रखती हैं । जिसको लेकर पिथौरा सहित आसपास क्षेत्रों में महिलाओं द्वारा सामूहिक रूप से पूजा अर्चना की गई । हल षष्ठी पर्व पर खास मान्यता है जिसमें महिलाएं दिनभर निर्जला व्रत रखती है और अपने संतानों कि लंबी उम्र की कामना करती हैं और मान्यता यह भी है कि जिनकी संतान न हो वे महिलाएं संतान प्राप्ति के लिए व्रत रखती हैं । हल षष्ठी पर महिलाएं सामूहिक रूप से एकत्रित होकर सगरी कुंड बनाकर पूजा अर्चना करती हैं जिसमें खास

बात यह है कि इस पूजा में सिर्फ भैंस के दूध घी से ही पूजा करती हैं और इस पूजा के लिए किसी पात्र या बर्तन का उपयोग न कर पत्ते से बने दोना पत्तल और दातुन के लिए कुस काडी का उपयोग किया जाता है । हल षष्ठी व्रत रखकर महिला मिट्टी के शिवलिंग बनाकर पूजा अर्चना करती हैं । पिथौरा क्षेत्र में महिलाओं ने अपने संतान कि लंबी उम्र और सुख समृद्धि के लिए निर्जला व्रत रखकर विधिविधान से पूजा अर्चना किया ।

राशि का गबन | फिर सामने आया एक और भ्रष्टाचार, सरकारी नुमाइंदों ने फर्जी नियुक्ति कर डकार ली 2.40 लाख

शैक्षणिक संस्थानों में नहीं थम रहे भ्रष्टाचार के मामले

■ मामला उजागर होने पर लीपापोती की कोशिश में जुटे

गरियाबंद/नवप्रदेश। जिले में शिक्षा और शिक्षा से जुड़े शैक्षणिक संस्थानों में भ्रष्टाचार के मामले थमने का नाम ही नहीं ले रहे हैं। पिछले 5 सालों में देखा जाए तो भ्रष्टाचार के मामले को लेकर गरियाबंद के शिक्षा विभाग ने तो सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। तबादला, पदोन्नति, पोस्टिंग और सामग्री खरीदी के मामले में भ्रष्टाचार के नाम से शिक्षा विभाग लगातार सुर्खियों में रहा है। अब शिक्षा विभाग के समतुल्य ही राजीव गांधी शिक्षा मिशन अंतर्गत भी सरकारी राशि के गबन और भ्रष्टाचार का एक मामला उजागर हुआ है जो जिले से लिए राजधानी तक सुर्खियों बतौर रहा है। मामले में खास बात ये है कि फर्जी नियुक्ति कर सरकार राशि के गबन के बाद सरकारी नुमाइंदों ने कार्यवाही से बचने की जो तरकीब निकाली, उसने प्रशासन के भी कान खड़े दिए है। मामले में तात्कालिक डीएमसी श्याम चंद्राकर की भूमिका भी संदेह के दायरे में है। ताजा मामला जिले के देवभोग ब्लाक में स्थित कस्तूरबा गाँधी आवासीय विद्यालय का हैं। राजीव गाँधी शिक्षा मिशन अंतर्गत संचालित इस आवासीय विद्यालय में सालभर पहले की गई एक लेखापाल के नियक्ति का मामला काफी सुर्खियों में है। इसकी शिकायत जिले के उच्च आला अफसर से भी की जा चुकी है। जानकारी के मुताबिक देवभोग ब्लाक में स्थित कस्तूरबा गाँधी आवासीय विद्यालय में एक साल पहले बगैर विज्ञापन निकाले, सभी सरकारी भर्ती प्रकिया के नियमों को दरकिनार करते हुए यहां पदस्थ अधीक्षिका ने अपने ही रिश्तेदार को नियम विरुद्ध पूर्णकालिक लेखापाल के पद पर रख लिया। 20 हजार रुपए के मासिक वेतन के हिसाब से करीब एक साल तक उसके नाम से हर

माह वेतन भी जारी होता रहा। एक साल में करीब दो लाख 40 हजार रुपए का वेतन जारी कर आहरण भी कर लिया गया। परंतु जैसे हीं मामला उजागर हुआ अधीक्षिका ने वेतन आहरण बंद कर दिया। सूत्रों के मुताबिक जिस युवती की लेखापाल के पद पर नियक्ती की गई वह एक दिन भी काम में नही गई। बल्कि इस अवधि में रायपुर में रहते हुए एक कालेज में नियमित छात्र के रूप पढ़ाई कर रही थी। पता तो ये भी चला है कि वह अधीक्षिका की ही रिश्तेदार है। इधर, मामला उजागर होने के बाद चर्चा है कि पूरा प्रशासनिक अमला इसके लीपापोती में जुट गया। मामला संज्ञान में आने के बाद प्रशासन ने अधीक्षका के ऊपर बड़ी कार्रवाई करने के बजाय उक्त आहरित सरकारी राशि के रिकवरी निर्देश जारी कर किनारा कर लिया। मामले को लेकर चर्चा है कि पूर्व डीएमसी श्याम चंद्राकर की दखल के चलते हैं इसमें अब तक बड़ी कार्रवाई नहीं हुई है। दरअसल उक्त मामले में पूर्व डीएमसी श्याम चंद्राकर की भूमिका भी संदेह के दायरे में है। क्योंकि उनके डीएमसी होते ये सरकारी राशि के गबन का खेल चलता रहा। देखा जाए तो नियम विरुद्ध नए कर्मचारी के नियुक्ति और वेतन आहरण की जानकारी डीएमसी कार्यालय को न होना संभव नहीं हैं। सूत्रों के मुताबिक इस मामले में विभागीय जांच और सरकारी राशि के नियम विरुद्ध आहरण को लेकर दोषी नजर आ रही अधीक्षिका पर कार्यवाही को लेकर प्रशासन का स्टैंड स्पष्ट नजर नहीं आ रहा है। अब तक की कार्रवाई को लेकर यही प्रतीत हो रहा है कि सीधे तौर पर प्रशासन मामले को दबाने और लीपा पोती करने में जुटा हुआ है। इधर मामले को लेकर इस बात की भी चर्चा जोरों पर है कि संबंधित अधीक्षिका को देवभोग ब्लाक में अपने रिश्तेदार को छोड़कर कोई अन्य लेखापाल के पद के लिए योग्य नहीं मिला। ऐसे जरूरतमंद को नौकरी पर रखा गया जो खुद दूसरे ब्लॉक के निवासी है, जिसके परिवार के सदस्य पहले से ही मैनपुर ब्लाक में शिक्षा अधिकारी के दफ्तर में लिपिक के पद पर कार्यरत है। ऐसा प्रतीत होता है की शाला विकास समिति को भी गुमराह किया गया है। इस सम्बध में कलेक्टर के पास आवेदन देकर अलग से मामले जांच की बात मांग की गई है। जानकार प्रशासनिक सूत्रों का कहना है कि सीधी भर्ती के तहत नियुक्त किसी भी तृतीय श्रेणी लिपिक वर्ग के कर्मचारी को इतना वेतन प्राप्त नहीं होता है। शासन स्तर पर नया कोई मानदेय निर्धारित किया गया होगा तो शायद यह संभव हो परंतु हमारी जानकारी में यह बात अभी समाने नहीं आई है स वहीं कुछ लोगों का कहना है कि यह आसानी से केवल भ्रष्टाचार करने के उद्देश्य से ही सम्भव हो सकता है।

> इस संबंध में कलेक्टर आकाश छिकारा से चर्चा करने पर उन्होंने बताया कि शिकायत सामने आने के बाद रिकवरी आदेश जारी किए गए हैं। विभागीय जांच के बाद संबंधित अधीक्षिका के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

अवैध पोस्टर, होर्डिंग्स हटाने निगम ने चलाया अभियान

■ विभिन्न स्थानों से हटाए गए बैनर पोस्टर

भिलाई/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के सार्वजनिक स्थान, बिजली खंभे एवं सड़क किनारे में लगे हुए अवैध होर्डिंग बेनर,पोस्टर को हटाने भिलाई निगम ने अभियान चला रखा है।

निगम आयुक्त रोहित व्यास ने राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किये है कि संपूर्ण निगम क्षेत्र में कहीं भी अवैध बैनर पोस्ट या होर्डिंग्स लगाया जाता है उस पर तत्काल कार्रवाई करे।

आयुक्त के निर्देश के पर सभी जोन के राजस्व अमला अपने क्षेत्र में अवैध रूप से लगे पोस्टर होर्डिंग को हटाने के लिए अभियान चला रहे है। बुधवार को जोन 01 नेहरू नगर के राजस्व विभाग की टीम ने शहर से अवैध पोस्टर होर्डिंग हटने संसाधनों के साथ निकले और नेहरू नगर चौक से सूर्या मॉल चौक तक, मॉल चौक से रानी अवंती बाई चौक तक, गदा चौक से घड़ी चौक सुपेला तक, घड़ी चौक से आकाशगंगा मंडी रोड, सर्कस मैदान से सेक्टर 6 अंडर ब्रिज से नेहरू नगर ओवरब्रिज तक अवैध तरीके से लगाये हुए पोस्टर होर्डिंग को हटाया गया। इसके कारण शहर की सुंदरता पर भी प्रभाव पड़ता है, वही सड़क किनारे या डिवाईडर लगे हुए बैनर पोस्टर हवा तूफान में टूटने फटने से हवा में लटकते रहते है जिसे दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। इन सभी कारणों से लगातार कार्रवाई की जा रही है ।

राजस्व वसूली बेहतर बनाने ली बैठक

दुर्ग/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम महापौर धीरज बाकलीवाल व आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने कहा राजस्व वसूली सहित अन्य सौपे गये कार्यो में गुणवत्तायुक्त प्रदर्शन दिखाए।राजस्व वसूली को बेहतर बनाने के लिए महापौर धीरज बाकलीवाल व आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के निर्देश पर राजस्व अधिकारी दुर्गेश गुप्ता द्वारा राजस्व विभाग कक्ष क्रमांक 2 में समस्त राजस्व उपनिरीक्षक, सहायक राजस्व निरीक्षक के अलावा नगर निगम में टैक्स कलेक्शन करने वाली संस्था स्पैरो सॉफ्टेक कम्पनी के मैनेजर और उनके टैक्स कलेक्टरों की राजस्व वसूली की समीक्षा की गई।बैठक के दौरान समस्त आर एस आई,एआरआई एवं टैक्स कलेक्टरों को डिमांड बिल हर बकायादार को जारी करने की बात कही एवं प्रत्येक एआईआई एवं टैक्स कलेक्टर हर घरों में जाये और उन्हें डिमांड बिल के साथ साथ टैक्स की राशि जमा करने हेतु कहें।प्रतिदिन वसूली का टैक्स कलेक्टरों को टारगेट दिया गया है वह हर दिन 60 से 70 घरों जाये और उनसे टैक्स पटाने हेतु कहे।और उसकी जानकारी प्रतिदिन अपने रजिस्टरों में नोट करें, उसके पश्चात स्पैरो मैनेजर व टैक्स कलेक्टरो की प्रतिदिन शाम 5 बजे उनके द्वारा किये गए कार्यो की और उनके द्वारा किया संग्रहित टैक्स की राशि की समीक्षा कर टैक्स की राशि जिसकी टैक्स कलेक्टर के द्वारा कम राशि होगी उन पर कार्रवाही प्रस्तावित की जाएगी।उन्होंने कहा सभी राजस्व कार्यो में गुणवत्तायुक्त बेहतर प्रदर्शन करें,जानकारी के मुताबिक दुर्ग नगर निगम द्वारा इस वर्ष पिछ्ले वर्ष की डिमांड में बढ़ोतरी कर 22.00 करोड़ रुपए डिमांड है।

महापौर-आयुक्त ने ली निगम अधिकारियों की समीक्षा बैठक

दुर्ग/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम।महापौर धीरज बाकलीवाल और निगम आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने निगम के अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में कहा कि किसी भी काम में हील हवाला और लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी।महापौर ने कहा कि शहर के उद्यानों, तालाबों के विकास, सुंदरीकरण के काम, पेयजल व्यवस्था, नालियों, नालों की सफाई व्यवस्था, सड़क निर्माण, पैचवर्क आदि के विकास कार्य समयसीमा के भीतर गुणवत्तायुक्त तरीके से पूरा समय सीमा पर कराए। संबंधित अधिकारी मानिटरिंग करते हुए यह सुनिश्चित करवाएं, ताकि दुर्ग शहर को सुंदर, स्वच्छ और स्मार्ट सिटी का स्वरूप शीघ्र मिल सके। महापौर ने सभी नालों, नालियों की सफाई जल्द से जल्द व्यवस्थित रूप से करवाने को कहा,सफाई के साथ पेयजल, सड़क बत्ती के मौलिक कार्यो को नगर हित में पहली प्राथमिकता देने की बात कही। आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था का सुगम प्रबंधन करवाते हुए उसके संधारण कार्य को प्राथमिकता से करवाने को कहा है।आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने समीक्षा बैठक में कलेक्टर टीएल,जन चौपाल, पीजी एन एवम एक कदम समाधान की ओर के अलावा उन्होंने राजस्व वसूली को लेकर वसूली में तेजी लाने के लिए निर्देश दिए,शहर के खाली जगहों पर वृक्षारोपण, बाजार क्षेत्र इदिरा मार्केट के दुकानों के बाहर गमला वितरण,व्यापारियो से बात करें।

साई मंदिर में जन्माष्टमीआज, भजनों की मचेगी धूम

दुर्ग। कसारीडीह चौक सिविल लाइन स्थित प्रसिद्ध श्री साई बाबा मंदिर में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी 7 सितंबर, गुरुवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर दोपहर 3:30 बजे श्री साई सत्संग मानस महिला मंडली और रात्रि 8 बजे श्री साई बाबा भजन मंडली कसारीडीह द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। रात्रि 12 बजे भगवान श्री कृष्णा के जन्म उत्सव पर महाआरती उपरांत मक्खन मिश्री का महाप्रसादी वितरण किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए श्री साई मंदिर समिति के अध्यक्ष श्रीकांत समर्थ और सचिव धनेंद्र सिंह चंदेल ने जन्माष्टमी पर आयोजित समस्त धार्मिक कार्यक्रम में श्रद्धालुओं से शामिल होने की अपील की है।

स्ट्रीट वेंडर्स को महापौर ने दिया विक्रय प्रणाम-पत्र

भिलाईनगर। नेहरू नगर चौक स्थित स्ट्रीट वेंडर्स को विक्रय प्रमाण पत्र महापौर नीरज पाल द्वारा हितग्राहियों को वितरण किया गया प्रमाण पत्र से उन्हें व्यापार में कई तरह के लाभ होंगे। राष्ट्रीय आजीविका मिशन अन्तर्गत भिलाई निगम क्षेत्र के स्ट्रीट वेंडर्स को व्यवस्थित कर सम्मानपूर्वक व्यवसाय करने स्थान दिया जा रहा है। वेंडिंग जोन में आवंटित गुमटी का विक्रय प्रमाण मिलने से व्यवसायियों ने महापौर एवं निगम प्रशासन का आभार जताया।

राष्ट्रीय शही आजीविका मिशन के मिशन मैनेजर नलीनी तनेजा ने बताया कि भिलाई निगम क्षेत्र में जितने भी स्ट्रीट वेंडर है उन्हें चिन्हांकित कर पहचान पत्र जारी किया गया है, इसके अंतर्गत इन्हें व्यवयास को बढ़ावा देने लोन भी प्रदान किया जाता है।

निगम आयुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर स्ट्रीट वेंडर्स को व्यवस्थित करने का कार्य लगातार जारी है। भिलाई निगम के सभी जोन क्षेत्रों में स्ट्रीट वेंडर्स के लिए वेंडिंग जोन बनाने स्थल चयनित कर गुमटियां स्थापित की गई है ताकि व्यवसाय व्यवस्थित हो और शहर सुंदर दिखे। वर्तमान में नेहरू नगर चौक एवं पॉवर हाउस ब्रिज के नीचे वेंडिंग जोन की शुरूआत की जा चुकी है, विजय काम्प्लेक्स एवं वैशालीनगर गौरवपथ किनारे बनाया गया वेंडिंग जोन में गुमटियों का आवंटन कर इसे भी जल्द ही प्रारंभ किया जाना है। वेंडिंग जोन के हितग्राहियों को प्रदान किये गये अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी ने वेंडरो को जानकारी देते हुए बताया कि विक्रय प्रमाण पत्र उनके व्यवसाय हेतु है किसी भी प्रकार से भूमि या गुमटी का स्वामित्व नहीं है।

निधन

पुसऊराम कोसरे

भिलाई/नवप्रदेश। ग्राम पुरई वार्ड 6 निवासी पुसऊराम कोसरे 83 वर्ष का मंगलवार सुबह निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे रिटायर्ड टीचर धनऊराम कोसरे, ब्लॉक एजुकेशन अफसर शिवप्रसाद कोसरे, रामप्रसाद कोसरे के पिता एवं पूर्व जनपद सदस्य उत्तरा कोसरे के ससुर थे। सरपंच उमा रिगरी सहित गांव के नागरिकों ने शोक व्यक्त किया है।

27 हितग्राहियों को मिला आवास

■ कोई बेटे तो किसी ने पत्नी से निकलवाई आवास के लिए पर्ची

रिसाली/नवप्रदेश। रिसाली निगम के मैत्री कुंज में बने प्रधानमंत्री आवास का आवंटन लॉटरी निकालकर किया गया। हितग्राहियो ने आशियाना के लिए बेटे तो किसी ने अपनी पत्नी से पर्ची निकलवाई। बुधवार को महापौर शशि सिन्हा की अध्यक्षता में 27 हितग्राहियों को आवास आवंटन किया गया।

मोर मकान मोर आस घटक के तहत नगर पालिक निगम रिसाली के मैत्री कुंज में बने आवास का आवंटन आयुक्त आशीष देवांगन के मार्गदर्शन में किया गया। हितग्राहियों की संख्या कम होने की वजह से पहले चरण में 27 आवास का आवंटन किया गया।

महापौर की अध्यक्षता में निकाली गई लॉटरी में हितग्राहियों ने स्वयं आवास क्रमांक की पर्ची निकाली। इस अवसर पर महापौर ने रिसाली निगम में तीसरी बार हुए आवास आवंटन के लिए हितग्राहियों को बधाई दी। प्रक्रिया में विशेष रूप से सभापति केशव बंछोर महापौर परिषद के सद्स्य अनुप डे, सोनिया देवांगन, एल्डर मेन मोहम्मद निजाम , निगम सचिव रोहित साहू, प्रधानमंत्री आवास के आदित्य शर्मा, राजकुमारी बघेल आदि उपस्थित थे।

इन्हें मिला आवास

सुरेश सहनी, भोजकुमारी साहू, सतरूपा यादव, तोमिन बाई साहू, देवकी साहू, वन्दना सिंह, रेखा वर्मा, आशा सेन , दिनेश कुमार सिंह, अन्नपूर्णा चंचल, उषा चंचल, आरती वर्मा, दिलीप कुमार हठीले, मोमेश्वरी साहू, ओम कुमारी साहू, ममता मंडावी, मोहम्मद अली, स्नेहलता वर्मा, सरस्वती देवी, कहकशा बानो, अंजली अहिरवार, मीना तांडी, शशि बुंदेला, चंद कला जांगड़े, ज्योति किरण रात्रे,मोंगरा, उत्तम कुमार।

दावा आपत्ति में 208 का नाम

उल्लेखनीय है कि मैत्री कुंज में 145 आवास है। इसमें से 27 आवास का आवंटन बुधवार को किया गया। वही शेष आवास के लिए 208 लोगो ने आवेदन किया है। नामो की सूची दावा आपत्ति के लिए सार्वजनिक किया गया है। प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद आवास आवंटन किया जाएगा।

पावर लिफ्टिंग में सुनीता कुमेटी ने जीता सिल्वर मेडल

भिलाई/नवप्रदेश। राजनांदगांव में हुई 6वी राज्य स्तरीय पावर लिफ्टिंग स्पर्धा में प्रदेश के 300 खिलाड़ी शामिल हुए, नारायणपुर की सुनीता कुमेटी ने 52 किलो वर्ग में 230 किलो वजन उठाकर सिल्वर मैडल जीता, उन्होंने सबसे अधिक टोटल स्कोर भी अपने नाम किया। पावर लिफ्टिंग के अध्यक्ष सत्यप्रकाश मसीह, सचिव तेजा साहू, हरीनाथ, साइज कॉलेज प्राचार्य आर. एन सिंह, लचमेंद्र कुलदीप, रोहित सर, हेमंत,लेमेश,दुर्गेश, आदि खिलाड़ियों ने बधाई दी।

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग
नोटिस

रा.प्र.क्र. अ/6 वर्ष 2022-23

प्रति,
गणेश लांजेवार/शेषराव लांजेवार
म.नं. 579 आदित्य नगर दुर्ग

आवेदक श्रीमती प्रभावती देवी तिवारी आ. शोकहरण तिवारी साकिन पदमनाभपुर द्वारा ग्राम कातुलबोड़ प.ह.नं. 20 रा.नि.मं. दुर्ग स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि ख.नं. 34/21 रकबा 0.0140 हे. को रजिस्टर्ड बैनामा के माध्यम से दिनांक 07.10.2005 को आपसे क्रय किया था, जिसका नामांतरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाारधीन है। उपरोक्त प्रकरण में आपकी उपस्थिति के लिए दिनांक 14.9.23 नियत किया गया है। उपरोक्त तिथि को उपस्थित नहीं होने पर एक पक्षीय कार्यवाही किया जावेगा।

जारी दिनांक 29.08.2023

सील — तहसीलदार दुर्ग

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग
जिला दुर्ग
मामला क्र. अ-27/22-23

ईश्तहार
(धारा 178 प्रारूप ख)

क्योंकि मौजा पोटियाकला तहसील व जिला दुर्ग के सहभूमिस्वामी जगदीश प्रसाद आ. स्व. हीरालाल निवासी कसारीडीह तहसील व जिाल दुर्ग ने निम्नांकित अनुसूची में निर्दिष्ट खाते के अपने भाग के विभाजन के लिए आवेदन किया है एवं क्योंकि उक्त काते का बंटवारा किया जाना प्रस्तावित हुआ है एवं सुनवाई का दिनांक 14.09.2023 स्थान तहसील दुर्ग पर दिन 11 बजे नियत किया गया है। उक्त खाते में हित रखने वाले सभी व्यक्तियों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वे निश्चित दिनांक को या तो स्वतः अथवा किसी अभिभाषक अथवा प्रतिनिधि द्वारा हाजिर हो एवं अपनी आक्षेपों यदि कोई हो तो पेश करें।

उपरोक्त तिथि एवं स्थान पर हाजिर नहीं होने पर एवं आक्षेपों को पेश नहीं कर पाने की स्थिति में किसी आक्षेप पर विचार नहीं किया जावेगा।

खोत का विवरण
सर्वेक्षण संख्याक/भूखंडाक 177/1, 178/2
क्षेत्रफल 0.1700हे., 0.3320 हे.
भू राजस्व 0.2900

आज दिनांक 21/8/23 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया गया है।

सील — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग
जिला दुर्ग
मामला क्र. अ-74/22-23

उद्घोषणा-पत्र

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रुति मसीह पिता राबिन्सन मसीह साकिन वार्ड 49 बोरसी दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा अपने भूमिस्वामी हक की क्रयशुदा भूमि ग्राम कसारीडीह प.ह.नं. 40 तहसील व जिला दुर्ग में स्थित भूमि कुल खसरा न. 768/960 कुल रकबा 0.0070 हे. भूमि पर अभिलिखित नाबालिग शब्द को विलोपित कर बालिग दर्ज करने हेतु आवेदन पेश किया है। जिसका प्रकरण विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को इस संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो पेशी दिनांक 15.09.2023 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 4/9/2023 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय में पदमुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया गया है।

सील — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग
जिला दुर्ग

उद्घोषणा-पत्र
रा.प्र.क्र. अ-6/2022-23

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक अशोक कुमार गुहा वगै. पिता स्व. टी.पी. गुहा निवासी सिंधिया नगर दुर्ग तहसील दुर्ग जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम बोरसी तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 25/45 रकबा 0.022 हे. भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार गीता गुहा की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह पेशी दिनांक 15.09.2023 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 25.08.2023 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा के साथ जारी किया गया है।
जारी दिनांक 25.08.2023
सुनवाई दिनांक 15.09.2023

सील — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड कबीरधाम (छ.ग.)
निविदा आमंत्रण सूचना

ऑनलाईन निविदाएं 'प्रपत्र-ए' में प्रतिशत दर पर नीचे उल्लेखित कार्य के लिये DWSM, KABIRDHAM की ओर से कार्यपालन अभियंता एवं सदस्य सचिव DWSM द्वारा एकीकृत पंजीयन व्यवस्था ई-रजिस्ट्रेशन निविदा आमंत्रित की जाती है।
कार्य का विवरण :- कबीरधाम जिले के स. लोहारा विकासखण्ड में स्वीकृत एकल ग्राम नल जल प्रदाय योजनांतर्गत पेयजल प्रदाय एवं इत्यादि कार्य ।

निविदा सूचना क्रमांक/दिनांक	निविदा सिस्टम क्रमांक	योजना का नाम एवं विकासखण्ड	अनुमानित लागत (रूपए लाख में)
155/Dt. 04.09.2023	146632	विकासखंड स.लोहारा के ग्राम बाजगुढ़ा (आठवा आमंत्रण)	38.71

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई- प्राक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से दिनांक 04.09.2023 से देखी जा सकती हैं।

निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि :- 14.09.2023

जी-04980/3 — कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड कबीरधाम (छ.ग.)

कार्यालय कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग धमतरी संभाग धमतरी (छ.ग.)
Email ID - ee.dhamtari@nic.in
क्रमांक 4007/NIT-25/2023-2024/ व.ले.लि. — दिनांक 19/08/2023

// निविदा आमंत्रण सूचना //
प्रथम आमंत्रण

1 निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 11/09/2023 अपरान्ह 5.30 बजे तक
2 ठेकेदार द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 19/09/ 2023 अपरान्ह 5.30 बजे तक
3 निविदा खोलने की तिथि :- 20/09/2023 प्रातः 11.30 बजे

एनआईटी क्र.	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि (रू. में)
25 T0110	कुरूद अनुविभाग के अंतर्गत गैर आवासीय भवनों का वार्षिक संधारण कार्य (उच्च शिक्षा विभाग)	11.57 8700,00 300000.00
25 T0111	कुरूद अनुविभाग के अंतर्गत गैर आवासीय भवनों का वार्षिक संधारण कार्य (स्वास्थ्य विभाग)	13.81 10400.00 300000.00
25 T0112	कुरुद अनुविभाग के अंतर्गत गैर आवासीय भवनों का वार्षिक संधारण कार्य (खेल विभाग)	9.02 6800.00 300000.00
25 T0113	कुरूद अनुविभाग के अंतर्गत गैर आवासीय भवनों का विशेष मरम्मत एवं लघुमुल गौण कार्य	19.94 15000.00 300000.00
25 T0114	कुरूद अनुविभाग के अंतर्गत आवासीय भवनों का वार्षिक संधारण (उपखंड कुरुद एवं भखारा)	14.04 10600.00 300000.00
25 T0115	कुरूद अनुविभाग के अंतर्गत आवासीय भवनों का वार्षिक संधारण कार्य (उपखंड मगरलोड)	9.85 7400.00 300000.00
25 T0116	कुरूद अनुविभाग के अंतर्गत पेटी बाजार कार्य	5.00 5000.00 300000.00

1. प्रत्येक निविदा प्रपत्र का मूल्य रू. 750.00 1
2. प्रत्येक कार्यो का निविदा की श्रेणी द से अ श्रेणी के लिये है।
3. एनआईटी के T0110, T0111, T0112, T0113, T0114, T0115, T0116, की समयावधि 29/02/2024 तक।
4. दीप EMD के साथ क्लास B C D हेतु अनेक्ज़र 2, 3 में प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
5. निविदा संबंधी शर्त विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है उसका अवलोकन कार्यालयीन समय में संभागीय कार्यालय में देखी जा सकता है।

जी-04967/2 — कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग धमतरी संभाग धमतरी (छ.ग.)

कार्यालय अधीक्षण अभियंता,
लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग (छत्तीसगढ़)
दुर्ग, दिनांक 29.08.2023

(ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना)
(प्रथम आमंत्रण)

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से ऑनलाईन निविदायें प्रपत्र 'अ' में प्रतिशत दर पर दिनांक 13.09.2023 तक आमंत्रित की जाती है :-

निविदा आमंत्रण सू.क्र./ सि.क्र.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (राशि लाख में)
203/146106	अनुविभाग क्र. 2 दुर्ग के अंतर्गत आने वाले विभिन्न आवासीय एवं गैर अवासीय भवनों में समय-समय पर स्वीकृत विशेष मरम्मत, डिपोजिट कार्य, एम.ओ.डब्लू. एवं वार्षिक गरम्मत एवं बी.टी.पेच एवं	44.26
204/146107	अनुविभाग क्र. 3 दुर्ग के अंतर्गत मिलाई-3 सेक्शन के आवासीय एवं गैर अवासीय भवनों में डिस्टेंपरिंग, व्हाई वाशिंग, एवं प्लास्टर रिपेयर का कार्य ।	40.00
205/146108	अनुविभाग क्र. 3 दुर्ग के अंतर्गत आने वाले आवासीय एवं गैर अवासीय भवनों में डिस्टेंपरिंग, व्हाई वाशिंग, एवं प्लास्टर रिपेयर का कार्य ।	80.00
206/146109	अनुविभाग क्र. 3 दुर्ग के अंतर्गत विभिन्न भवनों में समय-समय पर स्वीकृत डिपाजिट कार्य, एस.आर. कार्य ।	186.56
207/146110	अनुविभाग क्र. 1 दुर्ग के आवासीय भवनों में समय समय पर स्वीकृत विशेष मरम्मत, डिपोजिट कार्य, एम.ओ.डब्लू. एवं वार्षिक मरम्मत कार्य ।	150.00
208/146111	अनुविभाग क्र. 2 दुर्ग अंतर्गत विभिन्न मुख्य जिला गागों में डब्लू.बी.एम. एवं बी. टी. पेच रिपेयर कार्य ।	80.00
209/146112	अनुविभाग क्र. 2 दुर्ग अंतर्गत विभिन्न राज्य जिला मार्गो में डब्लू.बी.एम. एवं बी.टी.पेच रिपेयर कार्य ।	80.00
210/146113	अनुविभाग क्र. 3 दुर्ग अंतर्गत विभिन्न मार्गो एवं पुल-पुलिया कार्य में बी. टी. एवं डब्लू.बी. एम. एवं बी. टी.पेच रिपेयर कार्य, डिपाजिट कार्य, एस.आर./ए.आर. एवं अन्य कार्य ।	191.57
211/146116	उपसंभाग डोंगरगढ़ के अंतर्गत विभिन्न मार्गो के पुल-पुलियों का मरम्मत कार्य ।	40.00
212/146119	उपसंभाग पाटन के अंतर्गत आने वाले विभिन्न मार्गो एवं भवनों में विशेष मरम्मत/साधरण मरम्मत/ एम.ओ. डब्ल्यू एवं अन्य रिपेयर कार्य।	197.45
213/146120	मुख्यमंत्री सुगम सडक योजना अंतर्गत वि.ख. दुर्ग के ग्राम मतवरी में आंगनबाडी केन्द्र क्र. 02 से गौठान से बिसत बंजारी के घर ती सी.सी. रोड 460 मी. निर्माण कार्य	20.85
214/146121	जिला मोहला मानपुर- ए. चौकी में BU, CU, VVPAT के भण्डार के लिए गोदाम का निर्माण	64.88

टीप
1. एन.आई.टी.क्र. 203,204,205,206,207,208,209, 210,212 एवं 213 लोक निर्माण विभाग दुर्ग संभाग दुर्ग से संबंधित है, एन.आई.टी. क्र. 211 लोक निर्माण विभाग, खैरागढ संभाग खैरागढ से संबंधित है, एन.आई.टी. क्र. 214 लोक निर्माण विभाग राजनांदगांव संभाग राजनांदगांव से संबंधित है ।
2. उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्तें विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब portal एवं विभागीय वेबसाइट http://eproc.cgstate.gov.in से डाऊनलोड की जा सकती है ।
3. पंजीकृत डाक द्वारा कार्यालय में भेजे जाने वाले लिफाफे के ऊपर एन.आई.टी. क्रमांक एवं कार्य का नाम अनिवार्य रूप से अंकित किया जायें ।

जी- 04974/4 — अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग, दूरभाष- 0788-2210876

कार्यालय कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड कांकेर जिला उत्तर बस्तर कांकेर छ.ग.
-: ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना :-

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत पंजीकृत सक्षम ठेकेदारों से निम्नांकित कार्य हेतु प्रपत्र 'ए' में निविदा आमंत्रित की जाती है।
कार्य का नाम :- कांकेर जिले के निम्नांकित ग्रामों में जल जीवन मिशन अंतर्गत सिंगल विलेज, सोलर से जल प्रदाय योजना निर्माण कार्य।

निविदा क्रमांक/ सिस्टम टेंडर नं.	योजना का नाम	विकासखण्ड	अनुमानित लागत	निविदा क्रमांक/ सिस्टम टेंडर नं.	योजना का नाम	विकासखण्ड	अनुमानित लागत
767/146269	TONDAMARK	KANKER	6.16	781/146316	HITOLBBEDA	KOYLIBEDA	14.31
768/146275	MURAGAON	KANKER	10.10	782/146323	KOMALPUR	KANKER	9.06
769/146277	BUDHIYARMARI	KANKER	5.43	783/146330	MEHDA	KOYLIBEDA	17.89
770/146280	SITAPUR	KOYLIBA	30.27	784/146334	RODE	KANKER	26.48
771/146282	JUGDA	KOYLIBA	22.17	785/146336	MARDEIR	BHANUPRATAPPUR	26.89
772/146285	CHHOTEJHARKAT	KOYLIBEDA	20.58	786/146338	KODHUR	KOTLIBEDA	6.67
773/146288	Tekameta	KOYLIBADA	11.94	787/146349	KHEDEGAON	KOYLIBEDA	7.07
774/146298	BANGOBHODIYA	KOYLIBEDA	16.18	788/146353	SHAHATTA	BHANUPRATAPPUR	31.52
775/146300	GUMDICHUWA	DURGUKONDAL	5.30	789/146354	UTTAMAR	BHANUPRATAPPUR	29.22
776/146302	BHEJAR	DURGUKONDAL	9.35	790/146356	CHILPARAS	BHANUPRATAPPUR	27.13
777/146303	TUMDA	KOYLIBEDA	11.86	791/146418	DEVIPARA	KOYLIBEDA	10.75
778/146307	JHIRAMTARAI SARGIKOT SARGIKOT	KOYLIBEDA	33.27	792/146419	JURHANMEHDA	KOYLIBEDA	8.72
779/146309	PARKOT	KOYLIBEDA	22.34	793/146421	KATAGAON	KOYLIBEDA	16.27
780/146311	MURDOND	KOYLIBEDA	25.64				

निविदा की सामान्य शर्ते एवं विस्तृत तथा अन्य जानकारी वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in परदर्शित है। उपरोक्त सम्पूर्ण निविदाओं की निविदा तिथि 03.09.2023 है तथा उक्त निविदाओं को दिनांक 04.09.2023 से 14.09.2023 तक भरी जा सकती है।

जी-04940/4 — कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड कांकेर

देवनारायण बने दुर्ग निगम के उपनेता प्रतिपक्ष

दुर्ग/नवप्रदेश। जिला भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा ने बताया कि प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अरुण साव एवं प्रदेश महामंत्री (संगठन) पवन साय की सहमति से दुर्गा नगर निगम के उप नेता प्रतिपक्ष के पद पर देवनारायण चंद्राकर की नियुक्ति की गई है। उक्त नियुक्ति पर हर्ष व्यक्त करते हुए जिला भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा ने कहा कि पार्टी ने वरिष्ठता और अनुभव को महत्व देते हुए देवनारायण चंद्राकर जैसे वरिष्ठ पार्षद को उप नेता प्रतिपक्ष के रूप में नगर निगम में अहम जिम्मेदारी दी है। देवनारायण चंद्राकर जैसे संगठन निष्ठ पार्षद को उपनेता प्रतिपक्ष बनाये जाने से निश्चित रूप से नगर निगम में भारतीय जनता पार्टी और भी अधिक प्रखरता से विपक्ष की भूमिका निभाएगी। जिला भाजपा संगठन इसके लिए प्रदेश भाजपा नेतृत्व के प्रति साधुवाद व्यक्त करता है।

आफताब का कांग्रेस ने किया सम्मान

राजनांदगांव/नवप्रदेश। स्थानीय कांग्रेस भवन में नवनियुक्त महासचिव डा. आफ्ताब आलम का कांग्रेस नेताओं ने स्वागत और सम्मान किया। हाल ही में डा. आलम को प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा संयुक्त महासचिव मनोनीत किया गया है। शहर कांग्रेस के अध्यक्ष कुलबीर छाबड़ा के नेतृत्व में कांग्रेस भवन में पूर्व मंत्री धनेश पाटिला, महापौर श्रीमती हेमा देशमुख, श्रीकिशन खंडेलवाल, ब्लॉक अध्यक्ष सूर्यकांत जैन, आसिफ अली, वरिष्ठ कांग्रेस नेता रमेश डाकलिया, अधिवक्ता मल्लू शर्मा, अतुल शर्मा, झम्मन देवांगन, अमित चंद्रवंशी, महिला कांग्रेस अध्यक्ष माया शर्मा, अरशद खान, शैलेष रामटेके आदि ने उनको सम्मानित करते हुए उज्वल भविष्य की कामना की। ज्ञात हो कि पूर्व एआईसीसी सदस्य डा. आफ्ताब आलम के उक्त नियुक्ति से पूरे जिले में कांग्रेसियों के बीच हर्ष का माहौल है।

प्रशिक्षणार्थियों का आगे बढ़ाना ही सार्थकता : गुप्ता

रायपुर/नवप्रदेश। किसी भी प्रशिक्षण की सफलता तभी है जब उस प्रशिक्षण का लाभ लेकर प्रशिक्षणार्थी अपनी समिति को आगे बढ़ाये। प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद यदि प्रशिक्षणार्थी एक कदम भी आगे बढ़ता है तो यही प्रशिक्षण की सार्थकता है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं छग राज्य सहकारी संघ अध्यक्ष झुनमुन गुप्ता ने यह उद्गार राज्य के हाथकरघा बुनकर सहकारी समितियों के तीन दिवसीय नेतृत्व विकास प्रशिक्षण के समापन अवसर पर व्यक्त किया। भारतीय राष्ट्रीय सरकारी संघ के राष्ट्रीय सहकारी शिक्षा केंद्र नई दिल्ली व छग राज्य सहकारी संघ के संयुक्त तत्वावधान में यह प्रशिक्षण 4 से 6 सितम्बर 2023 तक छग राज्य सहकारी संघ के रायपुर चौबे कालोनी स्थित प्रशिक्षण केन्द्र में आयोजित हुआ। इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को ठहरने, भोजन, आने जाने के साथ-साथ अध्ययन सामग्री भी निःशुल्क सुविधा दी गई। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को बिलासा हैंडलूम व छत्तीसगढ़ हाट का अध्ययन भ्रमण भी कराया गया। प्रशिक्षणर्थियों ने अपना अनुभव साझा करते हुए कहा कि यह प्रशिक्षण समिति के उत्थान के लिए उपयोगी साबित होगा उन्होंने आगामी प्रशिक्षण तीन दिवसीय की जगह पांच दिवसीय रखने का अनुरोध किया। इस अवसर पर राज्य सहकारी संघ के अध्यक्ष झुनमुन गुप्ता, मानसेवी सदस्य अश्वनी बबलू त्रिवेंद्र संघ सीईओ विवेक पांडे एवं प्रशिक्षण केंद्र के व्याख्याता गण व स्टाफ उपस्थित रहे।

महाविद्यालय में मनाया गया शिक्षक दिवस

नवागढ़/नवप्रदेश। नगर के सरकारी व निजी संस्थानों में शिक्षक दिवस मनाया गया। प्रमुख शैक्षणिक संस्थान सरस्वती शिशु मंदिर, इंडियन पब्लिक स्कूल, गुरुकुल विद्यालय सुकुल पारा, न्यू गुरुकुल स्कूल, लक्ष्य पब्लिक स्कूल, स्वामी विवेकानंद स्कूल, रॉयल पब्लिक स्कूल, ललित विद्यालय, कन्या शाला, बालक शाला आदि विभिन्न में प्रतियोगिता भी हुई। इसी कड़ी में शासकीय कोदुराम दलित महाविद्यालय नवागढ़ में मंगलवार को छात्र छात्राओं ने शिक्षक दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व प्राचार्य महाविद्यालय नवागढ़ डॉ प्रेमलता मिश्रा रही। छात्र- छात्राओं ने राजकीय गीत उपरांत कविता, भाषण, नारा, सुविचार प्रस्तुत कर समां बांध दिया। मुख्य अतिथि डॉ मिश्रा ने बताया कि मैंने 9 साल इस महाविद्यालय में अपनी सेवा दी है। नवागढ़ क्षेत्र से मेरा काफी लगाव रहा है यहां के बच्चों से विशेष स्नेह रहा है व क्षेत्र वासियों के द्वारा भी बहुत सहयोग मिला है । उन्होंने कहा कि डॉ राधाकृष्णन के जन्म दिवस पर हर साल शिक्षक दिवस 5 सितंबर को मनाया जाता है। यह वार्षिक आयोजन विशेष महत्व रखता है।

शराब पीने को लेकर विवाद : बाप ने की बेटे की हत्या

- **हत्या को छुपाने के फिराक में था आरोपी पिता**
- **पुलिस की तत्परता से आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा रिमांड पर**

डोंगरगांव/नवप्रदेश। 05.सितं. को थाना प्रभारी डोंगरगांव निरी0 उपेन्द्र कुमार शाह को ग्रामीण जन सामान्य से सूचना मिला कि ग्राम धनगांव निवासी युगेश कुमार रावटे ऊर्फ फेंकू, उम्र- 24 साल, की मृत्यु हो गई है प्रभारी द्वारा मामले की गंभीरता को ध्यान में रखते हुये तत्तकाल मर्ग कायम कर जांच में लिया गया, घटना की जानकारी वरिष्ठ अधिकारी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जिला राजनांदगांव अभिषेक मीना, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटले , उप पुलिस अधीक्षक नेहा वर्मा, को कराया एवं वरिष्ठ अधिकारीयों से मार्गदर्शन प्राप्त कर त्वरित कार्यवाही करते हुये मामले में सूक्ष्मता से जांच किया गया । जांच के दौरान पाया गया कि युगेश कुमार रावटे पिता देवसिंग रावटे, उम्र- 24 साल, निवासी धनगांव, थाना डोंगगांव जिला राजनांदगांव, छग की मृत्यु रस्सी से गला घोंट कर किया गया है, संदेहियों से पूछताछ किया गया, पूछताछ व साक्ष्य के आधार पर मृतक की हत्या, मृतक के पिता देवसिग रावटे पिता स्व. बिंझवार रावटे उम्र- 57 साल, के द्वारा किया जाना स्वीकार किया गया है एवं बताया कि मृतक युगेश कुमार रावटे एवं उसके पिता देवसिंग रावटे की मध्य शराब पीने एवं घर के मोटर सायकल, मोबाईल एवं अन्य घरेलू सामान बेचने को लेकर हमेशा लड़ाई झगड़ा होता था 04-.05.09.2023 के दरम्यानी रात्रि करीबन 12.00 बजे मृतक युगेश कुमार रावटे शराब के नशे मे घर आया और अपने पिता को गाली गुफ्तार कर मारपीट करने लगा एवं पास मे रखे रस्सी को अपने पिता के गले मे डालने लगा, तब उसी रस्सी को आरोपी पिता देवसिंग रावटे के द्वारा मृतक युगेश के गले मे डालकर खींचा जिससे युगेश कुमार जमीन पर गिर गया तब देवसिग रावटे युगेश के सिर पर पैर रखकर गले मे फंसे रस्सी को बल पूर्वक कसकर खीचकर हत्या कर दिया । हत्यारे पिता के पास से घटना मे प्रयक्त प्लास्टिक के बोरी व कपड़ा से बने रस्सी को बरामद किया गया है । हत्यारा पिता देवसिंग रावटे के द्वारा अपने ही बेटे के मृत्यु के साक्ष्य छुपाकर सामान्य मृत्यु बताने की कोशिश कर रहा था इस पर थाना डोंगरगावं में अपराध 302,201 भादवि का अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया है । आरोपी को थाना डोंगरगांव पुलिस के द्वारा गिरफ्तार कर ज्युडिशियल रिमांड पर भेजा गया है । उक्त कार्यवाही मे थाना स्टाफ सउनि बेदराम चंद्रवंशी, सउनि ईश्वर प्रसाद यादव, आर0 1158 जामेन्द्र वर्मा, आर0 17 कोमल साहू, 1507 राकेश कुमार साहू, 1433 कौशल सुधाकर का कार्य सराहनीय रहा ।

कांग्रेस की सरकार भ्रष्टाचार को देती हैं संरक्षण : राजेन्द्र शर्मा

बेमेतरा /नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राजेन्द्र शर्मा ने बेमेतरा के कांग्रेस विधायक द्वारा भाजपा कार्यकर्ताओं के ऊपर विधायक कार्यालय घेराव के दरम्यान अश्लील गाली गलौच एवं गुंडागर्दी के आरोप का खण्डन करते हुए कहा कि भाजपा का विधानसभा स्तर पर विधायक कार्यालय का घेराव पूरे प्रदेश में भ्रष्टाचार को लेकर किया जा रहा हैं। बेमेतरा विधानसभा में भी भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्थानीय मुद्दों को लेकर विधायक कार्यालय का घेराव किया था। राजेन्द्र शर्मा ने कहा कि आंदोलन शांतिपूर्ण एवं प्रजातांत्रिक अधिकारों के चलते हुआ था।

हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास

- **सहयोगी को हुई 3 वर्ष की सजा**

भाटापारा/नवप्रदेश। प्रेम प्रसंग के चलते युवती की हत्या करने के मामले में मल्दी निवासी आरोपी अजय वर्मा को मृतका के ऊपर मिट्टी तेल डालकर आग लगाकर हत्या करने के आरोप सिद्ध होने पर अपर सत्र न्यायाधीश भाटापारा शेख अशरफ ने आजीवन कारावास एवं 1000 रुपये आर्थिक दण्ड तथा उसका साथ देने वाले सहआरोपी अमनचंद रौतिया को 03 वर्ष कठोर कारावास व 500/- से दंडित किया गया है।

अपर लोक अभियोजक भाटापारा न्याजी खान ने बताया कि प्रार्थी द्वारा थाना मे उपस्थित होकर यह रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसके बड़े भाई की लड़की का गाँव के ही अजय वर्मा के साथ प्रेम प्रसंग रहा है। दिनांक 16-17/08/2020 की मध्य रात्रि में मृतका का भाई उसके घर आकर बताया कि मृतिका आग से जलते हुए भागते हुए घर आई है, तब वह अन्य लोगों की मदद से उसे बलोदाबाजार ले गए जहाँ से उसे रायपुर अस्पताल रिफर कर दिया गया। अस्पताल मे मृतका ने घर वालों को बताया की अजय वर्मा ने फोन से बातचीत कर मिलने के लिए यादव समाज के भवन में बुलाया था, वहाँ गई तब मेरे साथ झगड़ा कर उसके ऊपर मिट्टी तेल डाल कर आग लगाकर भाग गया। उक्त सूचना पर विवेचक रोशन सिंह राजपूत द्वारा अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में ले कर आरोपी अजय वर्मा को गिरफ्तार कर उनके बताये अनुसार उसके मोबाइल की जप्ती किया तथा उसके साथी अमनचंद रौतिया को भी गिरफ्तार किया गया तथा मृतिका के मोबाइल को जप्त कर पुलिस अधीक्षक के माध्यम से जांच कराया। मृतिका के मृत्यु पूर्व दिये बयान का वीडियो रिकार्डिंग जप्त किया। ईलाज के दौरान युवती की 04-09-2020 को मौत हो गई। गवाहों के कथन लेखबद्ध कर संपूर्ण विवेचना पश्चात अभियोग पत्र न्यायालय मे प्रस्तुत हुआ।

न्यायालय के समक्ष अभियोजन साक्षियों के बयान पूर्ण होने पर अपर लोक अभियोजक न्याजी खान ने आरोपीगण को इस आपराध के लिए कठोर दंड से दंडित किये जाने का निवेदन किया। अपर सत्र न्यायाधीश भाटापारा शेख अशरफ द्वारा प्रकरण की गंभीरता, अभियोजन द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य और गवाहों का परिशीलन करते पर आरोपी द्वारा किया अपराध सिद्ध होना पाया इसलिए आरोपी अजय वर्मा को धारा 302 भा. द. संहिता के तहत आजीवन कारावास एवं 1000 रुपये की सजा तथा धारा 201/34 में 03 वर्ष का कठोर कारावास और 500 रुपये की सजा से दंडित किया है।

तथा आरोपी अमनचंद रौतिया को धारा 201/34 मे 03 वर्ष का कठोर कारावास एवं 500/- अर्थदंड से दंडित किया गया है। शासन की ओर से पैरवी न्यजी खान एवं प्रकरण की विवेचना रोशन सिंह राजपूत व हरीश कुमार साहू द्वारा किया गया है।

मूलभूत सुविधाओं का विस्तार कांग्रेस सरकार में हुआ : छन्नी साहू

- **खुज्जी विधायक ने अंबागढ़ चौकी ब्लॉक में विकास कार्यों का भूमिपूजन-लोकार्पण किया**

राजनांदगांव/नवप्रदेश।। खुज्जी विधानसभा क्षेत्र में विकास की सौगातों को जनता को समर्पित किए जाने का सिलसिला जारी है। विधायक श्रीमती छन्नी चंदू साहू ने मंगलवार को अंबागढ़ चौकी विकासखंड के विभिन्न गांवों में अलग-अलग कार्यों का भूमिपूजन व लोकार्पण किया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि- स्वास्थ्य केंद्र, सड़क जैसी आवश्यक मूलभूत सुविधाओं का विस्तार कांग्रेस सरकार में हुआ है। कई गांवों में भवनों की कमी थी, हमने वहां इसके निर्माण का जिम्मा उठाया। शासन से स्वीकृति हासिल कर लोगों की उम्मीदें को पूरा किया। यह सरकार भरोसे की सरकार इसलिए ही है क्यूंकि वह आपकी अपेक्षाओं पर खरी उतरी है।

स्थानीय जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ नागरिकों और ग्रामीणों की मौजूदगी में निर्माण कार्यो की श्रृंखला का शुभारंभ ग्राम डुमरघुंचा में पांच लाख की लागत से लगने वाले हाई मास्ट लाइट एवं दो लाख सात हजार की लागत से बनने वाले सीसी रोड का भूमिपूजन कर किया गया। इन सौगातों के लिए ग्रामीणों ने कांग्रेस सरकार और विधायक का आभार प्रकट किया। पंचायत प्रतिनिधियों ने कहा कि ग्रामीणों की सुविधाओं के लिए ये एक बड़ी उपलब्धि है। विधायक ने सभी का अभिवादन करते हुए उन्हें निश्चिंत रहने की बात कही। उन्होंने कहा कि-आपकी जरुरतों का पूरा ख्याल है। आप बस अपनी आवश्यकताओं से संबंधित प्रस्ताव बनाए और मुझे दें हम स्वीकृति के लिए हर संभव प्रयास करेंगे।

इसके बाद ग्राम बहोरन भेड़ी पहुंचकर छन्नी साहू ने 6.50 लाख की लागत से निर्मित होने वाले सामुदायिक भवन का भूमिपूजन किया। इसके उपरांत ग्राम थुआडबरी में उन्होंने 6.50 लाख वाले सामुदायिक भवन एवं 27.23 लाख की लागत से बने उप स्वास्थ्य केंद्र का लोकार्पण किया गया।

भूपेश हार की दहशत में पद की गरिमा और व्यवहार न भूलें

छत्तीसगढ़ की बेटी है सांसद सरोज पांडेय : मधु रॉय

नवागढ़/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी की महिला मोर्चा जिला महामंत्री मधु रॉय ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बयान पर पलटवार करते हुए कहा है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल हार की दहशत में अपने पद की गरिमा और व्यवहार भूल गए हैं। अव्वल तो उनमें इस पद को धारण करने की वैचारिक योग्यता का सर्वथा अभाव है लेकिन जनता ने पिछले चुनाव में कांग्रेस को चुना और कांग्रेस नेतृत्व ने अपनी स्वार्थपूर्ति के लिए भूपेश बघेल को मुख्यमंत्री बनाया तो उम्मीद की जा रही थी कि वे पद की गरिमा के अनुकूल आचरण करेंगे। किंतु दुर्भाग्य का विषय है कि वे घटिया राजनीति से उबर नहीं पाए। उनके भीतर का हल्कापन उनके बयानों से प्रकट हो जाता है। भूपेश बघेल ने पहले छत्तीसगढ़ की बेटी भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडेय के विरुद्ध बेहूदा टिप्पणी की। अब उन्होंने छत्तीसगढ़ को विकास की पहचान देने वाले 15 साल के मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के विरुद्ध अपनी स्तरहीन राजनीति का प्रदर्शन किया है।

मधु राय ने कहा कि भूपेश बघेल अमर्यादित बयान देकर अपनी स्थिति को हास्यास्पद बना रहे हैं। हाल ही में भाजपा के वरिष्ठ नेता व केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के भ्रष्टाचारियों को उल्टा लटकाने वाले बयान पर भूपेश बघेल ने पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह और उनके पुत्र के गले के नाप की रस्सी संबंधी बयान देकर यह साबित कर दिया है कि भ्रष्टाचार कौन कर रहा है ? और किसके- किसके गले के नाप की रस्सी लगेगी।

पशुओं को सड़क पर छोड़ने पर होगी कार्रवाई

पिथौरा/नवप्रदेश। झलक, ढांक। राष्ट्रीय राजमार्ग के टोल प्लाजा ने पालतू या आवारा पशुओं को सड़क पर चलाते छोड़ा गया तो टोल प्लाजा की तरफ से कार्यवाही की जाने की बात कही गई है साथ इसे लेकर पम्पलेट पोस्टर लगाये गये हैं। आपकी जानकारी के लिए बता दे कि पिछले साल सैकड़ों और अभी बिते कुछ माह में सौ से उपर गाय सड़क हादसे में अपनी जान गंवा दिया है झलप के पास पिछले माह में एक बस के द्वारा कई संख्या में बैठी गाय को रौंदा गया था जिसके बाद टोल प्लाजा ने यह कदम उठाया है। टोल प्लाजा के अधिकारी बताया कि पालतू या आवारा पशु को सड़क पर छोड़ने से पशु के साथ वाहन चालक की जान का जोखिम बना रहेता है पशु के साथ इंसान की भी जान बचेगी।

प्रथम पेज का शेष

सोनिया को पीएम...

है। उन्होंने लिखा, आपने संसद का 18 सितम्बर से पांच दिन का एक विशेष सत्र बुलाया है। मैं आपको ध्यान दिलाना चाहती हूं कि यह विशेष सत्र अन्य राजनीतिक दलों के साथ किसी भी परामर्श के बिना बुलाया गया है। किसी भी विपक्षी दल को इसके आयोजन के कारण की जानकारी नहीं दी गई है और किसी के पास भी इसको लेकर कोई एजेंड उपलब्ध नहीं है। सरकारी दस्तावेज के जरिए विपक्ष को सत्र को लेकर सिर्फ इतनी जानकारी दी गई है कि 'सरकारी कामकाज' के लिए संसद के पांच दिन का सत्र बुलाया गया है।

शिवनाथ नदी में...

बाद पुलिस ने बाकी शवों की पहचान का प्रयास शुरू किया।

दुर्ग विधायक अरुण वोरा भी मौके पर मौजूद

दुर्घटना की सूचना मिलते ही विधायक अरुण वोरा भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने इस दुर्घटना के लिए पुलिस और प्रशासन को जिम्मेदार बताया है। उनके मुताबिक विधायक निधि से यहां पर सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए डेढ़ करोड़ के बजट की स्वीकृति दी गई। बावजूद इसके अब तक कैमरे नहीं लगाए गए।

सीएम सलाहकार...

अब बेटों को बुलाया है। ईडी दफ्तर में अपने बेटों व बहनोई को छोड़ने के बाद उन्होंने ट्विट कर कहा कि ईडी ने अब मेरे परिवार को बुला लिया है। मैं दोनों बेटों पुनर्वसु, तथागत और बहनोई तुकेंद्र वर्मा को ईडी के दफ्तर छोड़ आया हूं। कल मेरी पत्नी जया को बुलाया गया है। केंद्र सरकार के इशारे पर एजेंसियां चाहे जो कर ले वे सीएम भूपेश बघेल जी और उनकी टीम के हौसले नहीं तोड़ सकती।

भारत जोड़ो यात्रा...

साथ ही पूर्व सेना प्रमुख जनरल (रिटायर्ड) दीपक कपूर, पूर्व नौसेना प्रमुख एडमिरल (रिटायर्ड) एल रामदास, पूर्व आरबीआई गवर्नर रघुराम राजन और पूर्व वित्त सचिव अरविंद जैसे प्रसिद्ध लोगों सहित मशहूर हस्तियों, लेखकों, सैन्य दिग्गज भी शामिल हुए थे। इसके अलावा नेशनल कॉन्फ्रेंस के प्रमुख फारूक अब्दुल्ला, उमर अब्दुल्ला, पीडीपी की महबूबा मुफ्ती, शिवसेना नेता आदित्य ठाकरे, प्रियंका चतुर्वेदी और संजय राउत और एनसीपी की सुप्रिया सुले जैसे विपक्षी नेता भी मार्च के दौरान विभिन्न समय पर गांधी के साथ चले थे। आज 7 सितंबर को इसकी एनिवर्सरी के मौके पर कांग्रेस जिला स्तर पर यात्राएं आयोजित करेगी और सभा के रूप में कार्यक्रम खत्म करेगी।

कार्यालय नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)
जोन क्रमांक 07
मंगलम काम्पलेक्स अग्रसेन चौक रायपुर

क्रमांक 35/जोन क्र. 07/लो.क.वि./2023 रायपुर, दिनांक 06/09/2023

क्रमांक 34/जोन क्र. 07/रायपुर, दिनांक 01.09.2023 को निविदा आमंत्रण सूचना दैनिक समाचार पत्र नवप्रदेश में प्रकाशित दिनांक 06.09.2023 में उल्लेखित कार्यों में से क्रमांक 3 संधारण मद से शहीद मनमोहन सिंह बक्शी वार्ड क्र. 23 अंतर्गत सेंट्रल लाईब्रेरी में पाईप लाईन एवं इलेक्ट्रिफिकेशन का कार्य राशि 4.44 लाख के कार्य को अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया जाता है।

जोन कमिश्नर
जोन क्रमांक 07
नगर पालिक निगम रायपुर

न्यायालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी, रायपुर

नोटिस

क्रमांक/278/ब-121/2022-23/1043 रायपुर, दिनांक 03 अगस्त, 2023

प्रति,

1. **श्री संतोष गुरनानी व. अर्जुन दास गुरनानी** (Borrower)
   फ्लैट नं. ए/103 क्रास रोड, अमलीडीह, जिला-रायपुर
2. **श्री भागचंद गुरनानी व. अर्जुन दास** (Guarantor)
   फ्लैट नं. डी/102 गोल्डन टावर वार्ड क्र. 46, पानी टंकी के पास, अमलीडीह, रायपुर

आवेदक प्राधिकृत अधिकारी **केनरा बैंक, सेजबहार रायपुर** की ओर से **डॉ. अशोक बंसोड़ अधिवक्ता** ने आवेदन पत्र/शपथपत्र मय दस्तावेज प्रस्तुत कर आवेदन पत्र से आपको बैंक ने **13,75,000.00 रूपये** का ऋण दिया गया था, और **संतोष गुरनानी** के स्वामित्व की अचल संपत्ति बैंक के पक्ष में बंधक रखी गयी है । आपके द्वारा ऋण की अदायगी नही की जा रही है। जिसके कारण बैंक ने आपको अधिनियम की धारा 13 के तहत नोटिस जारी किया गया कि आप ऋण की अदायगी मय ब्याज एवं अन्य शुल्क **रूपया 14,36,100.00** अदा करें, अन्यथा बंधक रखी गई संपत्ति बैंक अपने हक में प्राप्त कर लेगी कि जानकारी दी जाकर बैंक के पक्ष में आपके द्वारा लिये गये ऋण के एवज में बंधक रखी संपत्ति का कब्जा दिलाये जाने का निवेदन किया है।

2/ आपने प्राधिकृत अधिकारी **केनरा बैंक, सेजबहार रायपुर से 13,75,000.00 रूपये** का ऋण प्राप्त कर मौजा अमलीडीह, प.ह.नं. 114, वार्ड क्र. 45, रायपुर स्थित ख.नं. 206/2 के भाग पर निर्मित बहुमंजिला ईमारत क्रॉस रोड के ब्लाक-ए के प्रथम तल पर फ्लैट क्र. 103, रकबा- 725 वर्गफुट बैंक के पक्ष में बंधक रखा है।

3/ अतः आपके द्वारा लिये गये ऋण के एवज में उक्त बंधक रखी गई अचल संपत्ति को वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 14 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये क्यों न आधिपत्य में लेने की कार्यवाही की जावे। आप स्वयं अथवा अपने नियुक्त अभिभाषक के माध्यम से ऋण से संबंधित एवं बंधक रखी गई संपत्ति से संबंधित दस्तावेज लेकर पक्ष प्रस्तुत करने हेतु इस न्यायालय में पेशी दिनांक **25.09.2023** को ठीक **3.00** बजे उपस्थित होना सुनिश्चित करें। नियत तिथि में उपस्थित नही होने की दशा में आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जाकर प्रकरण में निर्णय ले लिया जावेगा।

आज दिनांक **03 अगस्त, 2023** को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

सील

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी
रायपुर

नाम परिवर्तन

मैं शपथकर्ता शिवा यदु आत्मज श्री जीतराम यदु, उम्र 36 वर्ष, निवासी ग्राम व पोस्ट-सेलूद, तहसील-पाटन जिला-दुर्ग (छ.ग.) आधार क्रमांक 4895 5320 7303 का हूँ ,मेरे समस्त आवश्यक दस्तावेजों जैसे मेरे आधार कार्ड, पेन कार्ड, राशन कार्ड, मेरे पुत्र गजेन्द्र यदु के समस्त शैक्षणिक एवं आवश्यक दस्तावेजों, मेरी पुत्री नम्रता यदु के समस्त शैक्षणिक एवं आवश्यक दस्तावेजो इत्यादि में मेरा नाम शिवा यदु दर्ज है जो कि मेरा सही एवं वास्तविक नाम है । मेरे समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्रो, मेरे दाखिल-खारिज प्रमाण पत्र इत्यादि में मेरा नाम भूलवश गांधीराम पिता जीतराम दर्ज है जो कि मेरा पुराना नाम हैं जिसे मैनें परिवर्तित कर नया नाम शिवा यदु आत्मज श्री जीतराम यदु, रख लिया हूँ । मैं अपने समस्त आवश्यक दस्तावेजों में अपना सहीं एवं वास्तविक नाम शिवा यदु आत्मज श्री जीतराम दर्ज कराना चाहता हूँ । शिवा यदु आत्मज श्री जीतराम यदु एवं गांधीराम पिता जीतराम ये दोनों ही नाम एक ही व्यक्ति अर्थात मेरे स्वयं का ही नाम है । अतः शपथपत्र उपरोक्त कथन की सत्यता एवं अपना सही एवं वास्तविक नाम शिवा यदु आत्मज श्री जीतराम यदु छत्तीसगढ़ राजपत्र में प्रकाशन करवाने हेतु श्रीमान सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत है।

शपथकर्ता

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

राजस्व प्र. क्र. अ/6 वर्ष 2022-23

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक रामकुमार साहू आ. स्व खेदूराम साहू साकिन. बघेरा द्वारा ग्राम बघेरा प.ह. न. 48 रा.नि.मं. दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नं 242 रकबा 0.049 है जो उसके स्व खेदूराम / शंकर साहू के नाम पर दर्ज है, की फौती दर्ज किये जाने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि को आवेदक के नाम पर नामान्तरण किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 06/09/2023 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 25/08/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

सील

अतिरिक्त तहसीलदारी
दुर्ग

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.क्र.क्र.अ/6 वर्ष 2022-23

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका प्रवीण हाशमी पिता /पति अब्दुल गनी हाशमी निवासी ग्राम गंजपारा दुर्ग तहसील दुर्ग जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम पोटियाकला तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 80/166 का टुकड़ा रकबा1500 वर्गफुट हें भूमि को विक्रेता अंजय सुराना पिता स्व फूलचंद सुराना निवासी ग्राम इंदिरा मार्केट दुर्ग से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक12/01/2022 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदिक भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा सस्था को किसी प्रकार का उजर दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 11/09/2023 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम स इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदक पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 21/08/2023 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मद मुद्रा के साथ जारी किया गया है।

सील

तहसीलदार
जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी ,दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र/56/ अ-20 (3) वर्ष 2022-23

आवेदिका श्रीमती अभिलाषा नायर पति श्रीनी नायर पुत्री स्व राधेश्याम शर्मा निवासी आमदी नगर हुडको भिलाई जिला दुर्ग द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि आमदीनगर हुडको भिलाई स्थित नजूल भूमि खसरा नंबर 1/2,2/2 भूखड़ क्र. एल.आई.जी. 210 रकबा 96 वर्गमीटर भूमि धारक आर.एस.शर्मा आ स्व. बालकेश्वर नि. एल.आई.जी.210 आमदी नगर हुडको भिलाई के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। धारक की मृत्यु दिनांक 06/05/2021 को हो चुकी है। मृतक धारक के वारिसान उनकी पत्नि श्रीमती सरोज ,पुत्री अभिलाषा है, इसके अलावा अन्य वारिसान नहीं है। आवेदिका द्वारा प्रश्नाधीन है भूखण्ड में दर्ज मृतक धारक का नाम विलोपित कर उनके विधिक वारिसानों का नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोका संबंध में जिरा किसी व्यक्ति/संस्था को दावा या आपत्ति हो, तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 14/09/2023 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिस भू-खंड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जाये अथवा करवाया जाये।नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 17.08.2023 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

सील

नजूल जाँच अधिकारी,
दुर्ग

न्यायालय नायब तहसीलदार अण्डा सर्कल दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक डी. आर. देशमुख उर्फ जगेश्वर पिता छेरूराम देशमुख, निवासी कसारीडीह दुर्ग तह व जिला दुर्ग द्वारा आवेदक के नाम से तथा सहखातेदारों के नाम से शामिलता खाता में मौजा ग्राम कुथरेल, पहन 37. रा.नि.म अण्डा तह व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खन 913/2 रकबा 0.3500 है भूमि भूमिस्वामी हक में स्थित है। आवेदक की वर्णित भूमि की राजस्व रिकार्ड में उनका नाम जगेश्वर पिता छेरूराम दर्ज है जो कि उनका उपनाम है। आवेदक के नाम से जारी आधारकार्ड व मतदाता पहचान पत्र व अन्य सभी दस्तावेजों में उनका नाम डी.आर देशमुख दर्ज है जो सही व सत्य है। डी.आर. देशमुख तथा जागेश्वर दोनो ही आवेदक एक ही व्यक्ति का ही नाम है वर्णित भूमि की राजस्व रिकार्ड में आवेदक का उपनाम जागेश्वर दर्ज है जिसे सुधार करते हुए सही नाम डी.आर. देशमुख उर्फ जगेश्वर वर्णित दस्तावेज के अनुसार दर्ज किये जाने हेतु आवेदन श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी (रा) दुर्ग में प्रस्तुत किया गया जो कि जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उज़र या दावा / आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 15/09/2023 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि समाप्त होने पर आपत्ति या दावा पर विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 01/09/2023 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

सील

नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-1, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर
email ID-eocghbzone1@gmail.com

आम सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल कालोनी कबीर नगर रायपुर में निर्मित दीनदयाल आवास योजना के अंतर्गत भवनों में से फ्लैट/भवन क्रमांक एलआईजी-11/130 द्वितीय तल में श्री शिवप्रकाश सिंह पिता श्री जर्नादन सिंह को स्ववित्तीय/एकमुश्त आधार पर आबंटित/ नामांतरित किया गया है। आबंटी द्वारा दिनांक 27.03.2015 को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया।

आबंटी उक्त भवन के विक्रय हेतु दिनांक 23.08.2023 को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर फ्लैट/भवन श्री शमशेर सिंह पिता श्री जिले सिंह के नाम से विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्द्ध शासकीय/ वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/ भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशित की तिथि से 15 दिन के अंदर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01
कबीर नगर, रायपुर

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सरोरा रोड उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे, फोन : 0771-4035602,6262188999, डाक पंजीयन क्रमांक CG/RYP/DN/ 40/2019-2021

शिक्षकों को विधायक नाग ने किया सम्मानित

- शिक्षक खुद कसौटी की आग में तपकर अपने विद्यार्थियों के मार्ग को करते हैं आलोकित
- कोई भी मानदेय शिक्षक के योगदान का मूल्य नहीं हो सकता

अंतागढ़/नवप्रदेश। शिक्षक दिवस हर्षोल्लास के साथ अंतागढ़ विधायक अनूप नाग की उपस्थिति में उनके अंतागढ़ स्तिथ शासकीय कार्यालय में मनाया गया। विधायक अनूप नाग ने कार्यक्रम का शुभारंभ डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित कर किया। इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्तिथ शिक्षकों ने शिक्षक दिवस के अवसर पर अपने विचार प्रस्तुत किए। विधायक अनूप नाग ने सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस की बधाई देते हुए उन्हें डा. राधाकृष्णन के जीवन के महत्वपूर्ण पहलुओं बारे अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में शिक्षक को भगवान के समान माना जाता है। वहीं शिक्षक दिवस गुरु और शिष्य के बीच बने संबंध को जीने का और गुरु के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का त्योहार है। हमें शिक्षक दिवस के दिन ही नहीं अपितु जीवनभर अपने शिक्षकों का सम्मान करना चाहिए। शिक्षक समाज का पथ प्रदर्शक है, समाज के निर्माण में उसकी महत्वपूर्ण भूमिका है। कोई भी मानदेय शिक्षक के योगदान का मूल्य नहीं हो सकता। शिक्षक के अवदान का मूल्यांकन उसके सम्मान से ही संभव है। यह बातें अंतागढ़ में आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह मे विधायक अनूप नाग ने कहीं। इस दौरान विधायक अनूप नाग ने प्राथमिक स्तर से लेकर उच्चतर माध्यमिक स्तर से होकर सेवानिवृत्त शिक्षक व शिक्षिकाओं को शाल, श्रीफल भेंट कर एवं चंदन का टीका लगाकर भारतीय परम्परा के अनुरूप सम्मानित किया गया । इस अवसर पर विधायक ने सभी शिक्षकों को सम्मानित किया। अपने आगे के संबोधन में विधायक ने कहा कि शिक्षक दिवस देश के प्रथम राष्ट्रपति व शिक्षक सर्वपल्ली डा. राधाकृष्णन के जन्मदिवस पर मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि बदलते दौर में शिक्षक और विद्यार्थियों के रिश्तों में बदलाव आ रहा है। हमें जरूरत है कि शिक्षक और विद्यार्थियों के रिश्तों को मधुर बनाएं। विधायक अनूप नाग ने आगे कहा कि डा. राधाकृष्णन की लोकप्रियता के कारण उन्हें देशरत्न भी कहकर पुकारा जाता था। उन्होंने सभी स्टाफ सदस्यों से आह्वान किया कि हमें उनके द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलकर एक आदर्श शिक्षक बनना चाहिए।

युवा पीढ़ी को भविष्य के लिए तैयार करता हैं शिक्षक

विधायक नाग ने शिक्षकों को सम्मानित करते हुए कहा कि ज्ञानवान समाज का निर्माण कर समाज को आगे बढ़ाने में शिक्षकों की महती भूमिका है। शिक्षक समाज की वह पंक्ति है जो अबोध बालको में ज्ञान का संचार कर आगे की पंक्ति के लिए तैयार करता है। गुरु और ईश्वर साथ होने पर ईश्वर ने ज्ञान देने वाले गुरु को पहले प्रणाम करने की सीख दी है, और यही हमारी परंपरा और संस्कृति की पहचान है। शिक्षक खुद कसौटी की आग में तपकर अपने विद्यार्थियों के मार्ग को आलोकित करते हैं। शिक्षक विषम परिस्थितियों में भी स्कूल में विद्यार्थियों के मार्गदर्शन,अध्यापन एवं बाह्य गतिविधियों में निरंतर प्रयासरत रहते हैं।

इनकी रही मौजूदगी

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अखिलेश चंदेल, विधायक प्रतिनिधि टुलू भट्टाचार्य, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष दुर्गेश ठाकुर, रफीक खान, दिलीप सरकार, बीईओ, एबीईओ, बीआरसी समेत स्कूलों के प्रधानाध्यापक समेत शिक्षक गण मौजूद थे ।

उत्कृष्ट कार्य करने वाले सेवानिवृत शिक्षकों को किया सम्मानित

कांकेर/चारामा/नवप्रदेश। बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा चारामा में सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म अवसर पर हमारा राष्ट्र शिक्षक दिवस के रूप में मनाया इस अवसर पर बैंक में ब्लॉक के सेवा निवृत शिक्षकों तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों का सम्मान श्रीफल प्रतीक चिन्ह साल से सम्मानित किया गया माता सरस्वती के वह छत्तीसगढ़ महाकाली के राधा कृष्ण के चित्र पर माल अर्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई वातावरण में बैंक स्टाफ के सहयोग से प्रबंधक मोतीलाल पांडा ने बैंक की उपलब्धियां के बारे में बताते हुए कहा कि आज पूरे प्रदेश में हमारी शाखा सफलता के पहले पायदान पर है यह सब बैंक कर्मचारियों के सहयोग तथा उपभोक्ताओं की विश्वास का ही प्रतिफल है उन्होंने बैंक में मासिक वेतन जमा हुआ खाता आहरण करने पर मिलने वाली सेवा सुविधाओं की भी जानकारी दी स्थानीय मीडिया की उपस्थिति में यहां सम्मान समारोह संपन्न हुआ जिसमें मुख्य रूप से खंड शिक्षा अधिकारी के आर साहू जवाहर सिंह ठाकुर नासिर खान सेवा निवृत शिक्षकों में मरकाम जी जय जैन के अलावा क गंजी कमल सुखदेव विजय राय धर्मेंद्र साहू बोधन साहू सदैव शुक्ल आदि उपस्थित थे।

देवभोग का मीठा खाने वालो हो जाए सतर्क

- देवभोग के पेडा मिला फफूंद युक्त एक्सपायरी तक बिक रहा
- कार्यवाही के बावजूद लोगो के स्वास्थ्य से खिलवाड़ बदस्तूर जारी

कांकेर/नवप्रदेश। मीठा खाने वाले अक्सर मिठाई तो खरीद लेते है लेकिन मिठाई की बनने की तिथि सहित वैधता बिना देखे खरीद कर खा रहे हैं।जबकि फूड सेफ्टी विभाग लगातार आमजनो के स्वास्थ्य लाभ को लेकर समय समय पर एक्सपायरी डेट के सामानों के खिलाफ कार्यवाही कर लोगो को जागरूक करता है।फिर भी कांकेर जिले में एक्सपायरी समान को बेचने वाले बिना तारीख देखे धडल्ले से एक्सपायरी समान बेचकर लोगो के स्वास्थ्य से खिलवाड़ किया जा रहा है।

ऐसा ही एक मामला प्रकाश में आया है

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी दुग्ध महासंघ मर्यादित (देवभोग)के अनेक प्रोडक्ट पूरे राज्य में सप्लाई किया जाता है।

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी दुग्ध महासंघ मर्यादित (देवभोग)के प्रोडक्ट को लोग बेझिझक बिना जांच पड़ताल के इस्तेमाल करते है। 6 सितंबर बुधवार को देवभोग के एजेंसी से पेड़े खरीदे गए थे उक्त युवक ने पेडे खरीदकर घर में जाकर पेडे के पैकेट को खोला तो उक्त युवक ने बताया की पेडे में फफूंद लगा हुआ था। इसके अलावा पेडे के डिब्बे के पीछे 4 सितंबर 2023 अंकित था। उक्त युवक ने अपना नाम नही बताना चाहा लेकिन युवक ने कहा की पेडे एक्सपायरी हो चुका था पेडे में फफूंद लगा हुआ था । इतना ही नहीं पेडे को समय से पहले बेचकर या फिर खाने योग्य पदार्थ की समय सीमा निर्धारित कर बेचा जाना चाहिए।

समझाइश फिर कार्यवाही के बावजूद व्यवस्था जस की तस सवाल?

बता दें की खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा कांकेर जिले में आमजनो के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वालो पर ताबड़तोड़ कार्यवाही किया जाता है यह भी बता दें की शहर में अब भी कई होटलों में मिठाइयों के निर्माण तिथि से लेकर एक्सपायरी तिथि अंकित किया जाता है। लेकिन आज भी इतनी कार्यवाही के बावजूद कुछ लोग बिना तिथि अंकित मिठाई बेच रहे हैं इसके अलावा एक्सपायरी होने के बावजूद खाने पीने के समान बेचकर एक तो लोगो के स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर रहे हैं इसके अलावा खाद्य सुरक्षा अधिनियम की धज्जियां उड़ाते नजर आ रहे हैं। सवाल यह उठता है कि आखिर इन होटलों सहित प्रतिष्ठानों में लोगो के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वालो पर क्या बड़ी कार्यवाही का इंतजार कर रहे हैं?

निर्वाचन में नाम जोड़ने का कार्य यथाशीघ्र पूर्ण करें: नंदनवार

- साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक
- नीट, जेईई, तथा अंग्रेजी के पाठशाला का निरंतर मॉनिटरिंग करें

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। कलेक्टर विनीत नंदनवार की अध्यक्षता में संयुक्त जिला कार्यालय की सभा कक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक संपन्न हुई। कलेक्टर ने निर्वाचन संबंधी सभी कार्य को गंभीरतापूर्वक पूर्ण करने की निर्देश दिए साथ ही नाम जोड़ने का कार्य यथाशीघ्र पूर्ण करने करें। उन्होंने कहा कि किसी भी शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों का नाम मतदाता सूची से छूटे ना। उन्होंने वर्तमान में जिला में चल रहे मतदाता सूची के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण की प्रगति की जानकारी ली और निर्वाचक नामावली को शुद्ध एवं त्रुटिरहित बनाने पर जोर दिया। श्री नंदनवार ने मतदाता सूची का पुनरीक्षण पूरी गंभीरता, सूक्ष्मता और सावधानी से करने को कहा।

बैठक दौरान कलेक्टर विनीत नंदनवार को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए दिशा-निर्देश का शतप्रतिशत पालन करते हुए निर्वाचन व्यय की मॉनिटरिंग के लिए जिले में नशीले पदार्थ, नगदी एवं अन्य सामग्री के परिवहन पर कड़ी निगरानी के निर्देश दिए। उन्होंने आदर्श आचार संहिता के लागू होने का इंतजार न करते हुए ऐसे मामलों में तत्परता से कार्यवाही करने को कहा। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों में व्यवस्था, ईवीएम और वीवीपैट की उपलब्धता व भंडारण तथा मानव संसाधन, वाहन तथा शिकायत निवारण प्रबंधन की समीक्षा की।

कलेक्टर ने ग्रामीणों की सुनी समस्याएं

कलेक्टर विनीत नंदनवार ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनदर्शन के माध्यम से आम नागरिकों की समस्याएं सुनी। जिले के ग्रामीण जन एवं आम नागरिकों द्वारा जनदर्शन में अपनी छोटी या बड़ी समस्याओं को सीधे कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत करते है। कलेक्टर नंदनवार ने आवेदन पर विचार कर संबंधित विभाग प्रमुख को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश समय-सीमा में दिए।

कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को विधानसभा चुनाव के लिए पूरी लगन और कर्तव्यनिष्ठा से कार्य करने कहा। साथ ही मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर मतदान केन्द्रों में पेयजल, फर्नीचर व दिव्यांगजनों के लिए रैम्प आधारभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मॉडल मतदान केन्द्र एवं आदर्श मतदान केन्द्र तथा मतदान करने वाले मतदाता जो मतदान केन्द्र तक नहीं आ सकते, ऐसे मतदाताओं की सूची तैयार करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने गिरदावरी का कार्य होने के साथ ही राजीव गांधी किसान न्याय योजना में किसानों का पंजीयन तेजी से पूरा करें। इसके लिए सभी आरएईओ से प्रतिदिन मंगवाते जाये। जिससे समय-सीमा के भीतर योजना में किसानों के पंजीयन का कार्य पूरा किया जा सके। उन्होंने ने शिक्षा पाठ्यक्रम के तहत नीट, जेईई तथा अंग्रेजी के पाठशाला की सतत मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने सभी विभागों से समय सीमा के लंबित प्रकरणों की क्रमवार गहन समीक्षा की। उन्होंने, स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास विभाग, क्रेडा, लोक निर्माण सहित अन्य विभागों के समय सीमा में लंबित प्रकरणों की बारी-बारी से समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री कुमार बिश्वरंजन, अपर कलेक्टर संजय कन्नौजे, संयुक्त कलेक्टर श्री सुरेंद्र ठाकुर सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

5वीं अनुसूची पेसा लगे क्षेत्रों से आरक्षित सीटों से चुने गए सांसद-विधायकों की अनदेखी: पंत

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष संजय पंत ने प्रेस नोट जारी कर पांचवीं अनुसूची पेसा लगे आरक्षित सीटों से एवं राजनीति पार्टियों के टिकट से चुनाव लड़ने वाले के बारे में आलोचनात्मक टिप्पणी की है।

5वीं अनुसूची पेसा क्षेत्रों में सरकार जानबूझकर विकास नहीं करवाना चाहती ,जितने भी शासन एवं प्रशासनिक लेवल के शासकीय विभाग है ।उन विभागों में 5वी अनुसूची नियम कहता है इस पेसा क्षेत्र में जितने भी शासकीय विभाग है क्वालिफिकेशन के आधार पर चपरासी से लेकर क्लेक्टर तक उच्चस्तरीय छान बिन जाति प्रमाण पत्र के आधार पर मूलनिवासी प्रमाण पत्र द्वारा अधिकारी एवं कर्मचारियों की जिला स्तरीय कार्यलयों में लोकल के आधार पर पदस्त हो ।एवं नये भर्ती प्रक्रिया भी प्रारंभ किया जाये।ऐसा नियम कहता है ।लेकिन सरकार जानबूझकर कर संवैधानिक नियम का पालन न कर ।देश द्रोही का परिचय देने जैसा प्रतीत कर रही है ।

रूक्मणी साहू राज्यपाल शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित

कांकेर/चारामा। शा.पूर्व मा.शाला किलेपार में पदस्थ उच्च श्रेणी शिक्षक श्रीमती रूखमणी साहू को शिक्षक दिवस के अवसर पर राज्यपाल के द्वारा राज्यपाल शिक्षक पुरुस्कार से सम्मानित किया गया।उन्हे राज्यपाल से सम्मानित होने पर विकासखंड का नाम भी रोशन हुआ हैं।उन्हे यह पुरुस्कार उनके द्वारा लगातार शिक्षा के साथ साथ छात्र छात्राओं मैं विभिन्न नई गतिविधियों,सामाजिक गतिविधियों एवम शासन की विभिन्न योजनाओं के सफल संचालन सहित अन्य कार्य के लिए प्रदान किया गया।उनके द्वारा नवाचारी उत्कृष्ट शिक्षक के शिक्षक के रूप में कार्य किया,जिन्होंने अपनी लगन से नामुमकिन को भी मुमकिन करके दिखाया है।

जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र
जिला-दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा (छ.ग.)

आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेसर्स के.डी. इण्डस्ट्रीज प्रो. राम किशुन ध्रुव पिता श्री बल्लार सिंह ध्रुव, निवासी क्वा.नं. Type-II 291 मेन मार्केट किरन्दुल तहसील-बड़े बचेली जिला-दन्तेवाड़ा (छ.ग.) के द्वारा भूखंड क्रमांक 46 खसरा नं. 03 रकबा 3107.50 वर्गमीटर (0.31075 हेक्टेयर) औद्योगिक क्षेत्र टेकनार, जिला-दन्तेवाड़ा में उद्योग स्थापना हेतु 99 वर्ष के लिए पट्टे पर क्रय किया गया है।

इकाई के भूस्वामी राम किशुन ध्रुव का निधन दिनांक 22.06.2023 को होने के कारण उक्त भूखंड को उनकी पत्नी श्री बहुरा बाई ध्रुव, पति स्व. राम किशुन ध्रुव निवासी क्वा. नं. Type-III 291 वार्ड नं. 9 किरन्दुल (न.प.) तहसील-बड़े बचेली जिला-दंतेवाड़ा (छ.ग.) को हस्तांतरित करने हेतु अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः इस संबंध में किसी भी व्यक्ति विशेष फर्म, संस्था, निकाय शासकीय एवं अर्धशासकीय विभाग या अन्य किसी वित्तीय संस्था या राष्ट्रीयकृत बैंक या सहकारी बैंक या अन्य किसी को कोई भी आपत्ति उत्तरदावा हो तो इस सूचना के प्रकाशन के दिनांक से 30 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में अपनी आपत्ति मय दस्तावेजों सहित लिखित में दर्ज करा सकते हैं। उक्त अवधि के उपरांत की गई आपत्ति अमान्य मानी जावेगी।

पता- कार्यालय जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र सीएसआईडीसी प्रशासनिक भवन, औद्योगिक क्षेत्र टेकनार, जिला-दन्तेवाड़ा (छ.ग.)
स्थान- दन्तेवाड़ा
दिनांक- 05.09.2023

महाप्रबंधक
जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र
दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार, दुर्ग 04 (छ.ग.)
ममला क्र. अ-21 2022-23

उद्घोषणा-पत्र

माननीय अनुविभागीय अधिकारी (रा0) दुर्ग के माध्यम से क्रमांक-4375 दुर्ग दिनांक 08.08.2023 के एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि अनुसार आवेदन जांच एवं प्रतिवेदन हेतु प्राप्त है। आवेदिका श्रीमती पुन्नी बाई पति स्व. धनीराम, उम्र 64 वर्ष जाति सतनामी निवासी मकान नं.-153, वार्ड नं.- 09, सिरसाखुर्द जेवरा-सिरसा, तह. व जिला दुर्ग, 2. श्रीमती चमेली बाई पति दयालू राम लहरे, उम्र- 39 वर्ष, जाति सतनामी निवासी वार्ड नं. 02, कोनारी तह. डोंगरगांव जिला राजनांदगांव छ.ग. के द्वारा आवेदन पेश किया है कि मौजा ग्राम सिरसाखुर्द प.ह.न.-06 तह. व जिला दुर्ग में आवेदिका क्रमांक 01 श्रीमती पुन्नी बाई के ससुर स्व. ग्वाल दास कुर्रे को ग्राम सिरसाखुर्द तह. व जिला दुर्ग ख.न.- 384 रकबा 0.87 हे. प्राप्त हुआ था। स्व. ग्वाल दास करे की मृत्यु होने के बाद उक्त भूमि शासन द्वारा भूदान से असिचिंत कृषि भूमि राजस्व अभिलेखों में आवेदिका कमांक 01 के पति धनीराम आ. ग्वाल दास कुर्रे के नाम पर दर्ज हुआ तथा धनीराम की मृत्यु हो जाने के बाद वारिसान हक में उनकी पत्नि एवं पुत्री आवेदिकागण श्रीमती पुन्नी बाई व श्रीमती चमेली बाई के संयुक्त नाम पर दर्ज हुआ है। अतः आवेदिकागण अपने संयुक्त नाम पर दर्ज उक्त भू-दान की भूमि को विकय अनुमति प्रदाय किये जाने बाबत् आवेदन पेश किया गया है। अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था इस संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो पेशी दिनांक 12.9 .23 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति/आपेक्ष पेश कर सकते है। बाद में प्राप्त आपति आवेदन पर कोई विचार नही किया जावेगा ।

आज दिनांक 29.8.23 को मेरे स्वंय के हस्ताक्षर एंव न्यायालय के पद मुद्रा से यह उद्घोषणा पत्र प्रकाशन हेतु जारी किया गया है।

सील | **नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग
मामले की श्रेण- राजस्व
संदर्भ- जिला दुर्ग तहसील दुर्ग प.ह.न. 00049 रिसाली ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्र. क्र. सीजी5106428082023042

ईश्तहार

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00049 के अंतर्गत ग्राम रिसाली के वर्तमान भूमिस्वामी किरण यादव पिता/पति स्व. हेनरीजेम्स पता- प्रगति बिहारन्यूपुरैना नाम. नंबर. 755 वार्ड न.52महावीर नगर रायपुर, ज्योतिसिरिल पिता/पति स्व. हेनरीजेम्सपता-ए तीसरी मंजिल पास ब्लॉक, गुरुद्वारे श्रीनगर, उत्तर पश्चिम दिल्ली, दीपक कुमार पिता/पति स्व. हेनरीजेम्स पता-सेकेंड्ई / 140एईडबलूएस फर्स्ट फ्लोर वैशाली आई 550 के ईसाजिदाबाद यूपी,प्रकाश कुमार पिता/पति स्व. हेनरीजेम्स पता-म.न.न. 16 प्रगतिनगर्र रसाली भिलाई, प्रदीप कुमार पिता/पति स्व. हेनरीजेम्स पता-महिला कालेज के पास भवानीपुर जिरातमोतिहारी कोहिरी पूर्वी चंपारण बिहार 281/12सड़क के द्वारा धारित भूमि खसरा संख्या 617/30 (0.0073) में प्रस्तावित भूमि स्वामी/क्रेता अमृता सिंह पुत्र-शशिकांत सिंह पता-प्लाट न 1 स्ट्रीट न. 5/ए प्रगतिनगरिसली भिलाई नाम पर पंजीयन/ फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 20/09/2023 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदारदुर्ग पर की जावेगी ।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/ आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 29/08/2023 को जारी किया जाता है।

सील | **तहसीलदार**

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 02 (छ.ग.)
रा.प्र.क. 202309103400007,
अ/21 वर्ष 2022-23

उद्घोषणा

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक शंकर धकाते पिता श्री सुंदरलाल धकाते निवासी टुलीफ 316, ब्लाक ए तालपूरी कॉलोनी, रिसाली भिलाई के द्वारा मौज ग्राम सिकोला स्थित भूमि खसरा नंबर 52/6 रकबा 2400 वर्गफीट भूमि को विकय की अनुमति हेतु इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत की है। उक्त आवेदन कलेक्टर महोदय के समक्ष पेश किया है जो अ. वि. अ. दुर्ग के माध्यम से जांच एवं प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा / आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 05.09.2023 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकतें हैं । समयावधि समाप्त होने पर आपत्ति या दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22.09.2023 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

सील | **नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग-1, (छ.ग.)

उद्घोषणा

कोर्ट क्र. 20230810140008
/अ-6/ वर्ष 2022-23

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका क्रेता श्रीमती तरुणिमा श्रीवास्तव पति श्री संदीप श्रीवास्तव के तरफ से आममुख्तयार संदीप श्रीवास्तव पिता स्व. रमेश कुमार श्रीवास्तव पता– गया नगर दुर्ग तह0 व जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा ग्राम धनोरा प.ह.नं. 53 रा.नि. मं. उतई तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 70/3 का शामिल खसरा नंबर 71 / 3 कुल रकबा 2400 वर्गफीट (0.022 हे0) भूमि विक्रेता रूपेन्द्र कुमार पाण्डेय पिता श्री गंगा प्रसाद पाण्डेय, मुकेश प्रसाद पाण्डेय पिता श्री गंगा प्रसाद पाण्डेय जाति ब्राम्हण पता- जोरातराई, राजनांदगांव (छ.ग.) से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 04.08.2023 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को क्रेता के नाम पर प्रामाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवो संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 8/9/23 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 4.9.23 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया ।

सील | **नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय तहसीलदार बालोद जिला बालोद (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202308240700031
अ/21 वर्ष 2022-23

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय कलेक्टर जिला बालोद के पक्ष क्रमांक 317/प्र.कले./2023 बालोद, दिनांक 21.6.2023 अनुसार आवेदिका श्रीमती देवला ध्रुवे पति स्व. दुष्यंत सिंह धुर्वे जाति गोड़ मकान नं. 08 सेल्स कालोनी शंकर नगर रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा ग्राम बालोद प.ह.नं. 780/7 रकबा 0.031 हे. (07 1/2 डिसमिल) भूमि को मकान निर्माण हेतु कर्ज एवं स्वयं के ईलाज हेतु रूपयों की आवश्यकता होने के कारण गैर आदिवासी श्री रोमेश कुमार पिता श्री वेमन लाल जाति कुर्मी निवासी हाउस नं. 03 हुच्चेटोला, मंगचुआ तहसील डौंडीलोहारा जिला बालोद (छ.ग.) के पास विक्रय पंजीयन की अनुमति हेतु कलेक्टर महोदय को प्रस्तुत आवेदन पत्र जांच प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय में प्राप्त हुआ है।

अतः जिस किसी व्यक्ति को उजर दर्शित भूमि को आदिवासी गैर आदिवासी के पास विक्रय किए जाने के संबंध में आपत्ति अथवा अवक्षेप हो तो इस प्रकरण में नियत पेशी दिनांक 08.09.2023 तक अथवा उसके पूर्व अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 17.8.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर द्वारा जारी किया गया।

सील | **तहसीलदार बालोद**

नाम परिवर्तन

मैं सुखमंत किशोर मिश्रा पिता श्री राजेन्द्र प्रसाद मिश्रा, उम्र 43 वर्ष, जाति-ब्राम्हण, निवासी वार्ड नं. 10, शंकर नगर, पश्चिम, दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग (छ0ग0) का हूँ, मेरी पुत्री श्रद्धा मिश्रा के जन्म प्रमाण पत्र दाखिल खारिज पंजी., यू.के. जी. व कक्षा - 1ली एवं 8 वीं के अंकसूची, में पुत्री का नाम श्रद्धा दर्ज है। जबकि कक्षा 2 री से कक्षा 7 वीं तक के अंकसूची एवं आधार कार्ड में मेरी पुत्री का नाम-श्रद्धा मिश्रा दर्ज है। श्रद्धा एवं श्रद्धा मिश्रा उक्त दोनों नाम मेरी पुत्री का ही है। मेरी पुत्री का पूरा नाम - श्रद्धा मिश्रा है। जो सही व सत्य है। मेरी पुत्री का सही नाम श्रद्धा मिश्रा, सभी दस्तावेजों में दर्ज कराने हेतु तथा भविष्य में मेरी पुत्री का नाम श्रद्धा मिश्रा पिता श्री सुखमंत किशोर मिश्रा के नाम से जाने, पहचानने एवं पुकारा जाए, मैं अपनी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र, दाखिल खारिज, यू.के. जी. एवं कक्षा - 1ली, एवं कक्षा-8 वीं के अंकसूची एवं भविष्य में जारी होने वाले समस्त प्रमाण पत्रों में मेरी पुत्री का पूरा नाम श्रद्धा मिश्रा दर्ज/अंकित किये जाने हेतु यह शपथ पत्र श्रीमान् सक्षम प्राधिकारी के समक्ष पेश है।

शपथकर्ता

नाम परिवर्तन

मै शपथकर्ती आर्ची अग्रवाल पिता श्री ओमप्रकाश अग्रवाल, उम्र 19 वर्ष निवासी ज्योति विद्यालय के सामने, चरोदा वार्ड न. 23. भिलाई. जिला दुर्ग (छ0ग0) की हूँ। मेरे संपूर्ण शैक्षणिक प्रमाण पत्रों एवं आधार कार्ड मे मेरा नाम आर्ची अग्रवाल पिता श्री ओमप्रकाश अग्रवाल दर्ज है। किन्तु मेरे जन्म प्रमाण पत्र मे मेरा नाम शीतल अग्रवाल पिता श्री ओमप्रकाश अग्रवाल दर्ज है। मैं अपने जन्म प्रमाण पत्र मे अपना नाम आर्ची अग्रवाल पिता श्री ओमप्रकाश अग्रवाल दर्ज करवाना चाहती हूं जो मेरे संपूर्ण शैक्षणिक प्रमाण पत्रों एवं आधार कार्ड में दर्ज हैं। मेरे जन्म प्रमाण-पत्र एवं भविष्य मे जारी होने वाले समस्त शासकीय / अर्धशासकीय दस्तावेजों में मेरा नाम आर्ची अग्रवाल पिता श्री ओम प्रकाश अग्रवाल के नाम से ही भविष्य में जानी पहचानी, पूकारी जाउं।

शपथकर्ती

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी, दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र 62/ अ-20 (3) वर्ष 2022-23
ई-कोर्ट नंबर 20230710380008

आवेदक अभय देशपांडे आ स्व. डी.बी. देशपांडे निवासी आमदी नगर डुडको भिलाई द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि आमदीनगर हुडको भिलाई स्थित नजूल भूमि खसरा नंबर 1/2,2/2 का दु प्लाट नंबर एम.आई.जी. 1/544 क्षेत्रफल 150वर्गमीटर भूमि धारक डी.बी.देशपांडे आ भास्कर यशवंत देशपांडे के नाम पर उक्त भूखण्ड का 30 वर्षीय पट्टा जारी किया गया है, जिसकी वैधता 31/03/2038 तक है। धारक की मृत्यु दिनांक 13/12/2012 को एवं उनके पत्नि लता देशपांडे की देशपांडे की मृत्यु दिनांक 17/01/2014 को चुकी है। मृतक धारक के वारिसान उनके पुत्र अभय देशपांडे ,आनंद देशपांडे पुत्री है। इसके अतिरिक्त अन्य वारिसान उनके पुत्र अभय देशपांडे ,आनंद देशपांडे पुत्री आशा है। इसके अतिरिक्त अन्य वारिसान नहीं है। आवेदक द्वारा प्रश्नाधीन भूखण्ड से मृतक धारक का नाम विलोपित कर उनके वारिसानों के नाम पर फौती नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोका संबंध में जिरा किसी व्यक्ति/संस्था को दावा या आपत्ति हो, तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 20/09/2023 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिस भू-खंड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जाये अथवा करवाया जाये। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 31/08/2023 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

नजूल जाँच अधिकारी, दुर्ग
सील

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-1, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर
email ID-eocghbzone1@gmail.com

आम सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल कालोनी कबीर नगर रायपुर में निर्मित दीनदयाल आवास योजना के अंतर्गत भवनों में से फ्लैट/भवन क्रमांक एलआईजी-41/483 भू तल में श्री विवेकानंद शर्मा पिता श्री विश्वनाथ मिस्त्री को स्ववित्तीय/ एकमुश्त आधार पर आबंटित/नामांतरित किया गया है। आबंटी द्वारा इदनांक 12.09.2006 को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया।

आबंटी उक्त भवन के विक्रय हेतु दिनांक 25.8.2023 को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर उक्त फ्लैट/भवन श्री रामनरेश साहू पिता श्री लतेल प्रसाद साहू के नाम से विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्द्ध शासकीय/ वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/ भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशित की तिथि से 15 दिन के अंदर स्वतः उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जावेंगी, एवं भवन का नामांतरण आदेश जारी कर दिया जावेगा।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01
कबीर नगर, रायपुर

न्यायालय नायब तहसीलदार, दुर्ग 04 (छ.ग.)
मामला क्र. अ-21/2022-23

// उद्घोषणा पत्र //

माननीय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग के माध्यम से क्रमांक-4375 दुर्ग दिनांक 08-08-2023 के अनुसार आवेदन जांच एवं प्रतिवेदन हेतु प्राप्त है। आवेदिका श्रीमती पुन्नी बाई पति स्व. धनीराम, उम्र 64 वर्ष जाति सतनामी निवासी मकान नं. 153, वार्ड नं- 09. सिरसाखुर्द जेवरा सिरसा, तह. व जिला दुर्ग, 2 श्रीमती चमेली बाई पति दयालू राम लहरे, उम्र 39 वर्ष, जाति सतनामी निवासी वार्ड नं. 02. कोनारी तह. डोंगरगांव जिला राजनांदगांव छ.ग. के द्वारा आवेदन पेश किया है कि मौजा ग्राम सिरसाखुर्द प.ह.न.- 06 तह. व जिला दुर्ग मे आवेदिका क्रमांक 01 श्रीमती पुन्नी बाई के ससुर स्व . ग्वाल दास कुर्रे को ग्राम सिरसाखुर्द तह व जिला दुर्ग में शासन द्वारा भूदान से असिचिंत कृषि भूमि ख.न.- 384 रकबा 0.87 हे 0 प्राप्त हुआ था स्व. ग्वाल दास कुर्रे की मृत्यु होने के बाद उक्त भूमि राजस्व अभिलेखों में आवेदिका कमांक 01 के पति धनीराम आ. ग्वाल दास कुर्रे के नाम पर दर्ज हुआ,तथा धनीराम की मृत्यु हो जाने के बाद वारिसान हक में उनकी पत्नि एवं पुत्री आवेदिकागण श्रीमती पुन्नी बाई व श्रीमती चमेली बाई के संयुक्त नाम पर दर्ज हुआ है। अतः आवेदिकागण अपने संयुक्त नाम पर दर्ज उक्त भू-दान की भूमि को विक्रय अनुमति प्रदाय किये जाने बाबत् आवेदन पेश किया गया है। अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था इस संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो पेशी दिनांक 12-09-23 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति / आपेक्ष पेश कर सकते है। बाद में प्राप्त आपति आवेदन पर कोई विचार नही किया जावेगा। आज दिनांक 29-08-23 को मेरे स्वंय के हस्ताक्षर एंव न्यायालय के पद मुद्रा से यह उद्घोषणा पत्र प्रकाशन हेतु जारी किया गया है।

सील | **नायब तहसीलदार, दुर्ग 04 (छ.ग.)**

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. अ-6/2022-23

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक लोकेश कुमार साहू पिता तिलक राम साहू निवासी ग्राम पंचशीलनगर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 38/11 रकबा 0.002 हे. दुर्ग स्थित भूमि विक्रेता श्रीमती शांति बाई देवांगन पिता/पति गोपाल प्रसाद देवांगन निवासी ग्राम नया पारा दुर्ग से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 07.05.2019 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदिक भूम को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह पेशी दिनांक 20.09.2023 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 04.09.2023 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा के साथ जारी किया गया है।
जारी दिनांक 04.09.2023
सुनवाई दिनांक 20.09.2023

सील | **तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय नायब तहसीलदार, दुर्ग 02 (छ.ग.)

उद्घोषणा

ई. कोर्ट क्र.- 202308101400081
/ अ-6/ वर्ष 2022-23

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक खुशाल भाई आ. करसन भाई निवासी ग्राम करहीडीह के द्वारा ग्राम करहीडीह प.ह.नं. 49 खसरा नंबर 166 रकबा 1.60 हे (पुराना प.ह.नं. 17 खसरा नंबर 41 /5 व 47 रकबा क्रमशः कुल रकबा 1.715 हे.) है । उक्त कृषि भूमि को आवेदक ने दिनांक 18.09.1974 को 0.809 व 0.907 हे. अर्थात रजिस्टर्ड बयनामा कय किया था । जिस पर खरीद दिनांक से आज तक आवेदक काबिज होकर काश्त करते आ रहा हे। बंदोबस्त के दौरान पुराना खसरानंबर 41/5 व 47 को मिलाकर नया खसरा नंबर -166 हो गया है, बंदोबस्त पश्चात सन 1995-96 में खसरा नंबर 41/5 (रकबा 0.809 हे.) व खसरा नंबर 47 (रकबा 0.907) को मिलाकर नया खसरानंबर 166 हो गया तथा दोनों खसरा नंबर का रकबा क्रमशः 0.809 हे. व 0.907 हे. को मिलाकर कुल रकबा 1.715 हे. हो था जिसे बदोबस्त पश्चात कुल रकबा 1.60 हे. कर दिया गया अर्थात 0.11 हे कम कर दिया गया है। आवेदक द्वारा बंदोबस्त त्रुटि सुधार हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 22/09/23 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 04/09/23 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

सील | **नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

पक्षकार का नाम - श्रीमती महेश्वरी मानिकपुरी
आनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202309100400002

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती महेश्वरी मानिकपुरी पति श्री साकेतदास मानिकपुरी निवासी ग्राम घुमका राजनांदगांव द्वारा द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन एवं पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. सं. 1959 की धारा 172/59 (2)(5) तहत् प्रस्तुत किया गया हैं। जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण चिचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
उरला प.ह.न 16 तह.व जिला दुर्ग	192/155	0.0465हे. 5000 वर्गफीट	आवासीय

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा-आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 1.9.2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया ।

मुहर | **अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

पक्षकार का नाम - श्री रवि महोबिया
आनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202309100400006

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री रवि महोबिया आ. श्री रमेश कुमार महोबिया निवासी लुचकी पारा दुर्ग जिला दुर्ग द्वारा द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन एवं पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. सं. 1959 की धारा 172/59 (2)(5) तहत् प्रस्तुत किया गया हैं। जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण चिचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
उरला प.ह.न 16 तह.व जिला दुर्ग	633/65	0.033हे. 3500 वर्गफीट	आवासीय

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा-आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 1.9.2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया ।

मुहर | **अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

पक्षकार का नाम - श्री राजदीप महोबिया
आनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202309100400007

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री राजदीप महोबिया आ. श्री रमेश कुमार महोबिया निवासी लुचकी पारा दुर्ग जिला दुर्ग द्वारा द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन एवं पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. सं. 1959 की धारा 172/59 (2)(5) तहत् प्रस्तुत किया गया हैं। जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण चिचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
उरला प.ह.न 16 तह.व जिला दुर्ग	638/18	0.024हे. 2625 वर्गफीट	आवासीय

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा-आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 1.9.2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया ।

मुहर | **अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग**

नवप्रदेश
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश
छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023

रायपुर पश्चिम विधानसभा सीट में फिर हो सकती है विकास और मूणत की भिड़ंत!

जगदीश पटेल

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर जिले के अंतर्गत कुल 7 विधानसभा सीट आती हैं जिसमें धरसीवां, रायपुर (ग्रामीण), रायपुर सिटी (वेस्ट), रायपुर सिटी (नार्थ), रायपुर सिटी (दक्षिण), आरंग और अभनपुर विधानसभा शामिल है। इनमें से 1 सीट रायपुर दक्षिण भाजपा के पास है, बाकी 6 सीटों पर कांग्रेस का कब्जा है। रायपुर पश्चिम विधानसभा सीट सामान्य वर्ग के लिए आरक्षित है। वर्तमान में यहां कांग्रेस के विकास उपाध्याय विधायक हैं। 2018 में उन्होंने भाजपा के वरिष्ठ नेता राजेश मूणत को हराया था। कांग्रेस दोबारा विकास उपाध्याय को यहां से प्रत्याशी बना सकती है। वहीं राजेश मूणत को लेकर फिलहाल पेशोपेश की स्थिति है। हालांकि दोनों की भिड़ंत होने की संभावना नजर आ रही है। बता दें कि विकास और मूणत के बीच अब तक दो बार भिड़ंत हो चुकी है। विधानसभा चुनाव 2013 के दौरान भी राजेश मूणत और विकास उपाध्याय के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली थी। तब राजेश मूणत ने महज 6000 वोटों से जीत दर्ज की थी। विकास उपाध्याय ने जरूर मूणत को जोरदार टक्कर दी थी, लेकिन वे जीत से चूक गए थे। हार मिलने के बावजूद विकास उपाध्याय ने हार नहीं मानी और लगातार क्षेत्र में सक्रिय रहे विकास उपाध्याय जनता की मांगों को लेकर लगातार आंदोलन करते रहे। यही वजह रही कि विधानसभा चुनाव 2018 में जनता ने विकास उपाध्याय को अपना प्रतिनिधि चुना।



मतदाताओं पर एक नजर

कुल मतदाता	2,48,325
पुरूष मतदाता	1,27,929
महिला मतदाता	1,20,353
थर्ड जेंडर मतदाता	43

रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र की समस्याएं : रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र की समस्याओं की बात की जाए, तो यहां कु छ खास समस्या नहीं है। यहां बिजली, पानी, सड़क, साफ-सफाई की व्यवस्था दुरुस्त रही है। कांग्रेस सरकार में भी यहां लगातार काम होते रहे हैं। हालांकि छुटपुट स्थानीय समस्याएं जैसे सामुदायिक भवन, शौचालय, उद्यान, ओपन जिम सहित अन्य मांग लोग उठाते रहे हैं। क्षेत्र में सड़कों पर साप्ताहिक बाजार लगाए जाते हैं, जिस वजह से कई बार अव्यवस्था देखने को मिलती है।

पिछले तीन चुनाव के परिणाम

2018 विधानसभा चुनाव

विकास उपाध्याय	कांग्रेस	76,359
राजेश मूणत	बीजेपी	64,147

2013 विधानसभा चुनाव

राजेश मूणत	बीजेपी	64611
विकास उपाध्याय	कांग्रेस	58451

2008 विधानसभा चुनाव

राजेश मूणत	बीजेपी	51391
संतोष अग्रवाल	कांग्रेस	36546

स्वास्थ्य कर्मियों की हड़ताल को भाजपा ने दिया समर्थन, कहा- सत्ता मिलने पर मांगें होंगी पूरी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ हेल्थ फेडरेशन के 35,000 डाक्टर्स, नर्से, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक विगत 16 दिनों से तूता स्थित धरना स्थल में अपनी पांच सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलनरत हैं। इसकी वजह से ग्रामीण अंचलों में स्वास्थ्य सेवाएं लगभग ठप पड़ी हुई हैं। इसी बीच शासन की ओर से एस्मा लगाने के बाद निलंबन की कार्रवाई भी शुरू कर दी है। अब तक लगभग 4,084 लोगों को सेवा से निलंबित कर दिया गया है। इसी बीच भाजपा के नेताओं ने धरना स्थल पहुंचकर अपना समर्थन दिया। साथ ही प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने घोषणा कर दी कि सरकार बनने पर सभी कर्मचारियों की मांगें स्वीकृत की जाएगी। इसके अलावा आम आदमी पार्टी ने भी अपना समर्थन दिया है। अध्यक्ष डा. इकबाल हुसैन एवं स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ के अध्यक्ष टार्जन गुप्ता ने संयुक्त बयान में कहा कि छत्तीसगढ़ हेल्थ फेडरेशन अपनी पांच सूत्रीय मांगों के लिए तूता के धरना स्थल में आंदोलनरत है। सरकार हमारी मांगो पर एक्शन न लेते हुए हमारे अधिकारियों, कर्मचारियों पर बर्खास्तगी एवं निलंबन की कार्रवाई कर रही है, जो कि न्याय संगत नहीं है। इस तरह की दमनात्मक कार्रवाई से छत्तीसगढ़ हेल्थ फेडरेशन के डाक्टर, नर्स एवं ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजकों में भारी आक्रोश है।

सारे भ्रष्ट तो कमल फूल के पंखुड़ियों में लटके हुए हैं : धनंजय

रायपुर/नवप्रदेश। पूर्व गृहमंत्री रामविचार नेताम के लटकाने वाले बयान पर पलटवार करते हुए प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि सारे भ्रष्टाचारी घोटालेबाज कमीशनखोर तो भाजपा के फूल के पंखुड़ियों में लटके हुए हैं। पूरा प्रदेश जानता है की रामविचार नेताम जब गृह मंत्री थे तब इंदिरा प्रियदर्शनी बैंक घोटाला के घोटालेबाजो को बचाने के लिए बैंक मैनेजर से करोड़ों रुपए की रिश्वत लिए थे। बैंक मैनेजर ने तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह, बृजमोहन अग्रवाल, अमर अग्रवाल, राजेश मूणत को भी करोड़ो रुपया रिश्वत देना नार्को टेस्ट में स्वीकार किया है। ये सब अमित शाह के साथ मचं मे थे। राम विचार नेताम के परिजनों पर संरक्षित जनजाति राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र कोरवा जनजाति के जमीन को कूटरचना कर हड़पने का आरोप है। रामविचार नेताम 15 साल के रमन शासन काल के एक लाख करोड रुपए के भ्रष्टाचार के सहयोगी रहे हैं। ऐसे में राम विचार नेताम विधायक के प्रत्याशी बनने के बाद लटकाने की बात कह कर जनता का ध्यान भटका नहीं सकते हैं। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि भाजपा नेता लटकाने, तोड़ने और फोड़ने के अलावा कोई बात भी नहीं कर सकते हैं। इन्हें भारत के संविधान पर भरोसा नहीं है और जिन पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हैं उन्हें भाजपा ब्लैकमेलिंग करके अपने दल में शामिल करती है और उसे बचाती है। भाजपा भ्रष्टाचार के खिलाफ नहीं है बल्कि भ्रष्टाचार करने वालों को संरक्षण देती है अमित शाह में लटकाने की क्षमता होती तो भाजपा के आधे नेता आज जेल में होते।

गौ हत्या के आरोपियों को संरक्षण देने वाले कौशिक हादसे में गायों की मौत पर राजनीति कर रहे हैं : सुरेंद्र

रायपुर/नवप्रदेश। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक के बयान पर कड़ी आपत्ति दर्ज करते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि रमन सरकार के दौरान गौ हत्या के महापाप के आरोपियों को संरक्षण देने वाले धरमलाल कौशिक नया रायपुर के नवागांव में हादसे के कारण मारे गए गायों पर राजनीति कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ की जनता भूली नहीं है कि किस प्रकार से रमन राज में आरएसएस और भाजपा नेताओं द्वारा संचालित गौशालयों में गोवंशी पशुधन की निर्मम हत्याएं होती थी। गौ माता के नाम पर मिलने वाले अनुदान से आरएसएस और भाजपा के नेता पलते थे और गौ माताएं मार दी जाती थी। दुर्ग जिले के धमधा के राजपुर की गौशाला में गायें चारे पानी के अभाव में मारी गई थी, दुर्ग के ही दसरंगपुर गौशाला में रमन राज में सैकड़ो गायें मार दी गई। शगुन गौशाला, मयूरी गौशाला और सेठ फूलचंद गौशाला के प्रकरण भी सर्वविदित है, जहां सैकड़ो की संख्या में रमन राज में गायों की हत्या की गई। दुखद हादसे पर घड़ियाली आंसू बहाने वाले भाजपाई और धरमलाल तब मन हुआ करते थे। श्री वर्मा ने कहा है कि केवल चुनावी लाभ के लिए भारतीय जनता पार्टी के नेता राजनीतिक गिद्ध की भूमिका में हैं। नया रायपुर में हादसे में गौवंशी पशुओं की मौत के मामले में सरकार ने तत्काल जांच दल गठित कर कार्रवाई शुरू कर दी है। बीमार गायों के इलाज के लिए वेटरनरी डॉक्टर की कमेटी बनाकर भेजा गया है कोई भी जिम्मेदार बख्शा नहीं जाएगा किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। धरमलाल कौशिक बताएं कि रमन सरकार के दौरान संघियों और भाजपाइयों को अनुदान के नाम पर 1667 करोड़ देने के बावजूद हजारों गायों की हत्या की गई। रमन राज में जब मरी हुई गायों को आरएसएस और भाजपा के गौशाला संचालकों द्वारा मछली के चारे के रूप में उपयोग किया जाता था तब उनकी नैतिकता कहां थी?

छत्तीसगढ़ के 50 फीसदी 'वोटिंग' दिल्ली में बैठे अफसर देखेंगे लाइव

रायपुर/नवप्रदेश। इस बार छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में वोटिंग की पारदर्शिता बनाए रखने के लिए चुनाव आयोग ने नई व्यवस्था ईजाद की है। पहली बार ऐसा होगा जब जिले के आधे से ज्यादा मतदान केंद्रों में क्या हो रहा है? इसका लाइव प्रसारण प्रशासन के कंट्रोल रूम में होगा। अफसर वहां बैठकर एक एक गतिविधियों को देखेंगे। इस लाइव टेलीकास्ट को रायपुर के ही नहीं बल्कि दिल्ली वाले अफसर भी देख सकेंगे। किसी भी तरह की गड़बड़ी या विवाद होने पर तुरंत अफसर पहुंचेंगे। मतदान केंद्रों में लाइव प्रसारण के दौरान नेटवर्क स्ट्रांग रहे और बिना किसी रुकावट काम करे, इसके लिए अफसरों को अभी से जिम्मेदारी दे दी गई है। मतदान केंद्रों में सभी तरह की सुविधाएं उपलब्ध हो इसके लिए कलेक्टोरेट में बैठक ली गई। इसमें खासतौर पर बलौदाबाजार विधानसभा के अफसर भी मौजूद थे।

केंद्र की योजनाओं का सबसे ज्यादा लाभ मुसलमानों को मिल रहा : जमाल सिद्दीकी

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर में विधानसभा चुनाव से पहले आयोजित अल्पसंख्यक सम्मेलन में शामिल होने आए बीजेपी अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी का कहना है कि बीजेपी कभी भी मुस्लिमों के खिलाफ नहीं रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की योजनाओं का सबसे ज्यादा फायदा मुसलमानों को ही मिल रहा है। भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान सिद्दीकी ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा सांप्रदायिक कार्ड खेला है। जबकि पीएम ने भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद और नफरत की राजनीति को खत्म कर दिया है। उनका कहना है कि मोदी विकास की राजनीति कर रहे हैं और इससे मुसलमानों को फायदा हो रहा है। अब ये मुसलमानों को देखना है कि कौन उनका इस्तेमाल कर रहा है और कौन उनके विकास के लिए काम कर रहा है। प्रदेश में मोदी मित्र अभियान का जिम्मा बीजेपी के ही अल्पसंख्यक मोर्चा को दिया गया है। इस अभियान का मकसद ज्यादा से ज्यादा मुसलमानों को भारतीय जनता पार्टी से जोड़ना है। जमाल सिद्दीकी ने बताया कि पहले इस योजना से अल्पसंख्यक वर्ग के बुद्धिजीवियों को जोड़ा जा रहा है ताकी वे केन्द्र सरकार की मंशा को समझ सकें। वहीं प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव में अल्पसंख्यकों को साधने की रणनीति को लेकर उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता लोगों के बीच जाकर मोदी सरकार की उपलब्धियों और जनता को मिलने वाले लाभ के बारे में को बताएंगे, जिसे अपनी योजना बताकर प्रदेश की कांग्रेस सरकार अपना प्रचार कर रही है।

शिक्षिका के साथ गैंगरेप, सरकार का महिला विरोधी चेहरा बेनकाब : रंजना

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश प्रवक्ता और विधायक रंजना साहू ने जशपुर जिले में ऐन शिक्षक दिवस के दिन एक आदिवासी शिक्षिका के साथ हुए गैंग रेप की घटना को लेकर प्रदेश सरकार पर करारा हमला बोला है। रंजना साहू ने जशपुर जिले के दनगरी वाटर फॉल घूमने गई निजी स्कूल की एक शिक्षिका के साथ दो लोगों द्वारा बलात्कार की वारदात को अंजाम दिए जाने का मामला सामने आने पर कहा कि प्रदेश सरकार को अब तो शर्म से गड़ जाना चाहिए कि उसके तमाम दावों की धज्जियां उड़ाते दरिंदे लगातार गैंग रेप करके महिलाओं की अस्मिता को लहूलुहान कर रहे हैं। इससे प्रदेश सरकार के महिला और आदिवासी विरोधी चरित्र बेनकाब हो गया है। श्रीमती साहू ने कहा कि महिला सुरक्षा के मामले में कांग्रेस की प्रदेश सरकार फिसड्डी साबित हुई है और सरकार महिलाओं की सुरक्षा करने में नाकारा साबित है। शिक्षक दिवस के दिन आदिवासी शिक्षिका के साथ दुराचार शर्मसार करता है। सरकार आंखों पर पट्टी बांधकर और कानों में रुई ठूंसकर बैठी है। छत्तीसगढ़ महतारी की बेटियों के साथ रोज ऐसी वारदातें घट रही हैं, जिससे प्रदेश शर्मसार हो रहा है। प्रदेश सरकार की पहली जिम्मेदारी और प्राथमिकता यहां की बेटियां और उनकी सुरक्षा है। चूंकि प्रदेश की भूपेश सरकार प्रदेश की महिलाओं की सुरक्षा करने में नाकारा साबित हुई है, इसलिए उसे सत्ता में एक पल भी बने रहने का अधिकार नहीं रह गया है। पिछले एक पखवाड़े के भीतर राजधानी के देवेंद्रनगर और राजधानी के समीप स्थित मंदिरहसौद के बाद जशपुर से गैंगरेप की इस खबर ने महिलाओं की सुरक्षा के सरकार के दावों को कोरी सियासी लफ्फाजी करार दिया है, जबकि एक दिन पूर्व ही मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने महिलाओं की सुरक्षा के लिए अपनी सरकार की प्रतिबद्धता की बड़ी-बड़ी डींगें हांकी थीं। छत्तीसगढ़ में बढ़ रही गैंगरेप की घटनाओं से कानून-व्यवस्था पर लगातार सवाल खड़े हो रहे हैं। आज प्रदेशभर में महिलाएँ और बच्चियाँ लगातार हैवानियत की शिकार हो रही हैं। इस मामले की गूंज विधानसभा तक में रही लेकिन इसके बाद भी सरकार बहरी बनी बैठी है और पुलिस हाथ-पर-हाथ धरे बैठी है।

पीएम के दौरे पर 'दीपक बैज' का तंज! बोले, 'झूठ' बोलकर जाते हैं मोदी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव की सरगर्मी बढ़ गई है। ऐसे में कांग्रेस और बीजेपी के शीर्ष नेताओं के दौरे अब लगातार होने लगे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 14 सितंबर को रायगढ़ में आ रहे हैं। जिसे लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने पीएम मोदी के दौरे पर तंज कसा है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी जब-जब छत्तसीगढ़ आते हैं झूठ बोलकर जाते हैं। इसके साथ ही दीपक बैज ने भाजपा की परिवर्तन यात्रा पर हमला किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सत्ता चाहिए हैं। उनको छत्तीसगढ़ की जनता की चिंता नहीं है। सत्ता की लालच में छत्तीसगढ़ आ रहे हैं। जनता जानती हैं कांग्रेस की सरकार ने भूपेश बघेल के नेतृत्व में बेहतर काम किये हैं। कितनी भी कोशिश कर ले छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार ही आएगी। वहीं बीजेपी की परिवर्तन यात्रा को लेकर पीसीसी चीफ दीपक बैज ने कहा कि बीजेपी जनता के पास जाने का बहाना खोज रही हैं, किस बात का परिवर्तन और किस बात की यात्रा? बीजेपी सत्ता हासिल करने हर हथकंडा अपना रही है। क्या बीजेपी इस बात से सहमत हैं कि किसानों को 2600 रुपये न मिले। बीजेपी चाहती है क्या कि किसानों का कर्ज माफ न हो? युवाओं को 2500 रुपये न मिले? बीजेपी को खुद को परिवर्तन करने की आवश्यकता हैं। आपस में मतभेद है इसलिए परिवर्तन की बात कर रहे हैं।

क्वीन वेन यूएस ओपन के क्वार्टरफाइनल में पदार्पण करेंगी, अलकराज आए

न्यूयॉर्क। चीनी सनसनी झेंग किनवेन ने ट्यूनीशिया की पांचवीं वरीयता प्राप्त ओन्स जाबेउर को 6-2, 6-4 से सीधे सेटों में हराकर यूएस ओपन क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

रिपोर्ट के अनुसार, यह शीर्ष 10 खिलाड़ी के खिलाफ झेंग की पहली जीत है और वह पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम प्रतियोगिता के अंतिम आठ में पहुंची है।21 वर्षीय झेंग ने अपनी उल्लेखनीय जीत के बाद लुइस आर्मस्ट्रांग स्टेडियम में अपने ऑन-कोर्ट साक्षात्कार के दौरान कहा, फिलहाल, मैं बड़े स्टेडियम में खेलने के लिए बेहद खुश और उत्साहित महसूस कर रही हूं और आज मैंने वास्तव में अ'छा प्रदर्शन किया।जब झेंग से उनके लोकप्रिय उपनाम के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, मुझे क्वीन वेन नाम पसंद है। चलो, यह रानी है। सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए झेंग का सामना बुधवार को आर्यना सबालेंका से होना तय है, जब बेलारूसी दूसरी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने रूसी डारिया कसाटकिना को 6-1, 6-3 से हरा दिया। पुरुष एकल में, दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी स्पेन के कार्लोस अलकराज ने 22 वर्षीय इतालवी माटेओ अर्नाल्डी को सीधे सेटों में 6-3, 6-3, 6-4 से हराया।अल्कराज ने कहा, शुरुआत से आखिरी गेंद तक तीव्रता, मुझे लगता है कि मैंने वास्तव में ठोस मैच खेला, कम गलतियाँ कीं, अपना खेल खेला, हर समय नेट पर जाने की कोशिश की। तो मैं सामान्य तौर पर प्रदर्शन से वास्तव में खुश हूं। तीसरी वरीयता प्राप्त रूस के डेनियल मेदवेदेव ने ऑस्ट्रेलिया के एलेक्स डी मिनौर को 2-6, 6-4, 6-1, 6-2 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। यह मैच दो घंटे और 40 मिनट तक चला, जो पिछले पांच वर्षों में मेदवेदेव की न्यूयॉर्क में चौथी क्वार्टरफाइनल उपस्थिति थी।

दो साल पहले उन्होंने सर्बियाई दिग्गज नोवाक जोकोविच को सीधे सेटों में हराकर अपना पहला और एकमात्र ग्रैंड स्लैम खिताब जीता था। मेदवेदेव ने अपने ऑन-कोर्ट साक्षात्कार के दौरान टिप्पणी की, हालात हमारे द्वारा अब तक खेले गए सबसे क्रूर हालातों में से कुछ थे। एक क्षण ऐसा था जब मुझे लगा कि मैं अंत तक नहीं खेल पाऊंगा, यह बहुत कठिन है। लेकिन मैंने नेट पर देखा और देखा कि वह भी धीमा हो रहा था, इसलिए मैंने सोचा कि ठीक है, मैं यह कर सकता हूं। फिर मैं बेहतर सर्विस करने में कामयाब रहा और इससे मैच बदल गया। मेदवेदेव के हमवतन और आठवीं वरीयता प्राप्त आंद्रे रुबलेव भी आगे बढ़े, उन्होंने ब्रिटेन जैक ड्रेपर को 6-3, 3-6, 6-3, 6-4 से हराया।

मित्सिन ने बुल्गारिया को पहला विश्व जूनियर तैराकी स्वर्ण दिलाया

जेरूसलम। जूनियर विश्व रिकॉर्ड धारक पेटार मित्सिन ने इजरायल के तटीय शहर नेतन्या में आयोजित विश्व एक्वेटिक्स जूनियर तैराकी चैंपियनशिप के उद्घाटन दिन 400 मीटर फ्रीस्टाइल दौड़ में स्वर्ण पदक जीता।

मित्सिन ने तीन मिनट 46.49 सेकंड का समय निकाला, जो कि इतालवी एलेसेंड्रो रागैनी से सिर्फ 17 सौवां आगे था, जिसने बुल्गारिया के लिए पहला विश्व जूनियर तैराकी खिताब हासिल किया। रिपोर्ट के अनुसार, इटली के फिलिपो बर्टोनी ने कांस्य पदक जीता।

मित्सिन ने कहा, यह एक कठिन दौड़ थी और मैंने जो समय बिताया उससे मैं खुश हूं। मुझे अपने देश का प्रतिनिधित्व करने पर वास्तव में गर्व है।

संयुक्त रा'य अमेरिका की लिआ हेस, 2022 विश्व सीनियर 200 मीटर व्यक्तिगत मेडले कांस्य पदक विजेता, ने अनुमानतः 400 मीटर मेडले में नेतन्या में स्वर्ण पदक जीता, और 4:36.84 का जूनियर विश्व चैंपियनशिप रिकॉर्ड बनाया। कनाडा की एला जेन्सन और जूली ब्रौसेऊ ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीता।

अमेरिकी लड़कों की रिले टीम, जिसमें डेनियल डाइहल, मैक्सिमस विलियमसन, हडसन विलियम्स और जेसन झाओ शामिल हैं, ने 43100 मीटर फ्रीस्टाइल रिले में 3ः15.49 का जूनियर विश्व रिकॉर्ड स्थापित किया, जो ऑस्ट्रेलिया और कनाडा से आगे रहा।

इसके बाद अमेरिकी लड़कियों ने 43200 मीटर फ्रीस्टाइल में भी स्वर्ण पदक हासिल किया। ऑस्ट्रेलिया और कनाडा के खिलाफ नाटकीय लड़ाई के बाद, एडिसन साउथी, लिआ हेस, लिन्से बोबेन और मैडी मिटेंको ने 7ः52.48 का समय निकाला।

पुरुष यूरोवॉली 2023 में रोमानिया फ्रांस को हराकर अंतिम 16 में पहुंचा

जेरूसलम। रोमानिया ने ओलंपिक चैंपियन फ्रांस को 3-1 से हराकर 2023 पुरुष यूरोपीय वॉलीबॉल चैंपियनशिप (यूरोवॉली) के राउंड 16 में जगह पक्की कर ली। हालांकि फ्रांस ने पहले ही अंतिम 16 में अपना स्थान सुरक्षित कर लिया था और प्रमुख खिलाड़ियों को आराम दिया था, फिर भी परिणाम को सनसनीखेज माना जा रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, इस जीत ने इज़राइल के तेल अवीव में आयोजित छह-टीम ग्रुप डी में अपने पांच मैच पूरे करने के बाद रोमानिया को तीन जीत दिलाई। रोमानिया ने पहला सेट 25-23 से जीता लेकिन फ्रांस ने वापसी करते हुए अगला सेट 25-16 से जीत लिया। इसके बाद रोमानिया के बाहरी स्पाइकर, एड्रियन एसिओबैनिटेई ने आक्रमण पर अपना दबदबा बनाया, खासकर चौथे सेट में, और अपनी टीम को 25-18 और 25-21 से जीत दिलाई। एसिओबानिटेई ने 20 अंकों का योगदान दिया, टीम के साथी अलेक्जेंड्रू राटा ने 12 अंक जोड़े। रॉबर्ट कैलिन 11 अंकों के साथ समाप्त हुए, जिसमें पांच ब्लॉक अंक शामिल थे। स्टीफन बोयर 19 अंकों के साथ फ्रांस के शीर्ष स्कोरर थे। बाद में उस शाम, पुर्तगाल ने भी तुर्किये पर 3-2 (26-24, 21-25, 15-25, 28-26, 15-13) की रोमांचक जीत के बाद राउंड 16 में स्थान हासिल कर लिया। मैच का फैसला पांचवें सेट में एलेक्जेंडर फेरा के विजयी स्पाइक से हुआ। फेरा ने टीम के लिए सर्वाधिक 24 अंक जुटाए, जबकि लौरेंको मार्टिंस ने 23 अंक जोड़े। यिगित गुलमेजोग्लू के प्रभावशाली गेम-उ'च 33 अंकों के बावजूद, जिसमें पांच इक्के शामिल थे, यह तुर्किये के लिए पर्याप्त नहीं था। ग्रुप डी में अंतिम दो मैच शुक्रवार को होने हैं। इज़राइल का सामना तुर्किये से होगा, जिसमें विजेता अंतिम 16 में पहुंचेगा।

ब्राजील में गेब्रियल जीसस की एंट्री

रियो डी जनेरियो। गेब्रियल जीसस को दक्षिण अमेरिकी देश के फुटबॉल महासंघ बोलीविया और पेरू के खिलाफ विश्व कप क्वालीफायर के लिए ब्राजील की टीम में शामिल किया गया है। आर्सेनल फॉरवर्ड ने मैनचेस्टर यूनाइटेड के विंगर एंटनी की जगह ली है। जिन्हें उनकी एक्स गर्लफ्रेंड द्वारा दुर्व्यवहार के आरोप के बाद टीम से हटा दिया गया था। इंग्लिश प्रीमियर लीग में मैनचेस्टर यूनाइटेड पर आर्सेनल की 3-1 की घरेलू जीत में घुटने की चोट से वापसी करते हुए जीसस ने शानदार प्रदर्शन किया। 26 वर्षीय खिलाड़ी ने पिछले साल कतर में हुए विश्व कप के बाद से ब्राजील के लिए नहीं खेला है। एक बयान में ब्राज़ीलियाई महासंघ ने कहा कि एंटनी को बाहर करने का निर्णय उन आरोपों के बीच आया है जिनकी जांच की आवश्यकता है। 23 वर्षीय ने सोशल मीडिया पर एक मैसेज पोस्ट किया जिसमें उन्होंने इन आरोपों को झूठा बताया और अपनी बेगुनाही साबित करने की कसम खाई। ब्राजील शुक्रवार को बेलेम में बोलीविया से और 12 सितंबर को लीमा में पेरू से भिड़ेगा।

भारत-पाकिस्तान फिर होंगे आमने-सामने

नई दिल्ली। पाकिस्तान के बाद भारत भी नेपाल को 10 विकेट से हराकर शान से सुपर-4 में पहुंचा। रोहित शर्मा और शुभमन गिल की सलामी जोड़ी ने कैंडी में हुए बारिश से बाधित मैच में 145 रन के लक्ष्य को बिना विकेट गंवाए 17 गेंद रहते ही हासिल कर लिया। दोनों भारतीय ओपनर ने अर्धशतक ठोके। मंगलवार को एशिया कप में ग्रुप-स्टेज का आखिरी मुकाबला होगा और बुधवार से सुपर-4 राउंड शुरू होगा। भारत और पाकिस्तान की टीमें सुपर-4 में पहुंच चुकी हैं। बाकी दो टीम का फैसला मंगलवार को अफगानिस्तान और श्रीलंका के बीच मैच से हो जाएगा।

इससे पहले, एशिया कप में 2 सितंबर को भारत और पाकिस्तान का मुकाबला बारिश के कारण पूरा नहीं हो पाया था और इसे रद्द करना पड़ा था। दोनों ही देशों के फैंस के रोमांचक क्रिकेट देखने के अरमानों पर पानी फिर गया था। खैर, अब फैंस के लिए अ'छी खबर है। भारत और पाकिस्तान के बीच एशिया कप के सुपर-4 राउंड में 10 सितंबर को टक्कर होगी। दोनों देशों के बीच पहला मैच कैंडी में खेला गया था, जो बारिश के कारण पूरा नहीं हो पाया था। सिर्फ भारतीय टीम बल्लेबाजी कर पाई थी और पाकिस्तान की पारी में एक भी गेंद नहीं फेंकी जा सकी थी। अब दोनों टीमें सुपर-4 राउंड में 10 सितंबर को भिड़ेंगी। इस मुकाबले का वेन्यू कोलंबो है लेकिन, वहां भारी बारिश की वजह से बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। ऐसे में इस मैच को हम्बनटोटा में शिफ्ट किया जा सकता है। सिर्फ इसी मुकाबले को ही नहीं, कोलंबो में सुपर-4 राउंड के 4 और मुकाबले होने हैं, उन्हें भी हम्बनटोटा शिफ्ट किया जा सकता है। श्रीलंका के दक्षिणी हिस्से में बसे इस शहर में सितंबर के महीने में बारिश कम होती है। एशिया कप 2023 में सुपर-4 राउंड के मैच 6 सितंबर से शुरू होंगे। पहला मैच ग्रुप-ए में पहले स्थान पर रहने वाली टीम पाकिस्तान और ग्रुप-बी में दूसरे नंबर की टीम के बीच होगा। इसके बाद 9 सितंबर को ग्रुप-बी की शीर्ष दो टीमों के बीच सुपर-4 राउंड का दूसरा मैच होगा। 10 सितंबर को ग्रुप-ए की दो टीमें भारत और पाकिस्तान की टक्कर होगी।

बिजनेस

सोना हुआ सस्ता, चांदी 75 हजार से नीचे

नईदिल्ली। सोने-चांदी की वायदा कीमतों में आज नरमी देखी जा रही है। आज दोनों के वायदा भाव गिरावट के साथ खुले, जबकि सोमवार को भाव तेजी के साथ खुले थे। सोने के वायदा भाव अब 59,500 रुपये और चांदी के वायदा भाव 75,000 रुपये से नीचे आ गए हैं। अंतराष्ट्रीय बाजार में भी सोने-चांदी के वायदा भाव में नरमी देखी जा रही है।

मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर चांदी का बेंचमार्क दिसंबर कॉन्ट्रैक्ट आज 166 रुपये की गिरावट के साथ 74,355 रुपये के भाव पर खुला। खबर लिखे जाने के समय यह कॉन्ट्रैक्ट 268 रुपये की गिरावट के साथ 74,253 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 74,355 रुपये के भाव पर दिन का उ'च और 74,157 रुपये प्रति किलो के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। मई महीने में चांदी के वायदा भाव 78 हजार रुपये किलो को पार कर सर्वो'च स्तर पर पहुंच गए थे। सोने के वायदा भाव की शुरुआत भी नरमी के साथ हुई। एमसीएक्स पर सोने का बेंचमार्क अक्टूबर कॉन्ट्रैक्ट 46 रुपये की गिरावट के साथ 59,347 रुपये के भाव पर खुला। खबर लिखे जाने के समय यह कॉन्ट्रैक्ट 20 रुपये की गिरावट के साथ 59,373 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 59,385 रुपये के भाव पर दिन का उ'च स्तर और 59,336 रुपये के भाव पर निचला स्तर छू लिया। मई महीने में सोने के वायदा भाव ने 61,845 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर सर्वो'च स्तर छू लिया था। अंतराष्ट्रीय बाजार में सोने-चांदी के वायदा भाव की शुरुआत गिरावट के साथ हुई। कॉमेक्स पर सोना 1966.70 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला क्लोजिंग प्राइस 1967.10 डॉलर था। खबर लिखे जाने के समय यह 4.30 डॉलर की गिरावट के साथ 1962.80 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 24.56 डॉलर के भाव पर खुले, पिछला क्लोजिंग प्राइस 24.56 डॉलर था। खबर लिखे जाने के समय यह 0.33 डॉलर की गिरावट के साथ 24.23 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रही थी।

शेयर बाजार में तेजी, मिडकैप की उछाल से निफ्टी 19560 के ऊपर

मुंबई। भारतीय शेयर बाजार की शुरुआत ज्यादा बड़ी तेजी के साथ नहीं हुई है और बैंक निफ्टी ओपनिंग के पहले मिनट में ही लाल निशान में फिसल गया था. हालांकि इसमें उतार-चढ़ाव देखा जा रहा है और ये 44500 के ऊपर बरकरार रहने की भरपूर कोशिश कर रहा है. सेंसेक्स और निफ्टी ऊपरी दायरे में कारोबार कर रहे हैं. आज के कारोबार में बीएसई का सेंसेक्स 43.46 अंक चढ़कर 65671 के लेवल पर खुला है और एनएसई का निफ्टी 35.85 अंक या 0.18 फीसदी की बढ़त के साथ 19564 के लेवल पर खुलने में कामयाब रहा है. सेंसेक्स के 30 में से 17 शेयरों में उछाल के साथ कारोबार देखा जा रहा है और इसके 13 शेयरों में गिरावट के साथ कारोबार देखा जा रहा है. इसके अलावा निफ्टी के 50 में से 33 शेयरों में बढ़त देखी जा रही है और 13 शेयरों में गिरावट के साथ कारोबार चल रहा है.

मेटल को छोड़कर निफ्टी के सभी सेक्टोरल इंडेक्स में अ'छा उछाल देखा जा रहा है और सबसे 'यादा 2.01 फीसदी की उछाल मीडिया शेयरों में है. रियल्टी शेयर 1.53 फीसदी चढ़कर कारोबार कर रहे हैं और पीएसयू बैंक इंडेक्स 1.44 फीसदी ऊपर बने हुए हैं. ऑयल एंड गैस शेयर 1.19 फीसदी चढ़े हैं और हेल्थकेयर इंडेक्स में 1.11 फीसदी की मजबूती के साथ कारोबार देखा जा रहा है.

सन फार्मा 1.32 फीसदी, टाइटन 1.30 फीसदी, आईटीसी 0.90 फीसदी, एचयूएल 0.87 फीसदी और एलएंडटी 0.85 फीसदी की उछाल के साथ कारोबार कर रहे हैं और टॉप गेनर्स में शामिल हैं.

जेएसडब्ल्यू स्टील 0.72 फीसदी, टाटा स्टील 0.57 फीसदी, भारती एयरटेल 0.55 फीसदी, अल्ट्राटेक सीमेंट 0.47 फीसदी और एचडीएफसी बैंक 0.23 फीसदी की गिरावट के साथ कारोबार करते हुए टॉप लूजर्स में बने हुए हैं।

सर्विस सेक्टर की रफ्तार नरम, पीएमआई गिरकर 60.1 पर आया

नईदिल्ली। भारत के सेवा क्षेत्र की गतिविधियों में अगस्त में नरमी आई, जबकि नए आर्डर मिलने से वृद्धि दर ऊंच बनी हुई है। एक मासिक सर्वेक्षण में मंगलवार को यह जानकारी दी गई है।

सेवा कंपनियों ने नए निर्यात कारोबार में सबसे अधिक वृद्धि का संकेत दिया है, जिसने कंपनियों अपने कार्यबल के साथ-साथ उत्पादन का विस्तार करने के लिए प्रेरित हुई हैं। मौसमी रूप से समायोजित एसएंडपी ग्लोबल भारत सेवा पीएमआई कारोबारी गतिविधि सूचकांक जुलाई के 62.3 से गिरकर अगस्त में 60.1 पर पहुंच गया। पीएमआई सूचकांक लगातार 25वें महीने 50 से ऊपर बना हुआ है। खरीद प्रबंधक सूचकांक की भाषा में 50 से ऊपर अंक का मतलब गतिविधियों में विस्तार से और 50 से कम अंक का आशय संकुचन से होता है। एसएंडपी ग्लोबल मार्केट इंटेलिजेंस में अर्थशास्त्र की एसोसिएट निदेशक पॉलियाना डी लीमा ने कहा, भारतीय सेवा कंपनियों ने अगस्त में एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की, क्योंकि उन्होंने नए निर्यात कारोबार में श्रृंखलाबद्ध रिकॉर्ड वृद्धि दर्ज की है। एशिया प्रशांत, यूरोप, उत्तरी अमेरिका और पश्चिम एशिया सहित कई क्षेत्रों ने इसमें तेजी में योगदान दिया। लीमा ने कहा कि अंतराष्ट्रीय मांग में इस बढ़ोतरी ने पिछले 13 वर्षों में दर्ज किए गए सबसे अ'छे बिक्री प्रदर्शनों में से एक का समर्थन किया और कंपनियों को कार्यबल के साथ-साथ उत्पादन विस्तार करने के प्रेरित किया है।

पेटीएम ने अगस्त में 5,517 करोड़ का लोन दिया, ऑफलाइन भुगतान के लिए 87 लाख यंत्र किए तैनात

नईदिल्ली। फिनटेक कंपनी पेटीएम ने मंगलवार को कहा कि इस साल जुलाई और अगस्त में 66.7 करोड़ डॉलर (5,517 करोड़ रुपये) का ऋण वितरित किया और ऑफलाइन भुगतान के लिए 87 लाख यंत्र तैनात किए। विजय शेखर शर्मा नीत फिनटेक मंच ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि इस साल जुलाई और अगस्त में औसतन 9.4 करोड़ उपयोगकर्ताओं ने पेटीएम के माध्यम से मासिक लेनदेन किया, जो पिछले साल की समान अवधि की तुलना में करीब 20 प्रतिशत अधिक है। कंपनी ने अगस्त की अपनी परिचालन प्रदर्शन रिपोर्ट में कहा, हमारा ऋण वितरण व्यवसाय (हमारे ऋणदाता भागीदारों के साथ साझेदारी में) 10,710 करोड़ रुपये (1.3 अरब अमेरिकी डॉलर, 137 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि) और 88 लाख ऋण (47 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि) के वितरण के साथ लगातार बढ़ रहा है। यह भुगतान जुलाई और अगस्त 2023 में पेटीएम मंच के माध्यम से किया गया। पेटीएम के अनुसार, भुगतान के लिए 87 लाख यंत्र तैनात किए गए, जिसमें सालाना आधार पर 42 लाख की वृद्धि हुई है।

आदित्य एल1 ने सफलतापूर्वक बदली दूसरी कक्षा, इसरो ने जारी किया अपडेट

बेंगलुरु। भारत के पहले सूर्य मिशन आदित्य एल1 उपग्रह ने पृथ्वी की कक्षा बदलने का दूसरा चरण पूरा कर लिया है। इसरो ने सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि बेंगलुरु स्थित इस्ट्रैक सेंटर से आदित्य एल1 के पृथ्वी की कक्षा बदलने का दूसरा चरण सफलतापूर्वक किया गया। इस ऑपरेशन के दौरान मॉरीशस, बेंगलुरु और पोर्ट ब्लेयर में इस्ट्रैक/इसरो के ग्राउंड स्टेशनों ने उपग्रह को ट्रैक किया। इसरो ने आगे बताया कि अब आदित्य एल1 (47 नई कक्षा 282 किमी 3 40225 किमी है। तीसरी कक्षा बदलने का अगला अभ्यास (ईबीएन3) 10 सितंबर 2023 को लगभग 02.30 बजे किया जाएगा।

इससे पहले 3 सितंबर को आदित्य एल1 ने सफलतापूर्वक कक्षा बदल थी और उसे पृथ्वी की कक्षा में स्थापित किया गया था। इसरो ने रविवार को सुबह करीब 11.45 बजे आदित्य एल-1 की पहली अर्थ बाउंड फायरिंग की थी, जिसकी मदद से आदित्य एल1 ने कक्षा बदली। इसरो ने शनिवार को पीएसएलवी सी57 लॉन्च व्हीकल से आदित्य एल1 को सफलतापूर्वक लॉन्च किया। यह लॉन्चिंग आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा के सतीश धवन स्पेस सेंटर से हुई। यह मिशन भी चंद्रयान-3 की तरह पहले पृथ्वी की परिक्रमा करेगा और फिर यह तेजी से सूरज की दिशा में उड़ान भरेगा। इसरो ने बताया कि आदित्य एल1 ने अपनी कक्षा बदलकर अगली कक्षा में प्रवेश किया। आदित्य एल1 पृथ्वी की कक्षा में 16 दिन बिताएगा। इस दौरान पांच बार इसकी कक्षा बदलने के लिए अर्थ बाउंड फायरिंग की जाएगी।

110 दिन की यात्रा के बाद आदित्य एल1 लैग्रेंजियन-1 पॉइंट पर पहुंचेगा। लैग्रेंजियन-1 पॉइंट पहुंचने के बाद आदित्य एल1 में एक और मैनुवर किया जाएगा, जिसकी मदद से आदित्य एल1 को एल1 पॉइंट के हेलो ऑर्बिट में स्थापित किया जाएगा। यहीं से आदित्य एल1 सूरज की स्टडी करेगा। यह लैग्रेंजियन पॉइंट सूरज की दिशा में पृथ्वी से 15 लाख किलोमीटर दूर है। आदित्य एल1 के साथ सात पेलोड भेजे गए हैं, जो सूरज का विस्तृत अध्ययन करेंगे। इनमें से चार पेलोड सूरज की रोशनी का अध्ययन करेंगे। वहीं बाकी तीन सूरज के प्लाज्मा और चुंबकीय क्षेत्र का अध्ययन करेंगे।

आठे कन्हैया तिहार
श्री कृष्ण जन्माष्टमी
के गाड़ा-गाड़ा बधाई
पारंपरिक व जीवन उपयोगी वृक्षों से
पर्यावरण संरक्षण
श्री कृष्ण कुंज
छत्तीसगढ़ कृष्ण कुंज
169 नगरीय निकायों में
224 एकड़ भूमि पर विकसित
60 हजार वृक्ष रोपित
श्री कृष्ण कुंज में
फूल रहे, नीम, इमली, शहतूत, तेंदू, कैथा, अनार
बेर, आंवला, जामुन, चिरौंजी, चन्दन ले रहे आकार
बरगद, पीपल, कदंब पर घोंसला बनाने चिड़ियां हैं तैयार
श्री भूपेश बघेल
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
samvad-38372
Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in